11 सितंबर, 2025
आश्विन, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 322

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

दुर्गा सोरेन अलग झारखंड राज्य आंदोलन के मजबूत स्तंभ थे : हेमंत




पढ़ें पेज 03
सीएम हेमंत आज 19 लोगों को देंगे नियुक्ति पत्र



पढ़ें पेज 03
प्रदेशभर में भाजपा का प्रदर्शन आज



पढ़ें पेज 12
नेपाल में सेना ने संभाला मोर्चा, स्थिति शांत



# आइएसआइएस आतंकी अजहर दानिश को रांची में दबोचा गया

- डेढ़ साल से इस्लाम नगर के तबरक लॉज में रह रहा था अजहर दानिश
- कमरे से हथियार, केमिकल, नक्शे और आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद
- दिल्ली पुलिस और एटीएस की संयुक्त छापामारी में दबोचा गया आतंकी





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजधानी में एक बार फिर आतंकी मॉड्यूल के सक्रिय होने का खुलासा हुआ है। बुधवार को दिल्ली पुलिस और आतंकवाद विरोधी दस्ते की संयुक्त कार्रवाई में रांची से अजहर दानिश नामक युवक को गिरफ्तार किया गया। वह खतरनाक आतंकी संगठन आइएसआइएस से जुड़ा है। उसकी गिरफ्तारी लोअर बाजार थाना क्षेत्र के इस्लाम नगर में स्थित तबरक लॉज से की गयी। उसके कमरे से हथियार, केमिकल, नक्शे और आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किये गये हैं। दिल्ली पुलिस की टीम उसे ट्रांजिट रिमांड पर लेकर दिल्ली चली गयी है।

जानकारी के अनुसार दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल, झारखंड एटीएस और रांची पुलिस ने बुधवार सुबह छापामारी की। मूल रूप से बोकारो के पेटरवार का निवासी दानिश पिछले साल 14 जनवरी को लॉज में रहने आया था। तब से वह यहीं रह रहा था। उसके खिलाफ दिल्ली में एक मामला दर्ज था। इसके आधार पर दिल्ली स्पेशल सेल उसकी तलाश कर रही थी।

## लॉज से कई सामान टीम ने किये जब्त

छापेमारी के दौरान दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल को लॉज के कमरे में कई आपत्तिजनक चीजें मिलीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार टीम ने कमरे से कुछ केमिकल, आपत्तिजनक दस्तावेज और नक्शे आदि बरामद किये हैं। कुछ हथियार भी बरामद होने की चर्चा है, हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है। झारखंड एटीएस के एसपी ऋषभ झा के मुताबिक दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल को मिले इनपुट पर यह छापामारी की गयी। जो भी दस्तावेज बरामद हुए हैं, उनके बारे में जांच के बाद जानकारी दी जायेगी।

## लॉज के रजिस्टर में पेटरवार का पता

जांच के दौरान टीम ने पाया कि कमरा लेने से पहले अजहर ने एक बुकिंग फॉर्म भरा। इस फॉर्म में उसने अपना पता बोकारो के पेटरवार का दिया है। दानिश ने अपना आधार नंबर के साथ-साथ अपना मोबाइल नंबर भी दर्ज करवाया था। दिये गये पता के मुताबिक दानिश के पिता का नाम मजरूल हसन है। अब यह पता सही है या नहीं, इसकी जांच की जा रही है। लगातार निगरानी और खुफिया इनपुट के बाद आखिरकार रांची में उसे दबोचने में सफलता मिली।

## सुरक्षा एजेंसियां हुईं सतर्क

बता दें कि खतरनाक आतंकी संगठन आइएसआइएस से जुड़े मामलों में अब तक झारखंड के कई जिलों से संदिग्ध पकड़े जा चुके हैं। इस ताजा गिरफ्तारी ने एक बार फिर सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और झारखंड एटीएस मिलकर इस मामले की तह तक जाने की कोशिश कर रही है।

## पलामू के जपला से भी एक को पकड़ा, पूछताछ के बाद छोड़ा

टीम ने पलामू में भी छापेमारी की और जपला के मुस्लिम नगर के रहने वाले मुन्ना चूड़ीहारा को हिरासत में लिया। टीम ने उससे लगभग 12 घंटे पूछताछ की। सुरक्षा एजेंसियों ने यह जानने की कोशिश की कि क्या वह भी अजहर दानिश के नेटवर्क से जुड़ा हुआ है। पूछताछ से कई अहम कड़ियां जुड़ने की उम्मीद जतायी गयी थी। पूछताछ के दौरान कई अन्य सवाल जवाब किये गये। इसके बाद टीम ने उसे छोड़ दिया।

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)




CAREER-ORIENTED PG/UG/DIPLOMA PROGRAMMES
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies

ADMISSION OPEN SESSION 2025-26

Faculty of Engg. & Tech
B.Tech
- Civil Engineering
- Electrical and Electronic Eng.
- Computer Science & Eng.
- CSE (Artificial Intelligence)
- CSE (Cyber Security)

Polytechnic / Diploma
- Civil Engineering
- Mechanical Eng.
- Electrical and Electronic Eng.
- Computer Science & Eng.
- Electrical Engineering

Faculty of Law
- LL.B. ▪ B.A. LL.B. ▪ B.B.A. LL.B

Faculty of Management
- Bachelor of Business Administration (BBA)
- Master of Business Administration (MBA)

Faculty of Information Tech.
- Bachelor of Computer Application (BCA)
- Master of Computer Application (MCA)
- Post Graduation in Computer Application (PGDCA)

Faculty of Education
- Bachelor of Elementary Education (B.Ed)
- Diploma of Elementary Education (D.El.Ed.)
- M.A (Education)

Faculty of Arts & Social Science
- B.A (Hindi) ▪ B.A (English) ▪ B.A (Sanskrit)
- B.A (Economics) ▪ B.A (Psychology)
- B.A (Sociology) ▪ M.A (Hindi) ▪ M.A (English)
- M.A (Sanskrit) ▪ M.A (Economics)
- M.A (Psychology ▪ M.A (Sociology)

Faculty of Pharmacy
- Diploma in Pharmacy (D.Pharm)
- Bachelor of Pharmacy (B.Pharm)

Faculty of Dental Science
- Bachelor of Dental Surgery (BDS)
- Master of Dental Surgery (MDS)

Faculty of Homeopathy
- Bachelor of Homeopathic Medicine & Surgery- BHMS
- M.D Homeopathy ▪ B.Sc Medical Pathology
- B.Sc Medical Biochemistry ▪ B.Sc Medical Microbiology
- M.Sc Medical Microbiology
- M.Sc Medical Biochemistry

Faculty of Nursing & Allied Health Science
- Bachelor of Science in Nursing (B.Sc. Nursing)
- General Nursing and Midwifery (GNM)
- Auxiliary Nurse Midwives (ANM)

Paramedical
- OT ▪ DMLT ▪ ECG ▪ X-RAY
- Medical in Sanitary Inspector
- Medical in Ophthalmic Assistant
- Medical in Certificate in Dresser

Library Science
- B.Lib.I.Sc. ▪ M.Lib.I.Sc

Faculty of Science
- B.Sc. (Mathematics) ▪ B.Sc. (Chemistry) ▪ B.Sc. (Physics)
- B.Sc. (Botany) ▪ B.Sc. (MLT) ▪ B.Sc. (Zoology)
- B.Sc. (Pathology) ▪ B.Sc. (Biochemisty) ▪ B.Sc. (Microbiology)
- M.Sc. (Mathematics) ▪ M.Sc. (Chemistry) ▪ M.Sc. (Physics)
- M.Sc. (Botany) ▪ M.Sc. (Zoology) ▪ M.Sc. (Physiology)
- M.Sc. (Biochemisty) ▪ M.Sc. (MLT) ▪ M.Sc (Microbiology)

Faculty of Commerce
- B.Com ▪ M.Com

TRANSPORT FACILITIES | HOSTEL FACILITIES | LUSH GREEN CAMPUS | WI-FI CAMPUS | WORLD CLASS INFRASTRUCTURE | 100% PLACEMENT ASSISTANCE

Admission Helpline: 9661462506, 6206297213, 9934688493
Farathiya, Garhwa-822114, Jharkhand https://bdsu.ac.in/






आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 11 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# आखिर क्यों झारखंड बनता जा रहा है आतंकियों की पनाहगाह

## ■ केमिकल बम बनाने वाला आतंकी आखिर क्या साजिश रच रहा था

## ■ 2024 में अलकायदा इंडियन सबकांटिनेंट मॉड्यूल संचालित करने वाला डॉक्टर दबोचा गया था

## ■ झारखंड के 285 लोग आतंकी संगठनों से जुड़े, सबसे अधिक 113 संदिग्ध पाकुड़ में

## ■ 33 स्लीपर सेल की पहचान, रांची, जमशेदपुर, धनबाद, लोहरदगा, हजारीबाग, गोड्डा और चान्हो में सक्रिय

**आजाद सिपाही विशेष**

**झारखंड एक बार फिर देश भर में चर्चा में है। राजधानी रांची के बीचो-बीच स्थित इस्लाम नगर के तबारक लॉज से दिल्ली पुलिस की एटीएस और रांची पुलिस ने अशर दानिश नामक एक युवक को गिरफ्तार किया है, जो खतरनाक आतंकी संगठन आइएसआइएस के मॉड्यूल का हिस्सा है। उसके पास से केमिकल बम समेत कई घातक हथियार और असलहा बरामद किये गये हैं। बोकारो निवासी यह युवक किसी खतरनाक साजिश को अंजाम देने की फिराक में था। रांची में आतंकी मॉड्यूल के पदार्फाश की यह पहली घटना नहीं है। वास्तव में झारखंड शुरू से ही आतंकियों की सुरक्षित शरणस्थली के रूप में चर्चित रहा है। 2002 में हजारीबाग के खिरगांव में पुलिस ने जब एक मुठभेड़ में दो आतंकियों को मार गिराया था, तभी से ही झारखंड को आतंकी नेटवर्क के ठिकाने के रूप में चिह्नित किया गया था। मुठभेड़ में मारे गये दोनों आतंकी कोलकाता स्थित अमेरिकन सेंटर पर हमले में शामिल थे और वारदात के बाद उन्होंने हजारीबाग में शरण ली थी। उसके बाद रांची, जमशेदपुर, बोकारो, धनबाद और हजारीबाग जैसे बड़े शहरों के अलावा लोहरदगा, पाकुड़ और साहिबगंज जैसे छोटे शहरों में भी आतंकियों का ठिकाना होने की जानकारी मिली। देश के विभिन्न हिस्सों में पकड़े गये कई आतंकियों का झारखंड से बड़ा कनेक्शन मिला। इसके बाद पिछले महीने खुफिया एजेंसियों ने एक रिपोर्ट दी कि झारखंड में कम से कम 285 लोग विभिन्न आतंकी संगठनों के संपर्क में हैं। इस रिपोर्ट के बाद ही झारखंड में आतंकी नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई की रूपरेखा तैयार हुई है। वहीं 22 सितंबर 2024 में झारखंड की राजधानी रांची में एक डॉक्टर नाम इश्तियाक की गिरफ्तारी हुई थी। इश्तियाक अलकायदा इंडियन सबकॉन्टिनेंट मॉड्यूल को संचालितकरता था और फिदायीन दस्ता तैयार करने वाला था उसकी योजना पूरे झारखंड में आतंकवाद फैलाने की थी। क्या है आतंकियों के झारखंड कनेक्शन का पूरा मामला, बता रहे हैं आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**



राकेश सिंह
संपादक

अपनी प्राकृतिक सुंदरता और खनिज संपदा के लिए पूरी दुनिया में चर्चित झारखंड आज आतंकी संगठनों की गहरी पैठ के कारण सुरक्षा एजेंसियों के लिए एक गंभीर चुनौती बन गया है। 10 सितंबर को रांची के इस्लाम नगर स्थित एक लॉज से आइएसआइएस आतंकी अशर दानिश की गिरफ्तारी ने एक बार फिर उस रिपोर्ट को सत्य साबित कर दिया है कि झारखंड के विभिन्न इलाकों में आतंकियों का नेटवर्क तेजी से पैर पसार रहा है। अशर दानिश पिछले कुछ दिनों से इस्लाम नगर स्थित तबारक लॉज में रह रहा था। वह बोकारो के पेटरवार का निवासी है। उसके पास से केमिकल बम समेत कई घातक हथियार बरामद किये गये हैं।

### झारखंड में आतंकी नेटवर्क

झारखंड में आतंकी नेटवर्क का पहला मामला 2002 में सामने आया था, जब हजारीबाग के खिरगांव इलाके में स्थानीय पुलिस ने दो आतंकियों को मुठभेड़ में मार गिराया था। ये आतंकी उसी साल कोलकाता के अमेरिकन सेंटर पर हमले में शामिल थे, जिसमें 20 लोगों की हत्या कर दी गयी थी। मुठभेड़ के बाद तीन आतंकियों को गिरफ्तार भी किया गया था। इसके बाद अलग-अलग मौकों पर रांची, धनबाद, बोकारो, जमशेदपुर और हजारीबाग के अलावा दूसरे जिलों में भी कई संदिग्ध आतंकी पकड़े गये। 2013 में पटना के गांधी मैदान में हुए धमाके के मामले में तो रांची के तीन आतंकियों को सजा तक हुई। इस धमाके की पूरी साजिश रांची के बाहरी इलाके में रची गयी थी। इतना ही नहीं, झारखंड के कई लोगों को देश के अलग-अलग हिस्सों में आतंकी गतिविधियों के आरोपों में गिरफ्तार किया गया।

### खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट

अशर दानिश की गिरफ्तारी के बाद अब उस रिपोर्ट की चर्चा है, जो पिछले महीने खुफिया एजेंसियों के साथ मिल कर झारखंड एटीएस ने तैयार की है। इस रिपोर्ट ने चौंकाने वाला खुलासा किया है कि राज्य के 285 लोग देश और विदेश में सक्रिय प्रतिबंधित आतंकी संगठनों से जुड़े हुए हैं। जिन 285 संदिग्धों पर झारखंड पुलिस की नजर है, उनमें से सबसे अधिक 113 संदिग्ध पाकुड़ जिले से हैं, जो आतंकवाद के एक नये गढ़ के रूप में उभर रहा है। यह खुलासा न केवल राज्य की सुरक्षा व्यवस्था के लिए चिंताजनक है, बल्कि राष्ट्रीय और वैश्विक सुरक्षा के लिए भी एक गंभीर खतरे की ओर इशारा करता है। रिपोर्ट के अनुसार, झारखंड में 285 लोग विभिन्न प्रतिबंधित आतंकी संगठनों से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। इनमें इंडियन मुजाहिद्दीन (आइएम), स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी), लश्कर-ए-तैयबा, अल-कायदा इन इंडियन सबकांटिनेंट (एक्यूआइएस), इस्लामिक स्टेट (आइएसआइएस), पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआइ), जमात-उल-मुजाहिद्दीन बांग्लादेश (जेएमबी) और हिज्ब उत-तहरीर जैसे संगठन शामिल हैं। रिपोर्ट में इन संदिग्धों की पूरी जानकारी एकत्र की गयी है, जिसमें उनके नाम, पता, पिता का नाम, मोबाइल नंबर और अन्य महत्वपूर्ण विवरण शामिल हैं। इनमें से कई व्यक्ति पहले आतंकी घटनाओं में संलिप्तता के आरोप में जेल जा चुके हैं या जमानत पर रिहा हुए हैं। एटीएस ने इनकी गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने के लिए खुफिया तंत्र को मजबूत किया है।





### पूरे राज्य में फैला है आतंकी नेटवर्क

रिपोर्ट का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि पाकुड़ जिला आतंकी गतिविधियों का एक प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है। कुल 285 संदिग्धों में से 113 पाकुड़ से हैं, जो कुल आंकड़े का लगभग 40% है। यह आंकड़ा इस बात का संकेत है कि पाकुड़ में आतंकी संगठनों ने अपनी गतिविधियों को तेजी से बढ़ाया है। पाकुड़ के अलावा, साहिबगंज में 65, रांची में 49, जमशेदपुर में 22, हजारीबाग में 17, रामगढ़ में छह, लोहरदगा में पांच, गढ़वा में तीन और बोकारो, खूंटी, लातेहार, चतरा और गोड्डा में एक-एक संदिग्ध की पहचान की गयी है। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि आतंकी संगठनों ने शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में अपने नेटवर्क को फैलाया है।

### धनबाद के वासेपुर से धराये पांच आतंकी

धनबाद का वासेपुर, जो पहले माफिया और आपराधिक गतिविधियों के लिए बदनाम था, अब आतंकी संगठनों के स्लीपर सेल का गढ़ बन गया है। 26 अप्रैल 2025 को झारखंड एटीएस ने वासेपुर में छापेमारी कर हिज्ब उत-तहरीर के चार संदिग्धों गुलफाम हसन (21), आयान जावेद (21), शबनम परवीन (20) और मोहम्मद शहजाद आलम (20) को गिरफ्तार किया। बाद में शबनम की निशानदेही पर पांचवें संदिग्ध अम्मार यासर को भी पकड़ा गया, जो पहले इंडियन मुजाहिद्दीन से जुड़ा था।

### अलकायदा का झारखंड मॉड्यूल

22 अगस्त 2024 को दिल्ली पुलिस और झारखंड एटीएस ने रांची के चान्हो और बरियातू से चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया, जिनमें रेडियोलॉजिस्ट डॉ इश्तियाक अहमद प्रमुख था। जांच में खुलासा हुआ कि इश्तियाक अलकायदा इंडियन सबकांटिनेंट के झारखंड मॉड्यूल का नेतृत्व कर रहा था। उसका मकसद देश में खिलाफत की स्थापना और गंभीर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देना था। डॉ इश्तियाक अहमद ने बिग कैट नाम के कोड वाले एक व्यक्ति के साथ मिलकर यह मॉड्यूल तैयार किया था।

दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल ने अलकायदा इन इंडियन सबकॉटिनेंट के झारखंड मॉडयूल से जुड़े केस में चार्जशीट दायर की थी। पूरक चार्जशीट में जिक्र था कि भारत के अलग-अलग हिस्सों में मॉब लिंचिंग और सांप्रदायिक दंगों की चर्चा कर जिहाद की तैयारी के लिए बिग कैट ने हथियार और गोला-बारूद खरीदने और भारत भर में आतंकी वारदात को अंजाम देने के लिए प्रेरित किया था।

### कटकी का प्रभाव

डॉ इश्तियाक का अलकायदा से जुड़ाव अब्दुल रहमान कटकी के कोर ग्रुप के माध्यम से हुआ। कटकी, जो वर्तमान में तिहाड़ जेल में बंद है, 2010 के बाद झारखंड के कई शहरों में सक्रिय था। वह धार्मिक तकरीरों के जरिये युवाओं को कट्टरपंथ की ओर आकर्षित करता था और उन्हें स्लीपर सेल में शामिल करता था। 2016 में मेवात से कटकी की गिरफ्तारी के बाद खुलासा हुआ कि उसने झारखंड के कई युवाओं को कटक ले जाकर जिहाद के लिए प्रशिक्षित किया था।

इश्तियाक और अन्य संदिग्धों के पास से जब्त लैपटॉप, मोबाइल, और अन्य उपकरणों की फोरेंसिक जांच में कई अहम सुराग मिले। जांच में पता चला कि एक दर्जन से अधिक युवाओं को अलकायदा से जोड़ने की साजिश रची जा रही थी। पाकुड़ आतंकवाद का नया गढ़

2025 में एक खुफिया पत्र ने खुलासा किया कि बांग्लादेशी आतंकी संगठन जमात-उल-मुजाहिद्दीन बांग्लादेश के सदस्य पाकुड़ में युवाओं को प्रशिक्षण दे रहे हैं। बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद वहां के प्रतिबंधित संगठनों ने भारत विरोधी साजिशें रचीं। जेयूएम का आतंकी अब्दुल मम्मुन मुर्शिदाबाद के रास्ते पाकुड़ पहुंचा था और उसने जेएएच नामक संगठन के सदस्यों को प्रशिक्षित किया। पाकुड़ मामले के बाद झारखंड एटीएस ने सभी जिलों के एसपी और डीआइजी को गोपनीय जांच के लिए पत्र लिखा। एटीएस ने अलर्ट जारी कर संदिग्धों की तलाश तेज कर दी है।

### एक्टीव स्लीपर सेल

स्लीपर सेल आतंकी संगठनों का एक गुप्त नेटवर्क होता है, जो सामान्य नागरिकों की तरह जीवन जीता है और लंबे समय तक निष्क्रिय रहता है। ये लोग सामान्य नौकरी या व्यवसाय करते हैं और संगठन के आदेश पर ही सक्रिय होते हैं। झारखंड में स्लीपर सेल की मौजूदगी ने सुरक्षा एजेंसियों के लिए गंभीर चुनौती खड़ी की है। 2025 तक कम से कम 33 स्लीपर सेल की पहचान की गयी है, जो रांची, जमशेदपुर, धनबाद, लोहरदगा, हजारीबाग, गोड्डा और चान्हो में सक्रिय हैं। आतंकी संगठन डार्क नेट और सोशल मीडिया का उपयोग कर युवाओं को कट्टरपंथ की ओर आकर्षित कर रहे हैं। वासेपुर के संदिग्धों ने डार्क नेट के जरिये अपने हैंडलरों से संपर्क बनाये रखा, जबकि दूसरे लोग सोशल मीडिया के माध्यम से कट्टरपंथी विचारधारा का प्रचार कर रहे थे।

### आतंकी संगठनों की रणनीति

आतंकी संगठन सामाजिक, धार्मिक, और आर्थिक मुद्दों का सहारा लेकर युवाओं को अपने जाल में फंसाते हैं। विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में, जहां शिक्षा और रोजगार के अवसर सीमित हैं, ये संगठन युवाओं को आसानी से प्रभावित करते हैं। पीएफआइ जैसे संगठन सामुदायिक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करते हैं, जबकि हिज्ब उत-तहरीर और एक्यूआइएस डार्क नेट और सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं।

### भौगोलिक और सामाजिक चुनौतियां

झारखंड के घने जंगल और ग्रामीण क्षेत्र आतंकियों के लिए छिपने की जगह प्रदान करते हैं। साथ ही सामाजिक-आर्थिक असमानता और कुछ स्थानीय समुदायों का समर्थन आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देता है। पाकुड़ और साहिबगंज जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों की भौगोलिक स्थिति आतंकी संगठनों के लिए अनुकूल है। एटीएस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां खुफिया तंत्र को और मजबूत करने पर जोर दे रही हैं। डार्क नेट और सोशल मीडिया की निगरानी बढ़ायी गयी है और स्थानीय पुलिस को आतंकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए विशेष निर्देश दिये गये हैं।

---

# रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर 70 लाख की ठगी

■ रातू के लोगों को देवघर के व्यक्ति ने ठगा

■ देवघर थाना में दर्ज है एफआइआर

■ आरोपी को बचाने में जुटे हैं कुछ लोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रातू प्रखंड के अलग-अलग गांव के 42 बेरोजगार परेशान हैं। परेशानी का कारण इन सबों के ठगी का शिकार होना है। सबों ने 70 लाख रुपये रेलवे में नौकरी पाने की ललक से देवघर के रहने वाले एक व्यक्ति को दे दिया। कुछ दिन बाद न नौकरी मिली और न ही ठगी करने वाला व्यक्ति पैसा वापस करने को तैयार हुआ। अब सभी परेशान और न्याय की गुहार लगा रहे हैं। देवघर के रहने वाले इमरान वाशी और उसके पिता शमसाद आलम पर ठगी का आरोप है। पिता-पुत्र देवघर के अकबर कोठी इलाके में रहते हैं। इन दोनो ने वर्ष 2016 में ठगी की घटना को अंजाम दिया है। रातू के शौकत अली की मुलाकात कोलकाता में पिता-पुत्र से हुई। उन दोनों ने रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर 70 लाख रुपये की वसूली की। जिन लोगों ने पैसा दिया, उनमें रातू के शौकत अली, सईदउ अंसारी, हैदायत अंसारी, इसरार अंसारी, हसन अंसारी, अफताब अंसारी, शौकत अंसारी सहित 42 लोग शामिल हैं। जब नौकरी नहीं लगी तो देवघर के रहने वाले इमरान वाशी और उनके पिता शमसाद आलम के साथ पीड़ितो के बीच समझौता हुआ। तय हुआ की सभी पैसा पिता-पुत्र वापस करेंगे। देवघर के रहने वाले दोनों आरोपियों ने भारतीय स्टेट बैंक के चेक सौंपे। जब इन चेकों को बैंक में भुनाने की कोशिश की गयी तो सभी चेक बाउंस हो गये। चेक बाउंस होने के संबंध में देवघर थाने में दो अलग-अलग मामले दर्ज हैं। एक मामला 10 लाख और दूसरा चेक पांच लाख रुपये के बाउंस होने से संबंधित है। इन दोनों मामलों में न्यायालय की ओर से गिरफ्तारी का वारंट जारी है। देवघर थाना पुलिस इसपर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। इस संबंध में पुलिस के कई आला अधिकारियों को पीड़ितों ने ज्ञापन सौंप कर न्याय की गुहार लगायी है। आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ 2022 से थाना में वारंट पड़ा है।




---

# हाइकोर्ट ने मुख्य सचिव, आइएएस वंदना दादेल और विनय चौबे को जारी किया अवमानना नोटिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय में स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए आदेश का अनुपालन नहीं करने पर राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी, भारतीय प्रशासनिक सेवा की आइएएस अधिकारी वंदना दादेल और नगर विकास विभाग के पूर्व सचिव विनय चौबे के खिलाफ अवमानना नोटिस जारी किया है।

झारखंड उच्च न्यायालय में स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर दायर अवमानना याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने आदेश का अनुपालन नहीं होने पर कड़ी नाराजगी जतायी है। साथ ही राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी, आइएएस अधिकारी वंदना दादेल और नगर विकास विभाग के पूर्व सचिव विनय चौबे के खिलाफ अवमानना नोटिस जारी किया है। उच्च न्यायालय ने इस मामले की विस्तृत सुनवाई के लिए 14 अक्टूबर की तारीख निर्धारित की है। उच्च न्यायालय अगली तिथि को उक्त अधिकारियों के विरुद्ध आरोप गठित करेगा। इस मामले की सुनवाई उच्च न्यायालय के जस्टिस आनंद सेन की अदालत में हुई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह ने अदालत के समक्ष पक्ष रखा। इस संबंध में निवर्तमान पार्षद रौशनी खलखो की ओर से उच्च न्यायालय में अवमानना याचिका दायर की गयी है।



www.epaper.azadsipahi.in

11 सितंबर, 2025
आश्विन, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 322

कल शपथ लेंगे नये उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन



## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूर्व विधायक दिवंगत दुर्गा सोरेन को दी श्रद्धांजलि

# दुर्गा सोरेन अलग झारखंड राज्य आंदोलन के मजबूत स्तंभ थे : हेमंत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने बुधवार को झारखंड आंदोलन के नेता और पूर्व विधायक दिवंगत दुर्गा सोरेन की जयंती पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन रांची के नामकुम स्थित दुर्गा सोरेन स्मारक पहुंचे और वहां उन्होंने दिवंगत दुर्गा सोरेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पूर्व विधायक दुर्गा सोरेन अलग झारखंड राज्य आंदोलन के मजबूत स्तंभ थे, उनकी भूमिका एवं योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि दिवंगत दुर्गा सोरेन जयंती पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हम सभी लोग यहां एकत्रित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।

### सीएम हेमंत से मिले तेलंगाना के डिप्टी सीएम



**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और तेलंगाना के डिप्टी सीएम ने राज्य में संचालित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं पर चर्चा की। साथ ही वर्तमान राजनीतिक मुद्दों सहित कई विषयों पर चर्चा की।

## परमवीर अब्दुल हमीद स्मारक स्थल का हेमंत सोरेन ने किया उद्घाटन

**60वां शहादत दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** परमवीर चक्र विजेता शहीद अब्दुल हमीद के 60वें शहादत दिवस पर राजधानी रांची स्थित परमवीर अब्दुल हमीद चौक पर भव्य श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्मारक स्थल के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण का उद्घाटन किया और शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की।

यह आयोजन परमवीर अब्दुल हमीद स्मारक समिति के तत्वावधान में समिति अध्यक्ष मुन्ना भाई के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी भी मौजूद रहीं। स्मारक स्थल के पुनर्निर्माण में उनका सांसद कोष से विशेष योगदान रहा।



कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष मुन्ना भाई ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी धर्मपत्नी कल्पना सोरेन का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि चालीस वर्षों बाद यह ऐतिहासिक क्षण आया है, जब हम परमवीर अब्दुल हमीद को उनके नाम पर बने स्मारक स्थल पर सम्मान दे रहे हैं। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों का सम्मान शॉल, मोमेंटो और बुके देकर किया गया। राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि हम खुद को सौभाग्यशाली मानते हैं कि ईश्वर ने शहीद को सम्मान देने का अवसर हमें दिया।

इस अवसर पर सेना के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। जिनमें हेडक्वार्टर 23 इन्फेंट्री डिवीजन के ब्रिगेडियर राजकुमार, राजपूताना राइफल्स के कर्नल हेमचंद्र, ऑर्डिनेंस बटालियन की कर्नल ज्योत्सना समेत अन्य सैन्य अधिकारी शामिल थे। वहीं सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी प्रवीण कुमार सहित पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के महासचिव अधिवक्ता अख्तर हुसैन, उपाध्यक्ष इरफान इकबाल, उपाध्यक्ष मोहम्मद साबिर, सचिव मोहम्मद शहाबुद्दीन, आफताब आलम, यासमीन लाल, पूर्व पार्षद सलाहुद्दीन उर्फ संजू, नजिमा रजा, यासमीन परवीन सहित कई समाजसेवियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। समारोह में उपस्थित लोगों ने एक स्वर में परमवीर अब्दुल हमीद को श्रद्धांजलि दी और उनके शौर्य तथा बलिदान को नमन किया।

### सीएम हेमंत आज 19 लोगों को देंगे नियुक्ति पत्र



**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को एक बार फिर नियुक्ति पत्र वितरण करेंगे। प्रोजेक्ट भवन में दिन के 12 बजे आयोजित होनेवाले समारोह में कुल 19 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिये जायेंगे। ये नियुक्तियां नगर विकास विभाग के अधीन राजस्व निरीक्षक, स्वच्छता और खाद्य निरीक्षक, स्वच्छता सुपरवाइजर, विधि सहायक और उद्यान अधीक्षक के पदों पर होंगी। इन सभी पदों पर नियुक्ति की अनुशंसा झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा की गयी है। जानकारी के अनुसार, इन नियुक्तियों में पांच राजस्व निरीक्षक, पांच स्वच्छता और खाद्य निरीक्षक, चार स्वच्छता सुपरवाइजर, दो विधि सहायक और तीन उद्यान अधीक्षक शामिल हैं। विभाग ने नियुक्ति पत्र पानेवाले अभ्यर्थियों को 10 बजे तक प्रोजेक्ट भवन सभागार में पहुंचने को कहा है।

## लोदना में जर्जर आवास ढहा, तीन बच्चों की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

झरिया। लोदना ओपी क्षेत्र के लोदना आठ नंबर में बुधवार को तेज बारिश के दौरान बीसीसीएल के एक खाली जर्जर आवास के ढह जाने से तीन बच्चों की मौत हो गयी। करीब आधा दर्जन लोग मलबे में दब गये। सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। कुछ लोगों को मलबे से निकाला गया। घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। चिराग पासवान (10, लोदना चार नंबर निवासी करमू पासवान का पुत्र), लोदना आठ नंबर निवासी गोपाल मिस्त्री और उनकी 10 वर्षीय भांजी सुषमा कुमारी की स्थिति गंभीर है। लोदना आठ नंबर में बीसीसीएल प्रबंधन और सुशी परियोजना के विस्तार के साथ-साथ बस्ती के बीच से सड़क निर्माण के लिए कई परिवारों को कुसुम बिहार और करमाटांड़ में नये आवास आवंटित किये गये थे। इन परिवारों को वहां स्थानांतरित कर दिया गया था, लेकिन खाली पड़े जर्जर आवासों को नहीं तोड़ा गया। बारिश के दौरान कुछ लोग और बच्चे इन खाली आवासों में शरण लेने गये थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ लोग ट्रैक्टर से इन बंद आवासों से ईंट निकाल रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही लोदना ओपी पुलिस, सीआइएसएफ की टीम और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। बचाव कार्य के लिए जेसीबी मशीन का भी इस्तेमाल किया गया। सभी घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया।



## प्रदेशभर में भाजपा का प्रदर्शन आज

**सभी जिला मुख्यालयों और प्रखंड मुख्यालयों में होगा प्रदर्शन**

**रांची में प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी करेंगे नेतृत्व**

**कांके में रघुवर दास और धालभूमगढ़ में चंपाई सोरेन करेंगे नेतृत्व**

**गिरिडी में अन्नपूर्णा देवी, रातू में दीपक प्रकाश और अनगड़ा में आदित्य साहू संभालेंगे कमान**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने कहा कि 11 सितंबर को भाजपा के हजारों कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर सभी जिला मुख्यालयों एवं प्रखंड मुख्यालयों में प्रदर्शन करेंगे और राज्यपाल के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी और उपायुक्त को ज्ञापन भी सौंपेंगे। आदित्य साहू ने बताया कि भाजपा का यह प्रदर्शन जनविरोधी, आदिवासी, दलित, पिछड़ा और महिला विरोधी राज्य सरकार के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता सूर्या हांसदा की हत्या फर्जी एनकाउंटर दिखाकर राज्य की पुलिस ने राज्य सरकार के इशारे पर किया है। इसकी सीबीआइ जांच करायी जाये। आज केवल सूर्या हांसदा के परिजन ही नहीं बल्कि पूरे राज्य का आदिवासी समाज चाहता है कि हत्या की जांच सीबीआइ से हो।



भाजपा के प्रदर्शन का नेतृत्व उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदर्शन का नेतृत्व रांची मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी करेंगे जबकि कांके प्रखंड मुख्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, धालभूमगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, सरिया में कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, गिरिडीह में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, रातू में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, अनगड़ा में प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू नेतृत्व करेंगे। इस प्रदर्शन में सभी पार्टी पदाधिकारी, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता शामिल होंगे।

## हमें अपने संविधान पर गर्व है : सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमें अपने संविधान पर गर्व होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने पड़ोसी देशों में हो रही घटनाओं पर चिंता जतायी। कोर्ट ने नेपाल और बांग्लादेश में हुई राजनीतिक उथल-पुथल का उदाहरण दिया। कोर्ट ने कहा कि इन देशों में जो हो रहा है, उससे पता चलता है कि संविधान कितना जरूरी है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी राष्ट्रपति के संदर्भ के मामले की सुनवाई के दौरान की, जिसमें यह पूछा गया था कि क्या अदालतें राज्यपालों और राष्ट्रपति के लिए राज्य विधानसभाओं की ओर से पारित विधेयकों पर कार्रवाई करने की समय सीमा तय कर सकती हैं। इस सुनवाई के दौरान, सीजेआइ बीआर गवई की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने नेपाल की गंभीर स्थिति पर टिप्पणी की। कोर्ट ने नेपाल में सरकार विरोधी-प्रदर्शनों का जिक्र किया। इन प्रदर्शनों के कारण प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को मंगलवार को इस्तीफा देना पड़ा। कोर्ट ने बांग्लादेश में पिछले साल हुए छात्र-नेतृत्व वाले आंदोलन का भी उल्लेख किया।



## काली मंदिर में दुर्गा पूजा को लेकर हुई बैठक



हजारीबाग(आजाद सिपाही)। दक्षिणी शिवपुरी में दक्षिणेश्वरी महाकाली दस महाविद्या शक्तिपीठ (काली मंदिर) में आगामी शारदीय नवरात्र को लेकर शिवपुरी वासियों की बैठक हुई। जिसमें दुर्गा पूजा को हर्षोल्लास के साथ मनाने को लेकर पूजा समिति के संरक्षक डॉ प्रदीप कुमार प्रधान की उपस्थिति में सर्वसम्मति से दुर्गा पूजा समिति 2025 का अध्यक्ष मोहर दास को बनाया गया। वहीं समिति के सचिव डॉ प्रभात कुमार प्रधान को बनाया गया है। दुर्गा पूजा के सफल आयोजन को लेकर समिति का विस्तार करते हुए कोषाध्यक्ष निशांत कुमार प्रधान, सह कोषाध्यक्ष संतोष कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष विनोद प्रसाद, उपसचिव सच्चिदानंद सिंह, संगठन मंत्री चंदन पाठक, संजीव कुमार सिन्हा, सूचना प्रसारण मंत्री अमरेश कुमार एवं प्रदीप कुमार सिन्हा को मीडिया प्रभारी बनाया गया।

# दो अलग-अलग मामलों में 11 आरोपी गिरफ्तार





हत्यारों ने गूगल का सहारा लेकर की थी हत्या

ग्रामीणों ने आरोपी के पिता की पीट-पीट कर दी थी हत्या, घर में लगा दी थी आग

### हत्याकांड में शामिल आरोपी

देवकी प्रजापति, शिबू यादव, महानंद प्रजापति, दिनेश प्रजापति, बडु गोप उर्फ सिकंदर, गोप जी उर्फ घनश्याम यादव, गणेश यादव और राजू प्रजापति शामिल है।

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस ने दो अलग-अलग घटना का खुलासा करते हुए 11 अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पहला मामला हत्या का है जहां आरोपी के पिता को उग्र भीड़ में पीट पीट कर हत्या कर दिया था। तो दूसरा मामला पेट्रोल पंप में लूट से जुड़ा हुआ है। हत्या करने के लिए आरोपी ने गूगल का सहारा लिया था। पुलिस ने बड़कागांव में हुए दिनेश प्रजापति की हत्या का खुलासा करते हुए आठ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल 6 जुलाई को मृतक दिनेश प्रजापति की पत्नी संगीता देवी ने 1 लाख का लेनदेन करने का आरोप सुभाष प्रजापति पर लगाया था। कहा गया था कि उनका अपहरण कर दिया गया है। पुलिस ने अनुसंधान के क्रम में दिनेश प्रजापति का शव कुम्हारडीहा स्थित एक कुआं से बरामद किया था। शव बरामद होने के बाद उग्र ग्रामीणों ने आरोपी सुभाष प्रजापति के पिता महेश प्रजापति को उसके घर से घसीटते हुए निकाला और पीट-पीट कर हत्या कर दिया था। यही नहीं आरोपी सुभाष प्रजापति के घर में लूटपाट करते हुए घर में आग लगा दी थी। उग्र भीड़ में शामिल लोगों ने पुलिस के साथ भी झड़प किया था। उक्त मामला में मृतक महेश प्रजापति की पत्नी कौशल्या देवी ने थाने में आवेदन देकर केस दर्ज कराया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन ने एसआइटी का गठन किया था। गठित टीम ने घटना में शामिल 8 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। छापामारी दल में एसडीपीओ बड़कागांव पवन कुमार, इंस्पेक्टर ललित कुमार, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता, केरेडारी प्रभारी विवेक कुमार, डाडी कला प्रभारी सागेन मुर्मू, सीकरी प्रभारी रामकुमार राम के अलावा एसआई छोटू उरांव और अभिषेक कुमार शामिल थे।

### यह एक बहुत ही ज्वलंत मामला था: एसपी

हजारीबाग एसपी अंजलि अंजन ने कहा कि यह एक बहुत ही ज्वलंत मामला था। जिसमें आरोपी के पिता की पीट पीट कर हत्या कर दिया गया था। जांच में यह भी बात प्रकाश में आया कि मुख्य आरोपी सुभाष प्रजापति घटना को अंजाम देने के लिए गूगल का सहारा लिया था। कैसे हत्या किया जाए इसकी जानकारी ली थी। इससे जुड़े वीडियो और फोटो भी मोबाइल में बरामद भी किया गया है। सुभाष प्रजापति की गिरफ्तारी पहले ही की जा चुकी थी। दूसरी सफलता हजारीबाग पुलिस को तब मिली जब 15 अगस्त को हुए खिरगांव पेट्रोल पंप कर्मी राहुल कुमार के साथ दो लाख रुपया लूट कांड का उद्भेदन करते हुए तीन आरोपी को गिरफ्तार किया। जिसका नाम रितेश, पंकज और राहुल है। रितेश कुमार के ऊपर आर्म्स एक्ट के तहत पहले भी केरेडारी थाना और पंकज कुमार के ऊपर दो मामला सदर थाना में दर्ज है। पुलिस ने राहुल कुमार के पास से लूट का 50 हजार रूपया बरामद किया है। हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन ने जानकारी दिया कि यह जानकारी मिली थी कि कुछ अपराधी लूट की घटना को अंजाम देने के लिए मिशन अस्पताल की ओर जा रहे हैं। प्राप्त सूचना पर कार्रवाई की गयी। जिसमें तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से एक पिस्तौल, पांच जिंदा कारतूस 3 मोबाइल, 50 हजार रुपया, एक स्कूटी बरामद किया गया है। जब उनसे गहनता से पूछताछ की गयी तो आरोपियों ने बताया कि 15 अगस्त को हुई लूट इन्होंने किया था। इस सफलता में एसडीपीओ सदर अमित आनंद, बड़ा बाजार थाना प्रभारी पंकज कुमार, एसआई सुधार कुमार के साथ बड़ा बाजार ओपी की पुलिस शामिल थी।

## चौबे रेलवे स्टेशन पर बड़ा हादसा

# चार मजदूर घायल एक की हालत गंभीर

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कंपनी और रेल विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण यह घटना घटी



आजाद सिपाही संवाददाता

**चलकुशा।** प्रखंड क्षेत्र के चौबे रेलवे स्टेशन पर सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। रेल स्लिपर उठाकर ले जाने के दौरान अचानक स्लिपर छटककर नीचे गिर पड़ा। इस हादसे में चार मजदूर घायल हो गये। इसमें एतवारी मुर्मू, सोहीन, सोबरन और अहीराम शामिल हैं। घायलों में एतवारी मुर्मू की हालत गंभीर बतायी जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कंपनी और रेल विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण यह घटना घटी। मजदूरों को सुरक्षा मानकों का पालन किए बिना खतरनाक कार्य में लगाया जा रहा था। न तो हेलमेट जैसी सुरक्षा सामग्री दी गयी थी और न ही किसी प्रकार की सतर्कता बरती गयी थी। बताया गया कि कंपनी द्वारा नाबालिग बच्चों से भी काम कराया जा रहा था। इस मामले को लेकर मानवाधिकार एसोसिएशन ने पहले ही आपत्ति दर्ज की थी। 2 सितंबर को सुर्खियों में आने के बाद एसोसिएशन ने सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स के माध्यम से अखबार की कटिंग साझा करते हुए धनबाद के डीआरएम और रेल मंत्री को भी जानकारी दी थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि उस समय रेलवे अधिकारियों ने संज्ञान लेकर कंपनी पर कार्रवाई की होती तो शायद यह दुर्घटना टल सकती थी। मजदूरों का आरोप है कि उन्हें काम दिलाने वाली कंपनी का नाम तक नहीं बताया जाता, ताकि किसी अनहोनी की स्थिति में जिम्मेदारी से बचा जा सके।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल के बालक वर्ग के बैंड ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान किया हासिल



कोडरमा (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य परियोजना निदेशक के आदेशानुसार आयोजित जिला अंतर स्कूल पाइप बैंड प्रतियोगिता बालक वर्ग में सेक्रेड हार्ट स्कूल झुमरीतिलैया के छात्रों ने अपनी शानदार प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस जीत के साथ विद्यालय की टीम अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कोडरमा जिला का प्रतिनिधित्व करेगी। स्कूल के छात्र- उत्तम कुमार, प्रिंस कुमार यादव, रौशन प्रसाद, आकाश कुमार, शिवम प्रभात, प्रिंस कुमार, मोहित कुमार, कुंदन कुमार, आनंद कुमार, आदित्य राज, सरवन यादव, दिव्यांशु कुमार, अंश कुमार, सौरभ कुमार, अभिषेक कुमार, पवन कुमार, शुभम कुमार यादव, मासी यादव, लकी कुमार, मनीष कुमार, ओंकार, अभयजीत कुमार, रिशु राज और ऋत्विक साव आदि ने प्रतियोगिता में भाग लिया। कमांडर उत्तम कुमार के नेतृत्व में टीम ने अनुशासन और तालमेल का अद्भुत प्रदर्शन किया। स्कूल का पाइप बैंड कोच प्रमोद सिंह के मार्गदर्शन और स्पोर्ट्स पीटीआई कुंदन राणा की देखरेख में लगातार अभ्यासरत रहा, जिसका परिणाम इस शानदार सफलता के रूप में सामने आया। प्रिंसिपल प्रमोद शर्मा ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि सेक्रेड हार्ट स्कूल के छात्रों ने जिस लगन, अनुशासन और परिश्रम का परिचय दिया है, वह काबिले-तारीफ है। यह उपलब्धि हमारे कोच के मार्गदर्शन और छात्रों की मेहनत का परिणाम है। मुझे विश्वास है कि राज्य स्तर पर भी हमारे छात्र कोडरमा का परचम लहरायेंगे। स्कूल डायरेक्टर प्रमोद कुमार ने टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय ही नहीं, बल्कि पूरे जिले के लिए गौरव की बात है। उप प्राचार्य प्रवीण कुमार, दीपक सर्राफ, किशोर कुणाल, आशुतोष गौतम, सुभय कुमार, रजनी वाला, शंकर कुमार, फैयाज कैसर, विक्रम कुमार, टिंकू कुमार, सतीश कुमार, विशाल आनंद, राकेश पांडेय सहित सभी शिक्षकों ने हार्दिक बधाई दी।

# बरही पुलिस की बड़ी सफलता : 4 घंटे के अंदर अपहरणकर्ताओं के चंगुल से युवक को छुड़ाया

अपहरणकर्ताओं से हुई हाथापाई में चोटिल हुए एनके पांडेय, फिर भी नहीं मानी हार, पुरस्कार के लिए होगी अनुशंसा



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरही।** बरही के करसो से मंगलवार देर रात करसो निवासी सौरभ कुमार पिता बिनोद सिंह नामक युवक को कुछ अपराधियों ने अपहरण कर लिया। अपहरणकर्ताओं ने स्कैनर भेजकर युवक के परिजन से पांच लाख रुपए फिरौती की मांग की जाने लगी। इसकी सूचना अपहरणकर्ताओं के गिरफ्त में आए अपहृत युवक सौरभ ने अपने पिता बिनोद सिंह को बताई। लगभग पौने दस बजे इसकी सूचना बरही थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विनोद कुमार को मिली। इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बिना देर किये एसपी हजारीबाग और एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल को जानकारी देते हुए अपहरणकर्ताओं से युवक को छुड़ाने की जिम्मेवारी बरही थाना में पदस्थापित तेज तर्रार पुलिस अधिकारी एसआइ नरेंद्र कुमार पांडेय और सुशील कुमार को दी। एसआइ नरेंद्र पांडेय ने अपने सहयोगी एसआइ सुशील कुमार, एसआइ रूपलाल यादव, कपुल दीपक नाग के साथ अपने पुलिस बल के साथ निकल पड़े। लोकेशन ट्रेस करते हुए एसआई नरेंद्र कुमार पांडेय अपहरणकर्ताओं का पीछा करते हुए गिरीडीह जिले की डुमरी थान क्षेत्र पहुंचे। डुमरी में अपहरणकर्ताओं से उनकी सामना हुई। पुलिस को देख अपहरणकर्ता भागने लगे। लेकिन एसआइ नरेंद्र कुमार पांडेय ने अपहरणकर्ताओं के चंगुल से युवक को छुड़ाते हुए दौड़ कर एक अपहरणकर्ता को पकड़ा। इस दौरान अपहरणकर्ताओं के बीच हाथापाई हुई। इस दौरान वे चोटिल भी हो गये। लेकिन हार नहीं मानी। अंततोगत्वा एक अपहरणकर्ता अरुण पाठक पिता कुलदीप पाठक ग्राम तेलों थाना चंद्रपुरा जिला बोकारो निवासी को गिरफ्तार करने में उन्होंने सफलता हासिल की। मात्र चार घंटे में एसआई एनके पांडेय, सुशील कुमार और अन्य की दिलेरी एवं तत्परता से युवक की सकुशल बरामदगी हो गयी। घटना की पूरी जानकारी प्रेस कांफ्रेंस कर एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल और बरही थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने दी।

## कर्णपुरा महाविद्यालय में किया गया पौधरोपण



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में सोमवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाना और हरित वातावरण को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के सचिव टुकेशवर प्रसाद द्वारा पौधा लगाकर किया गया। इस अवसर पर एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. निरंजन प्रसाद नीरज महाविद्यालय के शिक्षक गण और छात्र- छात्राएं सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में आम के 25 पौधे लगाये गये। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया तथा पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। उपस्थित सभी लोगों ने अपने-अपने नाम से एक-एक पौधा भी लगाया। कार्यक्रम के समापन पर एनएसएस के स्वयंसेवकों ने पर्यावरण जागरूकता की शपथ ली। पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ, हरियाली है जीवन की डोरी जैसे नारों के माध्यम से पूरे क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. निरंजन प्रसाद नीरज, प्रो. सुरेश महतो, प्रो. फजरुद्दीन, डॉ.अनु कुमारी, प्रो. ऋतुराज, प्रो. रंजीत प्रसाद, डॉ. पवन कुमार, डॉ. चंद्रशेखर राणा, उपस्थित रहे। शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में लेखापाल सनवीर कुमार,नेमधारी राम, सहित अन्य कर्मचारी और सैकड़ों छात्र- छात्राएं भी उपस्थित थें।

## उपायुक्त ने मरकच्चो प्रखंड का किया दौरा



मरकच्चो (आजाद सिपाही)। उपायुक्त ऋतुराज ने मरकच्चो प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का बुधवार को दरदाही का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अस्पताल में स्टॉक रजिस्टर, चिकित्सकों की उपस्थिति पंजी, रोस्टर रजिस्टर, ओपीडी पंजी, डिलीवरी रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण में यह पाया गया कि स्वास्थ्य केंद्र में रजिस्टरों का संधारण मानक के अनुरूप नहीं हो रहा है। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी प्रकार के रजिस्टरों का संधारण सुव्यवस्थित और अद्यतन रूप से किया जाये। उपायुक्त ने स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिया कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जायें। उन्होंने टी.बी. जांच की गति तेज करने और समय पर उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया। आपातकालीन स्थिति में मरीजों को त्वरित सेवा प्रदान करने के लिए एंबुलेंस की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया गया। उपायुक्त ने सभी चिकित्सकों का रोस्टर का सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सीएचओ समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे। उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जायेगी और व्यवस्था में सुधार लाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

# पुलिस महानिरीक्षक ने एसपी, एसडीपीओ कार्यालय और पुलिस केंद्र का किया निरीक्षण

जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगीः क्रांति कुमार गड़िदेशी



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** उत्तरी छोटानागपुर बोकारो प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक क्रांति कुमार गड़िदेशी ने एसपी कार्यालय, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय और पुलिस केंद्र का बुधवार को वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस महानिरीक्षक ने कार्यालय डीएस विभिन्न शाखाओं, प्रशाखाओं के अभिलेखों की गहरायी से समीक्षा के साथ-साथ रिकॉर्ड का रख-रखाव, लंबित प्रकरणों के निस्तारण की स्थिति, अपराध और अनुसंधान नियंत्रण के लिए की जा रही कार्यवाहियों और आम नागरिकों की शिकायतों पर हो रही कार्रवाई का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने पदाधिकारियों, कर्मियों को निर्देशित किया कि पारदर्शिता, समयबद्धता और जनसुलभता को पुलिस व्यवस्था का आधार बनायें। पुलिस कर्मियों को अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा पर विशेष बल देते हुए कहा कि आमजन को त्वरित न्याय दिलाना ही पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। पुलिस महानिरीक्षक ने पुलिस केंद्र, कोडरमा की विभिन्न व्यवस्थाओं, वाहनों की स्थिति, हथियारों के रख-रखाव, संचार प्रणाली और सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की। साथ ही पुलिस पदाधिकारियों को अपराध और असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने और सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने के निर्देश दिये। उन्होंने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय कोडरमा का निरीक्षण किया, जिस क्रम में कांडों के पर्यवेक्षण की स्थिति, अपराध और अनुसंधान नियंत्रण संचिका, दैनिक प्रतिवेदन, मासिक प्रतिवेदन आदि की समीक्षा की। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय के अंतर्गत सभी थाना प्रभारी से उनके थाना क्षेत्र के विधि-व्यवस्था का जायजा लिया और थाना में अभिलेखो को सुव्यवस्थित और सही तरीके से संधारित करने के लिए दिशा निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान एसपी अनुदीप सिंह, डीएसपी रतिभान सिंह, एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, दिवाकर कुमार, कोडरमा और अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बच्चों के बीच साइकिल का वितरण



बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। सकरेज स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में छात्र छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झुरझुरी पंचायत मुखिया सुमन कुमार और झामुमो नेता प्रमोद गुप्ता ने 38 स्कूली बच्चों को साइकिल वितरण किया। मुखिया सुमन कुमार ने कहा कि झारखंड सरकार विद्यार्थियों के बेहतर शिक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। उन्नति का पहिया योजना कार्यक्रम के तहत मध्य विद्यालय सकरेज के छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण का लाभ दिया गया है। इससे बच्चों को स्कूल आने जाने में सुविधा होगी और उनकी शिक्षा में भी सुधार होगा। झामुमो नेता प्रमोद गुप्ता ने कहा कि हेमंत सरकार में सरकारी स्कूलों में आठवीं कक्षा में अध्ययनरत सत्र 2025-26 के सभी स्कूली बच्चों को साइकिल दिया जा रहा है। बच्चों को अपने घर से दूर स्थित उच्च विद्यालय में पढ़ने के लिए अब पैदल नहीं जाना पड़ेगा। अबुआ सरकार सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। साइकिल को पाकर स्कूली छात्राओं काफी उत्साहित हैं। मौके पर प्रधानाध्यापक कैलाश पासवान, शिक्षक स्वामी रामतीर्थ सिंह, राजेश्वर प्रसाद, पंकज सिन्हा, प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्रमोद दास, संयोजिका मालवा देवी, शिक्षिका कुंती देवी, लखन यादव समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## शोकाकुल परिवार को श्राद्ध कर्म भोज के लिए नमो राशन किट दिया गया



कटकमसांडी / हजारीबाग (आजाद सिपाही)। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने जरूरतमंद परिवारों की सेवा में श्राद्ध कर्म भोज के लिए राशन किट वितरण अभियान के तहत नमो श्राद्ध राशन किट वितरण की शुरुआत करते आए है। राशन किट अभियान की शुरूआत सांसद सेवा कार्यालय में श्राद्ध कर्म में सहयोग की आस लेकर पंहुचे कटकमसांडी प्रखंड के ग्राम पंचायत रेबर निवासी महेंद्र भुइयां पिता स्व.सोनू भुइयां उम्र 55 वर्ष के आकस्मिक मौत हो गयी थी। यह जानकारी सदर विधानसभा सांसद प्रतिनिधि किशोरी राणा को मिला उन्होंने अपने सांसद सेवा कार्यालय से संपर्क कर नमो श्राद्ध किट उपलब्ध कराया। बता दे कि इस योजना के तहत समाज के ऐसे जरूरतमंद परिवार जो श्राद्ध कर्म भोज हेतु सहयोग की अपेक्षा रखते हैं उन्हें यह किट उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। इस राशन किट में करीब 150 लोगों के खिलाने भर का कच्चा राशन है। जिसमें चावल, आटा, दाल, तेल और मशाला है। इस राशन किट के माध्यम से जरूरतमंद परिवार तक पहुंच बनाकर परिवार के दिवंगत पुण्यात्मा को सांसद मनीष जायसवाल भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इस किट के लिए विशेष पैकेट का भी निर्माण कराया गया है। जिसमें विनम्र श्रद्धांजलि भी अंकित किया गया है।

# सड़कों पर बह रहा गंदा पानी बीमारी को दे रहा निमंत्रण

बंटी मिश्र



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** जहां एक और सरकार स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छ रहने की अपील कर रही है वही विष्णुगढ़ के बाशिंदे गन्दगी में रहने का नारा बुलंद करने पर आमदा है। हम बात कर रहे हैं विष्णुगढ़ के प्रमुख मार्गों समेत विभिन्न गलियों, सड़कों पर घरों का गंदा पानी बेरोकटोक बहना जारी है। जिससे गंभीर बीमारी फैलने का भय बना हुआ है। स्थानीय जनप्रतिधि, पुलिस प्रशासन सब के सब ने पर्यास किया पर लोग है कि मानते ही नही है। गंदे नाली के पानी की बहाव से भारी गंदगी उत्पन्न हो रही है। जिससे राहगीरों को पैदल चलना मुश्किल हो गया है, यह स्थिति काफी लंबे समय से बनी हुई है, स्थानीय बुद्धिजीवियों द्वारा पानी बहाने वालों को कई बार प्रेमपूर्वक समझाया गया, कई बार हिदायद दी गयी, थाना से लेकर अंचल तक नामजद लोगों के विरुद्ध आवेदन भी दिया गया, परंतु गंदगी फैलाने वाले लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। विष्णुगढ़ मेन रोड की हालत देखकर जेएलकेएम नेता दशरथ राय ने कहा कि लज्जाहीनता और ढीठपना की सीमा तब पार हो जाती है, जब कुछ दबंग लोगों के घरों में पंसोखा होने के बावजूद सड़कों पर गंदे नाली की पानी बहा रहे हैं। ऐसी मानसिकता से खुद तो गंदगी में रह रहे हैं, इसके साथ ही मुहल्ले वालों को भी गंदगी में रहने को विवश कर रहे हैं, मुहल्ले के ऐसी स्थिति की वजह से अतिथि भी उस मुहल्ले में प्रवेश करने से परहेज करते नजर आते हैं, इस गंदगी के चलते कितने बच्चे-बच्चियों का शादी नहीं हो पा रहा है, जिससे अभिभावक परेशान है। विष्णुगढ़ पुलिस प्रशासन भी सफाई अभियान के तहत इन लोगों पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं कर रही है, जो एक चिंतनीय विषय है। वही सरकार सफाई अभियान पर लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर रही है, लेकिन परिणाम वही ढाक के तीन पात है। समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है, अगर प्रशासन द्वारा इन लोगों को चिन्हित कर कठोर और ठोस कानूनी कार्रवाई नहीं करती है तो आगे चलकर समस्या बहुत ही भयावह होने वाली है, क्योंकि विष्णुगढ़ के सड़को पर गंदे नाली की पानी में कीड़े पनप रहे हैं, जिससे महामारी फैलने में देर नहीं लगेगी, इसकी पूरी जवाबदेही प्रशासन की होगी, प्रशासन गुनहगार लोगों पर कड़ी कार्रवाई करें, इसके लिए हमलोग प्रशासन के साथ हैं।

## गुरु सम्मान समारोह का आयोजन



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव स्थित झारखंड कॉलेज में गुरु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य विनोद यादव और संचालन सूरज कुमार ने किया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि एसडीपीओ पवन कुमार जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार, रामनवमी महा समिति के अध्यक्ष विवेक सोनी ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि एस डी पी ओ पवन कुमार ने कहा कि बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ नैतिक संस्कार को भी ग्रहण करें। क्योंकि संस्कार से ही विद्यार्थियों की छवि बनती है। उन्होंने यह भी कहा कि हर विद्यार्थी और शिक्षक समरसता बनाये रखने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा ने कहा कि विद्यार्थी मोबाइल का उपयोग कम करें ज्यादा स्टडी में ध्यान दें। लेखक विपिन कुमार ने कहा कि विद्यार्थी इंटरमीडिएट से ही प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करना शुरू करें . तभी आपकी मंजिल प्राप्त होगी। समारोह में 20 शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। मौके पर श्याम सुंदर तिवारी, मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्राचार्य मोहम्मद इब्राहिम, झारखंड कॉलेज प्राचार्य विनोद यादव, शमशेर अंसारी, रंजीत कुमार साहू, सूरज कुमार दास, मो मुदस्सर, सत्यनारायण कुमार, धर्मनाथ कुमार, हुलास दांगी, मोती गिरी, मोहम्मद मजाज, आलम, विपिन कुमार, राजीव कुमार, अवधेश कुमार, मो नजीर, प्रेमचंद महतो आदि मौजूद थे।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा व न्यू मेदांता हॉस्पिटल इरवा के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को भुरकुंडा बाजार स्थित भारत मेडिकल हॉल में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. अनिकेत सिन्हा ने कुल 74 मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। वहीं नर्स पुटुल कुमारी एवं मो. साकिब ने बीपी और शुगर की जांच की। मौके पर डॉ. अनिकेत सिन्हा ने कहा कि शरीर के एक-एक अंग जीवन के लिए महत्वपूर्ण है, शरीर में हल्की-फुल्की भी तकलीफ हो तो चिकित्सकों से जरूर मिलें। शिविर को सफल बनाने में मेदांता के मार्केटिंग मैनेजर जितेंद्र कुमार, रोटेरियन परमजीत सिंह धामी, क्लब के अध्यक्ष रंजीत गुप्ता, सचिव समरेन्द्र साह, डॉ. एनके सिंह, प्रवीण शर्मा, अजय गोयल, श्रीकांत गुप्ता, मुख्तार सिंह और किशोर प्रसाद का सराहनीय योगदान रहा।

## विस्थापितों के हक और अधिकार को लेकर किया जायेगा आंदोलन : विधायक



पतरातू (आजाद सिपाही)। विस्थापितों के हक पर अधिकार को लेकर विधायक रोशन लाल चौधरी के आवासीय कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित किया गया। इस दौरान विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा की पीवीयूएनएल के द्वारा और 19 जुलाई रामगढ़ डीसी की अध्यक्षता में त्रिपक्षीय वार्ता हुई थी। इस दौरान कहा गया था की जल्द विस्थापितों को विस्थापित प्रमाण पत्र निर्गत करने व विस्थापित-प्रभावित बेरोजगारों को उनके योग्यतानुसार शीघ्र नियुक्ति सुनिश्चित किया जाये। इसके अलावा फोर्थ ग्रेड और थर्ड ग्रेड में 100प्रतिशत विस्थापितों और प्रभावितों को प्राथमिकता दिया जाये, और बाहरी आउटसोर्सीग एजेंसियों द्वारा विस्थापित- प्रभावितों को दरकिनार कर बैक-डोर से किये गये बहाली को अविलम्ब रद्द किया जाये। परंतु ऐसा नहीं किया जा रहा है। उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि जल्द विस्थापित प्रभावित के हक और अधिकार के लिए आंदोलन क किया जायेगा। किरीगढ़ा गांव के बीचो-बीच प्रस्तावित रेलवे लाइन के विरोध में ग्रामीणों के आंदोलन का पूर्ण समर्थन करने का घोषणा भी किया गया। विधायक ने कहा की विस्थापन की समस्या के समाधान के लिए विधानसभा में विस्थापन आयोग गठन की मांग की गयी है सरकार द्वारा विस्थापन और पुनर्वास आयोग का गठन की मंजूरी दी गयी है। प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य रूप से जिप सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राजाराम प्रजापति सहित विभिन्न पंचायत के पंचायत प्रतिनिध उपस्थित थे।

## विधानसभा सरकारी आश्वासन समिति के सदस्यों ने छिन्नमस्तिका मंदिर में की पूजा



रजरप्पा (आजाद सिपाही)। झारखंड विधानसभा की सरकारी आश्वासन समिति अपने निरीक्षण कार्यक्रम के क्रम में हजारीबाग से बोकारो जाते समय रामगढ़ पहुंची। इस दौरान समिति के सभी सदस्य और सभापति रामगढ़ जिले के प्रसिद्ध मां छिन्नमस्तिका मंदिर, राजरप्पा पहुंचे और मां छिन्नमस्तिका का विधिवत दर्शन कर पूजा-अर्चना किये, क्षेत्र की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। इस अवसर पर समिति के सभापति अरूप चटर्जी (विधायक, निरसा), समिति की सदस्य सह रामगढ़ विधायक ममता देवी, समिति के सदस्य और सिमरिया विधायक उज्ज्वल कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। मां छिन्नमस्तिका मंदिर परिसर में समिति के सदस्यों का स्वागत स्थानीय जनप्रतिनिधियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी से किया गया। रामगढ़ विधायक ममता देवी ने इस दौरान कहा कि मां की असीम कृपा और आशीर्वाद से क्षेत्र की जनता का जीवन समृद्ध और सुखमय हो, यही हमारी कामना है। वहीं सभापति अरूप चटर्जी ने समिति के उद्देश्य और दायित्व की चर्चा करते हुए कहा कि विधानसभा में दिये गये सरकारी आश्वासनों की समीक्षा कर जनता तक उसके परिणाम पहुंचाना ही समिति का प्रमुख कार्य है। समिति के अन्य सदस्यों ने भी मां छिन्नमस्तिका से प्रदेशवासियों की खुशहाली और प्रगति की प्रार्थना की। मौके पर अमित महतो, प्रदीप महतो, पवन महतो, संतोष सोनी गुलाम अंसारी, पवन केवट, किशोर महतो, मनोज कोटवार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य विभाग के कार्यों को लेकर डीसी ने की समीक्षा बैठक



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों को लेकर बुधवार को डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने जिला समाहरणालय के सभागार में समीक्षा बैठक किया। इस दौरान सर्वप्रथम सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद ने डीसी सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को स्वास्थ्य विभाग की पूर्व में हुई समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देश के आलोक में किये गये कार्यों की जानकारी दी गयी। बैठक के दौरान डीसी ने सदर अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों आदि से मरीज को रेफर कर निजी अस्पतालों में स्वयं मरीज का इलाज करने वाले चिकित्सकों संबंधित कोई भी मामला प्रकाश में आने पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही सदर अस्पताल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मातृत्व स्वास्थ्य व प्रसव संबंधित सुविधाओं की जानकारी लेते हुए मरीज को लाभ पहुंचाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। डीसी ने आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों को मिल रहे लाभ की समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देने और प्रभावी तरीके से आयुष्मान भारत योजना का संचालन करते हुए प्रत्येक योग्य मरीज को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। साथ ही मातृत्व स्वास्थ्य अंतर्गत विभिन्न कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व जांच स समय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों, चिकित्सा पदाधिकारियों, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र से सोलर पैनल की चोरी

हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के उरैली पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र कोड संख्या 16 में मंगलवार की देर रात चोरी की घटना हुई। अज्ञात चोरों ने आंगनबाड़ी केंद्र के छत पर लगे तीन सोलर पैनल खोलकर चंपत हो गये। आंगनबाड़ी सेविका शांति देवी ने इस संबंध में हंटरगंज थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन की तरह सुबह 9 बजे स्कूल खोलने पहुंची। तो देखी की छत पर लगे तीनों सोलर पैनल गायब है। इधर उधर काफी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद थक हार कर थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। घटना से आहत ग्रामीणों इसे दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। उनका कहना है कि शैक्षणिक परिसर में चोरी जैसी घटनाएं बच्चों की पढ़ाई और बुनियादी सुविधाओं पर सीधा असर डालती है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### चुटूपालू घाटी में दिखा मौत का मंजर

# अलग-अलग घटना में तीन की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़। रांची-पटना मुख्यमार्ग अंतर्गत फोरलेन के चुटूपालू घाटी में बुधवार को एक बार फिर मौत का मंजर देखने को मिला। दो अलग अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार कटक से गाजियाबाद जा रहा चावल लदा ट्रक संख्या एचआर 63डी 6515 का अचानक घाटी में ब्रेक फेल हो गया। इसी दौरान घाटी के गढ़के मोड़ के पास पलट गयी। इस घटना में ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक और खलासी चावल की बोरियों से दब कर उनकी मौत हो गयी। इधर, घटना की सूचना पाकर पहुंचे रामगढ़ थाना के सब इंस्पेक्टर जॉनी ने एनएचएआइ के कर्मियों के साथ मिलकर चावल की बोरियों में दबे चालक और खलासी को निकलवा कर सदर अस्पताल भेजवाया। दोनों मृतक की पहचान हाफिजपुर कोरावली मैनपुरी निवासी 24 वर्षीय गुलशन कुमार पिता महेंद्र सिंह और मधुपुरी थाना एलाव मैनपुरी निवासी 24 वर्षीय कृष्णा कुमार पिता सुरेंद्र सिंह के रूप में की गयी।

### बाइक सवार को ट्रेलर ने रौंदा, मौत

चुटूपालू घाटी में बुधवार को बाइक सवार को एक युवक को अज्ञात ट्रेलर ने अपनी चपेट में ले लिया। जानकारी के अनुसार बाइक सवार युवक अपनी बाइक संख्या जेएच 01ईआर 1567 से रांची से बरकाकाना आ रहा था। इसी दौरान घाटी में ट्रेलर ने उसे अपने चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौत मौके पर ही हो गयी। इधर, घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस में शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दी। मृतक युवक की पहचान सीआईसी बस्ती बरकाकाना निवासी 27 वर्षीय तौहीद अंसारी पिता मो सरफराज आलम अंसारी के रूप में की गयी।

# बिरहोर परिवार की जमीन पर ग्रामीणों ने किया कब्जा, सीओ करेंगे कार्रवाई

**तत्काल होगी असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई : सीओ**

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़। आदिम जनजाति बिरहोर परिवार को संरक्षित करने के लिए झारखंड सरकार लगातार उन्हें सुविधा मुहैया करा रही है। दूसरी और कुछ असामाजिक तत्व बिरहोर परिवार को आवंटित जमीन पर अपना कब्जा जमा रहे हैं। रामगढ़ अंचल क्षेत्र के छतरमांडू से ऐसा ही एक मामला सामने आया है। बुधवार को छतरमांडू से बिरहोर समाज का चार परिवार एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी से मिलने पहुंचा। उन्होंने तत्काल इस मामले में जांच करने का निर्देश अंचल अधिकारी रमेश रविदास को दिया।

**तत्काल होगी असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई : सीओ:** अंचल अधिकारी रमेश रविदास ने बिरहोर परिवार की समस्या सुनी और उन्हें तत्काल सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। अंचल अधिकारी से मिलने पहुंचे शोभा बिरहोर, पूर्णिमा बिरहोर, बंधन बिरहोर, गुड़िया देवी, धनी बिरहोर, डुगरु बिरहोर , मनीषा कुमारी ने अपनी समस्या सुनाई। उन्होंने बताया कि जून महीने में जिला प्रशासन के द्वारा इन सभी परिवारों को चार-चार डिसमिल जमीन छतरमांडू में आवंटित की गयी थी। जो जमीन उन्हें पट्टा बनाकर दिया गया था, वह सरकारी जमीन थी। जिस पर बिरहोर परिवार को रहने और बसने का पूरा अधिकार है। लेकिन गांव के ही कुछ लोगों के द्वारा जिला प्रशासन से आवंटित जमीन पर कब्ज होने नहीं दिया जा रहा है। उस जमीन पर जो लोग विवाद करते हैं उनमें कमलेश मुंडा, लकलकवा मुंडा, जागेश्वर प्रजापति, जुगेश मुंडा आदि शामिल हैं।

## स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




चतरा (आजाद सिपाही)। सदर प्रखंड के डाढ़ा गांव में रेड क्रॉस सोसायटी और आरबी होस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 175 मरीजों का नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच किया गया। इस दौरान जांच शिविर में आने वाले मरीजों का ब्लड के साथ-साथ ईसीजी आदि का जांच कराया गया। इस दौरान मरीजों के बीच नि:शुल्क दवा का भी वितरण किया गया। शिविर में आने वाले अधिकांश मरीज मौसमी बीमारी से प्रभावित पाये गये। जिसमें सर्दी, खांसी, बुखार आदि से पीड़ित मरीज अधिक थे। शिविर में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव धर्मेंद्र पाठक, आर बी होस्पिटल के निदेशक जी एस राजू मुख्य रूप से उपस्थित थे। शिविर में मरीजों की जांच डॉ इरफान, डॉ अदनान के अलावा लैब टेक्नीशियन विजय कुमार, राजू कुमार के अलावा मो बशीर ने दवा वितरण में अहम भूमिका निभाई।

## बाल विवाह रोकथाम को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)। हंटरगंज बाल विकास परियोजना कार्यालय की ओर से बाल विवाह की रोकथाम को लेकर प्रखंड के रामनारायण प्लस टू उच्च विद्यालय हंटरगंज में छात्रों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें बीडीओ सह सीडीपीओ निखिल गौरव कमान कच्छप, पर्यवेक्षिका माधवी सिन्हा, मनीषा गुप्ता, प्राचार्य अनूप कुमार, शिक्षक उमेश कुमार, विनय कुमार और आशुतोष कुमार सिन्हा शामिल थे। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा छात्राओं को बाल विवाह और उसके अधिकार के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह सामाजिक बुराई के साथ कानूनन अपराध भी है। जो छात्रों की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और विकास में बाधा है, यह उनके सपनों को साकार होने से रोकती है। विद्यालय प्राचार्य ने कहा कि बाल विवाह समाज के लिए अभिशाप है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह करना कानूनन जुर्म है। उन्होंने छात्रों से गुरु दक्षिणा के रूप में 18 वर्ष से पहले विवाह नहीं करने की अपील की, इस दौरान उन्होंने टोल फ्री महिला हेल्पलाइन नंबर 181 पर जानकारी देने की अपील की।महिला प्रवेक्षिका मनीषा गुप्ता ने कहा कि शादी की उम्र लड़की के लिए 18 वर्ष व लड़का के लिए 21 वर्ष निर्धारित किया गया है।

### सिमरिया - गिद्धौर प्रखंड में जांच टीम की बड़ी कार्रवाई

# अवैध नर्सिंग होम और क्लिनिक सील

आजाद सिपाही संवाददाता




चतरा। उपायुक्त कीर्तिश्री के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों और नर्सिंग होम पर की जा रही कार्रवाई के क्रम में मंगलवार को देर शाम सिमरिया प्रखंड और गिद्धौर प्रखंड में विशेष जांच अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज के नेतृत्व में गठित जांच टीम ने सिमरिया प्रखंड अंतर्गत बगरा मोड़ स्थित पारस नर्सिंग होम और आशीर्वाद नर्सिंग होम का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान यह पाया गया कि आशीर्वाद हॉस्पिटल के पास क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के अंतर्गत लाइसेंस उपलब्ध नहीं था। फामेर्सी सेंटर में न तो स्टॉक रजिस्टर पाया गया और न ही कोई पंजीकृत फार्मेसिस्ट मौजूद था। पारस नर्सिंग होम के बेसमेंट से ब्लड टेस्ट और एक्स-रे की मशीनें बरामद की गयीं, जहां कार्यरत केवल दो स्टाफ मिले, जो चिकित्सकीय रूप से योग्य नहीं थे। और मात्र इंटरमीडिएट तक पढ़ाई कर मरीजों का ब्लड सैंपल लेते थे। ब्लड टेस्ट करते थे, रिपोर्ट तैयार करते थे और यहां तक कि मरीजों को स्लाइन चढ़ाने और एक्स-रे करने का कार्य भी करते थे। दोनों नर्सिंग होम में पंजीकृत चिकित्सक अनुपस्थित पाये गये और बिना चिकित्सक की मौजूदगी में मरीजों को एडमिट कर इंजेक्शन और स्लाइन चढ़ाई जा रही थी। इतनी गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए प्रशासन ने दोनों नर्सिंग होम को तत्काल सील कर दिया और इनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी। अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज ने कहा कि बिना पंजीकृत चिकित्सक और बिना आवश्यक दस्तावेज के किसी भी परिस्थिति में नर्सिंग होम अथवा क्लीनिक का संचालन किया जाना गंभीर अपराध है। आम जनता से अपील है कि इलाज के लिए केवल मान्यता प्राप्त स्वास्थ्य संस्थानों पर ही भरोसा करें। जांच टीम में प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद, अंचल पदाधिकारी गौरव कुमार राय और रेफरल अस्पताल प्रभारी बी.एन. प्रसाद शामिल थे। इसके अलावा गिद्धौर प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव के नेतृत्व में टीम ने विभिन्न पंचायतों और गांवों में संचालित निजी क्लीनिकों की जांच की गयी। जांच के दौरान ब्रह्मपुर गांव में अवैध रूप से संचालित न्यू जनता हॉस्पिटल पाया गया। सिविल सर्जन डॉ. जगदीश प्रसाद द्वारा मौके पर पहुंचकर अस्पताल को तत्काल सील कर दिया गया। इस अस्पताल के संचालक कैलाश कुमार दांगी के विरुद्ध भी विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

# जेसी ज्वेलर्स में गोली चलाने वाले की पांच राज्यों में हो रही तलाश



आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। शहर के सतकौड़ी नगर स्थित जे सी ज्वेलर्स में गोली चलाने वाले की तलाश पांच राज्यों में हो रही है। रामगढ़ जिले की पुलिस ने नाकेबंदी कर जे सी ज्वेलर्स में डकैती और गोलीबारी की घटना को अंजाम देने वालों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन अपराधी भाग निकले। सबसे बड़ी परेशानी उन अपराधियों की पहचान को लेकर उत्पन्न हो रही है। रामगढ़ पुलिस ने झारखंड के अलावा बिहार, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल राज्यों की पुलिस से संपर्क साध रही है। बिहार राज्य के 50 पुलिस इंस्पेक्टर से बात हो चुकी है, लेकिन अपराधियों की पहचान अभी तक नहीं हो पायी है। पुलिस उस अपराधी को सबसे पहले ढूंढ रही है, जो बिना नकाब लगाये लाल कुर्ता पहनकर गोलियां चला रहा था। ऐसा लग रहा था कि उस गिरोह का सरगना वही है। उसके सहयोगियों ने हेलमेट पहनकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस उनका हुलिया भी नहीं निकल पायी है।

### मोटरसाइकिल का भी नहीं मिला सुराग

जेसी ज्वेलर्स में तांडव मचाकर भाग रहे आधा दर्जन अपराधियों ने खुद के अलावा मोटरसाइकिल की पहचान भी छुपा ली। पुलिस ने जितने भी सीसीटीवी कैमरे खंगाले हैं, उसमें मोटरसाइकिल का नंबर स्पष्ट नहीं हो पाया है। जेसी ज्वेलर्स के मालिक आशीष कुमार के दुकान और घर में भी काफी बेहतर क्वालिटी का सीसीटीवी कैमरा है। जिस जगह पर अपराधियों की मोटरसाइकिल खड़ी थी, वह भी कैमरे के रेंज में था। लेकिन रोशनी ऐसी पड़ रही थी कि बाइक का नंबर स्पष्ट नहीं हो पाया। इसके अलावा सड़क पर भगाने के दौरान ब्रेक लाइट और इंडिकेटर का इस्तेमाल अपराधियों ने इस कदर किया कि सीसीटीवी कैमरे में मोटरसाइकिल का नंबर स्पष्ट कैद नहीं हो पाया।

# 556 बाहरी दंगल को खारिज करने की मांग पर आंदोलन जारी



**सीसीएल करमा लोकल सेल संचालन समिति के कार्यालय में तालाबंदी**

आजाद सिपाही संवाददाता


कुजू। सीसीएल करमा परियोजना अंतर्गत लोकल सेल संचालन समिति द्वारा स्थानीय रैयत विस्थापित ग्रामीणों को सेल में उचित भागीदारी नहीं देने को लेकर रैयत विस्थापित संघर्ष मोर्चा, सुगिया के बैनर तले सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरूष ग्रामीण सेल कार्यालय पहुंचकर विरोध जताया। मौके पर जमकर नारेबाजी करते हुए सेल कार्यालय में ताला जड़ दिया। वहीं, ग्रामीणों ने सेल संचालन समिति पर आरोप लगाते हुए कहा कि सेल में पूर्व से 556 दंगलों को रखा गया है। जिसमें से काफी संख्या में बाहरी दंगल शामिल है। जो स्थानीय दंगलों की जगह सेल का लाभ उठा रहे है। जबकि स्थानीय ग्रामीण सेल के लाभ से वंचित है। आंदोलनकारी ग्रामीणों ने कहा कि गत 17 अगस्त को सेल समिति अध्यक्ष के नाम हमलोगों ने 556 बाहरी दंगल को खारिज कर सुगिया समेत ललिताडाही, धनबेड़वा, खीराबेड़ा, महुआटुंगरी, उखरबेड़वा के 147 दंगल को शामिल करने का मांग किया था। जिस पर सेल समिति द्वारा एक पत्र जारी करते हुए हमलोगों के मांग पर ध्यान नहीं दिया गया। इसलिए मजबूर होकर हमलोगों ने आंदोलन का रास्ता अपनाया। आंदोलन के तहत बुधवार दिन करीब 12 बजे महिला-पुरूष ग्रामीण सुगिया शिव मंदिर से नारेबाजी व विभिन्न स्लोगन लिखे तख्तियां लेकर सेल संचालन समिति कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने घेराव करते हुए कार्यालय में मौजूद सदस्यों को बाहर निकालकर ताला जड़ दिया। ग्रामीणों की मांग पर सेल समिति अध्यक्ष रामेश्वर महतो और सदस्य मोहरलाल महतो ने दुर्गा पूजा के बाद ग्रामीणों के साथ वार्ता करने का आश्वासन दिया। इस पर ग्रामीणों ने समिति सदस्यों के बातों को दरकिनार करते हुए कहा कि जब तक हमारी मांग को पूरा नहीं किया जाता, तब तक सेल समिति से जुड़ा कार्य ठप रहेगा। साथ ही, अगर सेल समिति से जुड़ा किसी प्रकार कार्य और कार्यालय का ताला खोला गया तो इसकी जिम्मेवारी समिति की होगी। आंदोलन की स्थिति को देखते हुए आने वाले दिनों में करमा लोकल सेल से क्रियाकलापों पर ग्रहण लगने की संभावना प्रबल होती जा रही है ।आंदोलन में रवि मुंडा, नरेश मुंडा, किशुन महतो, योगेंद्र महतो, राजेंद्र टुडू, प्रवीण मुंडा, मनोहर कुमार, विनय मुंडा, बिरसा मुंडा, अजय मुंडा, अजय करमाली, छोटेलाल टुडू, अजय टुडू सहित काफी संख्या में महिला-पुरूष रैयत विस्थापित शामिल थे।

## राधा गोविंद विवि में पौधरोपण का आयोजन




रामगढ़ (आजाद सिपाही)। राधा गोविंद विश्वविद्यालय के गणित विभाग के तत्वावधान में बुधवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान गणित विभाग और विज्ञान संकाय के सभी शिक्षक और छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अधिकतम बच्चों ने पौधे लगाये और वृक्षारोपण कार्यक्रम के पूर्व भाषण कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुए। मौके पर कुलाधिपति बी एन साह ने कहा कि पेड़-पौधे लगाना प्रकृति की सेवा है। वृक्षारोपण से हमलोग प्रकृति को संरक्षित करते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करते हैं। वही, सचिव प्रियंका कुमारी ने वृक्ष लगाओ, जीवन बचाओ, वृक्ष हमारे जीवन के लिए ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और पर्यावरण संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जबकि, कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि ने बच्चों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे लगाना प्रकृति का संरक्षण के लिए आवश्यक है। गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ विजय कुमार पांडेय ने कहा कि वृक्ष हमारे मित्र है, वृक्ष हमें कई तरह से लाभ पहुंचाते हैं और फल प्रदान करते हैं। पेड़ लगाना बहुत जरूरी है। पेड़-पौधे जीवन के लिए आवश्यक हैं और प्रत्येक व्यक्ति को पेड़-पौधे लगाना आवश्यक है। मौके पर कुलसचिव प्रो डॉ निर्मल कुमार मंडल, वित्त और लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो डॉ अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, गणित विभाग के व्याख्याता डॉ चंदन कुमार, जतरू महतो ने भी बच्चों का मनोबल बढ़ाया और पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने भी अपनी प्रस्तुति दी। एम. एससी. 2024- 26 की छात्रा काजल ने बच्चों से संकल्प करवाया कि वे प्रत्येक वर्ष कम एक पौधा लगायें। एक अन्य छात्र कृष्णा कुमार महतो ने भी अपने अनुभव साझा किये।

## भारत के 15वें उपराष्टपति सीपी राधाकृष्णन के बनने पर टंडवा में जश्न



टंडवा (आजाद सिपाही)। सीपी कृष्णनन के 15वें उपराष्ट्रपति बनने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। इस खुशी में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमरदीप यादव के निर्देशानुसार ओबीसी मोर्चा के चतरा जिला अध्यक्ष सुनील चौरसिया ने बुधवार को मिठाई बांटकर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ के लक्ष्मण, समेत केंद्रीय नेतृत्व को बधाई के साथ आभार व्यक्त किया गया। जिसमें टंडवा मंडल अध्यक्ष संजीव पांडेय, मंडल उपाध्यक्ष बबलू प्रसाद गुप्ता, अजय सिंह, अरुण पांडेय, मंडल महामंत्री रंजीत गुप्ता, मंडल प्रवक्ता महेंद्र यादव, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रताप चौरसिया, कुलदीप साहू, सकिंदर यादव उपस्थित थे।

**CENTRAL COALFIELDS LIMITED**
**Office Of The Project Officer**
Tetariakhar OCP, Rajhara Area
Balumath - 829202, Latehar (JH)
Ref No: PO/TTK/25-26/1390 Date: 10/09/2025

**Short Term Notice**

यह सूचित किया जाता है कि तेतरियाखार परियोजना, रजहारा क्षेत्र CCL में कोयला स्टॉक के कोयला को क्रश करने के लिए एक क्रशर की तत्काल आवश्यकता है। जो भी अपना क्रशर इस कार्य के लिए लगाना चाहते है, अपने आवेदन के साथ 48 घंटा के अंदर परियोजना पदाधिकारी कार्यालय, बालूमाथ में संपर्क करने की कृपा करें।

परियोजना पदाधिकारी
तेतरियाखार परियोजना
रजहारा ऐरिया

# राधाकृष्णन की जीत संग जिम्मेदारी

उप राष्ट्रपति चुनाव में एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन की जीत अप्रत्याशित नहीं है। संख्या बल शुरू से उनके साथ था। इंडिया ब्लॉक सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज बी सुदर्शन रेड्डी को चुनाव मैदान में उतारकर एक संदेश देना चाहता था और इसमें वह काफी हद तक सफल रहा। वैसे भी उप राष्ट्रपति चुनाव को केवल वोटों के गणित और सियासी समीकरणों से नहीं तौला जा सकता। असली चुनौती यहां से शुरू होती है। यह चुनाव देश की राजनीति की आनेवाली दिशा का संकेत भी देती है।

**अतीत से बढ़कर :** इस चुनाव की नौबत इसलिए आयी, क्योंकि सत्र के बीच में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पद से इस्तीफा दे दिया। देश के सामने ऐसे स्थिति कभी नहीं आयी थी कि संसद का सत्र चल रहा हो और उप राष्ट्रपति अचानक पद छोड़ दें। उनका जाना कई सवाल खड़े कर गया। सीपी राधाकृष्णन को इस अतीत से आगे बढ़कर जिम्मेदारी निभानी है। यह उनके लिए कठिन अग्निपरीक्षा साबित हो सकती है।

**संतुलन की जरूरत :** डॉ राधाकृष्णन ऐसे वक्त में यह पद संभालने जा रहे हैं, जब सरकार और विपक्ष के बीच असहमति की दीवार बहुत ऊंची हो चुकी है। इसका असर इस चुनाव में भी दिखा। दोनों तरफ से तल्खियां साफ नजर आयीं और आरोप-प्रत्यारोप वैसे ही लगे, जैसे कि दूसरे चुनावों में लगते हैं। लेकिन, यह अब बीती बात है। कौन साथ रहा और कौन खिलाफ, यह भूलकर नये उप राष्ट्रपति से उम्मीद होगी संतुलन और निरपेक्षता की। उन्हें दोनों पक्षों को साथ लेकर चलना होगा।

**सीपी राधाकृष्णन के सामने एक और बड़ी चुनौती है - खुद को अराजनीतिक दिखाना। देश में उपराष्ट्रपति का पद राजनीतिक नहीं होता, लेकिन हाल-फिलहाल में इससे कई राजनीतिक विवाद जुड़ चुके हैं।**

**संसदीय परंपराओं के अभिभावक :** सीपी राधाकृष्णन के सामने एक और बड़ी चुनौती है - खुद को अराजनीतिक दिखाना। देश में उप राष्ट्रपति का पद राजनीतिक नहीं होता, लेकिन हाल-फिलहाल में इससे कई राजनीतिक विवाद जुड़ चुके हैं। धनखड़ के साथ विपक्ष की यह शिकायत आम रही कि वह उनको मौके नहीं देते। ऐसे में लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय परंपराओं की कसौटी पर सीपी राधाकृष्णन को भी परखा जायेगा।

**राज्यपाल के रूप में कार्यकाल:** राधाकृष्णन राज्यपाल के रूप में काम कर चुके हैं और मोटे तौर पर झारखंड और महाराष्ट्र में उनका कामकाज संतुलित ही रहा। इस कारण उन्हें राज्यसभा के उप सभापति का काम करने में ज्यादा दिक्कत नहीं होगी।

**सदन की गरिमा :** उप राष्ट्रपति राज्यसभा के पदेन सभापति होते हैं और इस नाते सीपी राधाकृष्णन के सामने यह कठिन कार्य है कि वह कैसे उच्च सदन को उसकी गरिमा वापस दिलाते हैं। दुर्भाग्य से राज्यसभा से अब सार्थक बहसों से अधिक हंगामे और शोर-शराबे की खबरें आती हैं। इस मानसून सत्र में ही राज्यसभा की उत्पादकता केवल 38.8% रही। ज्यादातर वक्त सदन बाधित रहा और कई अहम मुद्दों पर बहस अधूरी रह गयी। उच्च सदन को ज्यादा विचारवान माना जाता रहा है। उसकी यह खोयी छवि कैसे लौटती है, यह नये उपराष्ट्रति पर निर्भर करता है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**मोहन भागवत जी ने न केवल इस विशाल जिम्मेदारी के साथ पूर्ण न्याय किया है, बल्कि इसमें अपनी व्यक्तिगत शक्ति, बौद्धिक गहराई और सहृदय नेतृत्व भी जोड़ा है। भागवत जी का युवाओं से सहज जुड़ाव है और इसलिए उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं को संघ कार्य के लिए प्रेरित किया है। वे लोगों से प्रत्यक्ष संपर्क में रहते हैं, और संवाद करते रहते हैं। श्रेष्ठ कार्य पद्धति को अपनाने की इच्छा और बदलते समय के प्रति खुला मन रखना, ये मोहनजी की बहुत बड़ी विशेषता रही है।**

# अलग-अलग स्मृतियों से जुड़ा है 11 सितंबर



**नरेंद्र मोदी**

आज 11 सितंबर है। यह दिन अलग-अलग स्मृतियों से जुड़ा है। एक स्मृति 1893 की है, जब स्वामी विवेकानंद ने शिकागो में विश्वबंधुत्व का संदेश दिया और दूसरी स्मृति है 9/11 का आतंकी हमला, जब विश्व बंधुत्व को सबसे बड़ी चोट पहुंचायी गयी। आज के दिन की एक और विशेष बात है। आज एक ऐसे व्यक्तित्व का 75वां जन्मदिवस है जिन्होंने वसुधैव कुटुंबकम के मंत्र पर चलते हुए समाज को संगठित करने, समता-समरसता और बंधुत्व की भावना को सशक्त करने में अपना पूरा जीवन समर्पित किया है।

संघ परिवार में जिन्हें परम पूजनीय सर संघचालक के रूप में श्रद्धाभाव से संबोधित किया जाता है, ऐसे आदरणीय मोहन भागवत जी का आज जन्मदिन है।

यह एक सुखद संयोग है कि इसी साल संघ भी अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। मैं भागवत जी को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं और प्रार्थना करता हूं कि ईश्वर उन्हें दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें।

**भागवत जी ने उस समय प्रचारक का दायित्व संभाला, जब तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने देश पर इमरजेंसी थोप दी थी।**

मेरा मोहन भागवत जी के परिवार से बहुत गहरा संबंध रहा है। मुझे उनके पिता, स्वर्गीय मधुकर राव भागवत जी के साथ निकटता से काम करने का सौभाग्य मिला था। मैंने अपनी पुस्तक ज्योतिपुंज में मधुकरराव जी के बारे में विस्तार से लिखा भी है। वकालत के साथ-साथ मधुकरराव जी जीवनभर राष्ट्र निर्माण के कार्य में समर्पित रहे। अपनी युवावस्था में उन्होंने लंबा समय गुजरात में बिताया और संघ कार्य की मजबूत नींव रखी। मधुकर राव जी का राष्ट्र निर्माण के प्रति झुकाव इतना प्रबल था कि अपने पुत्र मोहनराव को भी इस महान कार्य के लिए निरंतर गढ़ते रहे। एक पारसमणि मधुकर राव ने मोहनराव के रूप में एक और पारसमणि तैयार कर दी। भागवत जी का पूरा जीवन सतत प्रेरणा देने वाला रहा है। वे 1970 के दशक के मध्य में प्रचारक बने। सामान्य जीवन में प्रचारक शब्द सुनकर ये भ्रम हो जाता है कि कोई प्रचार करने वाला व्यक्ति होगा, लेकिन जो संघ को जानते हैं उनको पता है कि प्रचारक परंपरा संघ कार्य की विशेषता है। गत 100 वर्षों में देशभक्ति की प्रेरणा से भरे हजारों युवक-युवतियों ने अपना घर-परिवार त्याग करके पूरा जीवन संघ परिवार के माध्यम से राष्ट्र को समर्पित किया है। भागवत जी भी उस महान परंपरा की मजबूत धुरी हैं। भागवत जी ने उस समय प्रचारक का दायित्व संभाला, जब तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने देश पर इमरजेंसी थोप दी थी।

उस दौर में प्रचारक के रूप में भागवत जी ने आपातकाल-विरोधी आंदोलन को निरंतर मजबूती दी। उन्होंने कई वर्षों तक महाराष्ट्र के ग्रामीण और पिछड़े इलाकों, विशेषकर विदर्भ में काम किया। 1990 के दशक में अखिल भारतीय शारीरिक प्रमुख के रूप में मोहन भागवत जी के कार्यों को आज भी कई स्वयंसेवक स्नेहपूर्वक याद करते हैं। इसी कालखंड में मोहन भागवत जी ने बिहार के गांवों में अपने जीवन के अमूल्य वर्ष बिताए और समाज को सशक्त करने के कार्य में समर्पित रहे।

वर्ष 2000 में वे सरकार्यवाह बने और यहां भी भागवत जी ने अपनी अनोखी कार्यशैली से हर कठिन परिस्थिति को सहजता और सटीकता से संभाला। 2009 में वे सरसंघचालक बने और आज भी अत्यंत ऊर्जा के साथ कार्य कर रहे हैं। भागवत जी ने राष्ट्र प्रथम की मूल विचारधारा को हमेशा सर्वोपरि रखा।

सरसंघचालक होना मात्र एक संगठनात्मक जिम्मेदारी नहीं है। यह एक पवित्र विश्वास है, जिसे पीढ़ी-दर-पीढ़ी दूरदर्शी व्यक्तित्वों ने आगे बढ़ाया है और इस राष्ट्र के नैतिक और सांस्कृतिक पथ को दिशा दी है। असाधारण व्यक्तियों ने इस भूमिका को व्यक्तिगत त्याग, उद्देश्य की स्पष्टता और मां भारती के प्रति अटूट समर्पण के साथ निभाया है। यह गर्व की बात है कि मोहन भागवत जी ने न केवल इस विशाल जिम्मेदारी के साथ पूर्ण न्याय किया है, बल्कि इसमें अपनी व्यक्तिगत शक्ति, बौद्धिक गहराई और सहृदय नेतृत्व भी जोड़ा है।



भागवत जी का युवाओं से सहज जुड़ाव है और इसलिए उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं को संघ कार्य के लिए प्रेरित किया है। वे लोगों से प्रत्यक्ष संपर्क में रहते हैं, और संवाद करते रहते हैं। श्रेष्ठ कार्य पद्धति को अपनाने की इच्छा और बदलते समय के प्रति खुला मन रखना, ये मोहनजी की बहुत बड़ी विशेषता रही है। अगर हम व्यापक संदर्भ में देखते हैं तो संघ की 100 साल की यात्रा में भागवत जी का कार्यकाल संघ में सर्वाधिक परिवर्तन का कालखंड माना जायेगा। चाहे वो गणवेश परिवर्तन हो, संघ शिक्षा वर्गों में बदलाव हो, ऐसे अनेक महत्वपूर्ण परिवर्तन उनके निर्देशन में संपन्न हुए।

कोरोना काल में मोहन भागवत जी के प्रयास विशेष रूप से याद आते है। उस कठिन समय में उन्होंने स्वयंसेवकों को सुरक्षित रहते हुए समाजसेवा करने की दिशा दी और टेक्नोलॉजी का उपयोग बढ़ाने पर बल दिया। उनके मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने जरूरतमंदों तक हरसंभव सहायता पहुँचाई, जगह-जगह मेडिकल कैंप लगाए। उन्होंने वैश्विक चुनौतियों और वैश्विक विचार को प्राथमिकता देते हुए व्यवस्थाओं को विकसित किया। हमें कई स्वयंसेवकों को खोना भी पड़ा, लेकिन भागवत जी की प्रेरणा ऐसी थी कि अन्य स्वयंसेवकों की दृढ़ इच्छाशक्ति कमजोर नहीं पड़ी।

इस वर्ष की शुरूआत में, मैंने नागपुर में उनके साथ माधव नेत्र चिकित्सालय के उद्घाटन के दौरान मैंने कहा था कि संघ अक्षयवट की तरह है, जो राष्ट्रीय संस्कृति और चेतना को ऊर्जा देता है।

इस अक्षयवट वृक्ष की जड़ें इसके मूल्यों की वजह से बहुत गहरी और मजबूत हैं। इन मूल्यों को आगे बढ़ाने में जिस समर्पण से मोहन भागवत जी जुटे हुए हैं, वो हर किसी को प्रेरणा देता है।

समाज कल्याण के लिए संघ की शक्ति के निरंतर उपयोग पर मोहन भागवत जी का विशेष बल रहा है। इसके लिए उन्होंने पंच परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया है।

इसमें स्व बोध, सामाजिक समरसता, नागरिक शिष्टाचार, कुटुम्ब प्रबोधन और पर्यावरण के सूत्रों पर चलते हुए राष्ट्र निर्माण को प्राथमिकता दी गयी है। देश और समाज के लिए सोचने वाले हर भारतवासी को पंच परिवर्तन के इन सूत्रों से अवश्य प्रेरणा मिलेगी।

संघ का हर कार्यकर्ता वैभव संपन्न भारत माता का सपना साकार होते देखना चाहता है। इस सपने को पूरा करने के लिए जिस स्पष्ट विजन और ठोस एक्शन की जरूरत होती है, मोहन जी इन दोनों गुणों से परिपूर्ण हैं।

मोहन जी के स्वभाव की एक और बड़ी विशेषता ये है कि वो मृदुभाषी हैं। उनमें सुनने की भी अद्भुत क्षमता है। यह विशेषता न केवल उनके दृष्टिकोण को गहराई देती है, बल्कि उनके व्यक्तित्व और नेतृत्व में संवेदनशीलता और गरिमा भी लाती है। मोहन जी, हमेशा 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के प्रबल पक्षधर रहे हैं।

भारत की विविधता और भारत भूमि की शोभा बढ़ा रही अनेक संस्कृतियों और परंपराओं के उत्सव में भागवत जी पूरे उत्साह से शामिल होते हैं। वैसे बहुत कम लोगों को ये पता है कि मोहन भागवत जी अपनी व्यस्तता के बीच संगीत और गायन में भी रुचि रखते है। वे विभिन्न भारतीय वाद्ययंत्रों में भी निपुण हैं। पठन-पाठन में उनकी रुचि, उनके अनेक भाषणों और संवादों में साफ दिखाई देती है।

पिछले दिनों देश में जितने सफल जन-आंदोलन हुए चाहे स्वच्छ भारत मिशन हो या बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मोहन भागवत जी ने पूरे संघ परिवार को इन आंदोलनों में ऊर्जा भरने के लिए प्रेरित किया। मैं पर्यावरण से जुड़े प्रयासों और सस्टेनेबल लाइफस्टाइल को आगे बढ़ाने के प्रति उनके समर्पण को जानता हूँ। मोहन जी का बहुत जोर आत्मनिर्भर भारत पर भी है।

कुछ ही दिनों में विजयादशमी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 100 वर्ष का हो जायेगा। यह भी सुखद संयोग है कि विजयादशमी का पर्व, गांधी जयंती, लाल बहादुर शास्त्री की जयंती और संघ का शताब्दी वर्ष एक ही दिन आ रहे हैं।

यह भारत और विश्वभर के लाखों स्वयंसेवकों के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। हम स्वयंसेवकों का सौभाग्य है कि हमारे पास मोहन भागवत जी जैसे दूरदर्शी और परिश्रमी सरसंघचालक हैं, जो ऐसे समय में संगठन का नेतृत्व कर रहे हैं। एक युवा स्वयंसेवक से लेकर सरसंघचालक तक की उनकी जीवन यात्रा उनकी निष्ठा और वैचारिक दृढ़ता को दर्शाती है। विचार के प्रति पूर्ण समर्पण और व्यवस्थाओं में समयानुकूल परिवर्तन करते हुए उनके नेतृत्व में संघ कार्य का निरंतर विस्तार हो रहा है।


मैं मां भारती की सेवा में समर्पित मोहन भागवत जी के दीर्घ और स्वस्थ जीवन की पुनः कामना करता हूं। उन्हें जन्मदिवस पर अनेकानेक शुभकामनाएं।

## कोल्हान की खबरें

### आवश्यकता आधारित शिक्षकों के साथ विश्वविद्यालय प्रशासन करते हैं सौतेला व्यवहार : डॉ राकेश कुमार

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य विश्वविद्यालय संविदा शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राकेश कुमार पाण्डेय ने कोल्हान विश्वविद्यालय प्रशासन पर आवश्यकता आधारित शिक्षकों के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा हाल ही में पीजी सेमेस्टर 1 की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच के लिए जारी की गयी सूची में इन शिक्षकों को शामिल नहीं किया गया था। जबकि कई महाविद्यालयों और विश्वविद्यालय के विभाग इन्हीं शिक्षकों के भरोसे चल रहे। उन्होंने आगे कहा पीजी की पढ़ाई भी इन्हीं शिक्षकों द्वारा कराई जाती है।इसलिए मूल्यांकन कार्य में उन्हें शामिल न करना सौतेले व्यवहार को साबित करती है।डॉ.पाण्डेय ने कहा अब केंद्र पर स्नातक सेमेस्टर 1 का मूल्यांकन होने वाला है।इस स्थिति में नीड बेस्ड शिक्षक मूल्यांकन कार्य से वंचित रह सकते हैं। उन्हें कक्षा नहीं लेने पर मानदेय भी नहीं मिलेगा। इसलिए वे कक्षा छोड़कर मूल्यांकन कार्य नहीं कर सकते। लेकिन स्थायी शिक्षकों के साथ ऐसी कोई समस्या ही नहीं है।श्री पाण्डेय ने विश्वविद्यालय प्रशासन से केंद्रीय मूल्यांकन के लिए नीड बेस्ड शिक्षकों को नियमित शिक्षकों की तरह मानदेय के साथ मूल्यांकन का आदेश देने की मांग की। यदि ऐसा नहीं होता है तो यह सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन का सौतेला व्यवहार ही माना जायेगा। उन्होंने बताया इस मुद्दे को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही राज्यपाल सह कुलाधिपति, उच्च शिक्षा मंत्री और उच्च शिक्षा सचिव से मुलाकात कर सौतेले व्यवहार को समाप्त करने का आग्रह करेंगे।

### फर्जी खनन अधिकारी बनकर रिश्वत की मांग, जांच शुरू




**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले में जिला खनन कार्यालय के नाम पर धोखाधड़ी का एक गंभीर मामला सामने आया है। एक व्यक्ति ने खुद को खनन विभाग का अधिकारी बताते हुए लाइसेंस के आवेदकों से रिश्वत की मांग की। इस मामले में जिला खनन पदाधिकारी के निर्देश पर खान निरीक्षक समीर कुमार ओझा ने सरायकेला थाना में आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई।शिकायत में बताया गया मोबाइल नंबर 9274075083 से संपर्क करने वाला व्यक्ति खुद को आनंद कुमार और खनन विभाग का अधिकारी बताकर लोगों को भ्रमित करता था। उक्त मोबाइल नंबर को ट्रूकॉलर ऐप पर डीएमओ माइंस के नाम से दर्ज किया गया था। ताकि आम लोगों को विश्वास हो कॉल खनन कार्यालय से ही आ रही है। आरोपी व्यक्ति ने विभागीय प्रक्रिया का दुरुपयोग करते हुए लाइसेंस आवेदनकर्ताओं से अवैध रूप से पैसे की मांग की। जब इसकी जानकारी खनन कार्यालय को मिली तो तुरंत मामला थाना को सौंपा गया और जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गयी। पुलिस ने आरोपी की पहचान के लिए संबंधित मोबाइल नंबर के आधार पर तकनीकी जांच और कॉल डिटेल्स खंगाल रही और गिरफ्तारी के लिए कारवाई तेज कर दी।

### टीएमएच में 'वॉक फॉर लाइफ' और जागरूकता कार्यक्रम

# आत्महत्या की रोकथाम का दिया संदेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर टाटा मेन हॉस्पिटल के मनोरोग विभाग द्वारा एक प्रभावशाली जागरूकता अभियान और वॉक फॉर लाइफ का आयोजन किया गया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम की थीम थी चेंजिंग द नैरेटिव रखा गया। जिसका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी रूढ़ियों को तोड़ना और खुले संवाद को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की शुरूआत एक प्रतीकात्मक वॉकथॉन से हुई। जिसे टाटा स्टील की जनरल मैनेजर मेडिकल सर्विसेज डॉ विनिता सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उनके साथ वरिष्ठ प्रबंधन, डॉक्टरों और स्टाफ सदस्यों ने भी सहभागिता की। मुख्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ विनिता सिंह और विशिष्ट अतिथि डॉ एचसी बंधु (डीन इंचार्ज, मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज) शामिल हुए। अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। मौके पर उन्होंने विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर विस्तार से जानकारी दी। मौके पर अस्पताल प्रबंधन के सभी पदाधिकारी और अन्य मौजूद रहे।

### गुवा थाना में हवलदार की गोली लगने से मौत

**चाइबासा (आजाद सिपाही)।** गुवा थाना में पदस्थापित जैप-09 साहेबगंज के हवलदार 52 वर्षीय बारगी उरांव को गोली लगने से मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार हवलदार बैरक में इंसास राइफल की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान गलती से ट्रिगर दबने से गोली चल गयी और सीधे उनके सिर में लग गयी। मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गयी। घटना के बाद थाना परिसर में अफरा-तफरी मच गयी। साथी जवान उन्हें बचाने का प्रयास करते हुए अस्पताल ले जाने की तैयारी में जुटे। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

# रेलवे सिविल डिफेंस इंस्पेक्टर संतोष कुमार को मिला राष्ट्रीय पदक और प्रशंसा पत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**नयी दिल्ली/ जमशेदपुर।** भारत सरकार के रेल मंत्रालय द्वारा रेल भवन में आयोजित कार्यक्रम में दक्षिण पूर्व रेलवे के टाटानगर में पदस्थापित सिविल डिफेंस इंस्पेक्टर संतोष कुमार को राष्ट्रीय पदक और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नागरिक सुरक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान को देखते हुए दिया गया। रेलवे बोर्ड के कार्यपालक निदेशक अजीत कुमार झा ने उन्हें पदक प्रदान करते हुए उनके कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। मौके पर रेलवे बोर्ड के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।संतोष कुमार दक्षिण पूर्व रेलवे से राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने वाले एकमात्र प्रतिनिधि हैं। उन्हें यह सम्मान नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की दक्षता बढ़ाने, नियमित मॉक ड्रील आयोजित करने, टीम भावना को विकसित करने और आपदा प्रबंधन में उल्लेखनीय योगदान के लिए मिला है। उन्होंने टाटानगर इलेक्ट्रिक लोको पायलट ट्रेनिंग सेंटर में लगभग 10,000 लोको पायलटों को आपदा प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा, अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने लोकसभा व विधानसभा चुनावों में वोटर जागरूकता अभियानों में हिस्सा लेकर मतदाता प्रतिशत बढ़ाने में योगदान दिया। उन्हें 2024 में विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार, 2022 में पीसीएसओ अवार्ड, 2018 में सीनियर एसडीजीएम अवार्ड, 2002, 2005 और 2007 में डीआरएम अवार्ड, 2010 और 2017 में सिनियर डीईई अवार्ड का सम्मान व पुरस्कार मिला था। उनकी इस उपलब्धि पर गार्डन रीच (कोलकाता) दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय से लेकर चक्रधरपुर मंडल तक सभी अधिकारी और कर्मचारी गौरवान्वित हैं। मौके पर उप महाप्रबंधक सह नागरिक सुरक्षा अधिकारी पंकज कुमार गुप्ता सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी। पूर्व रेलवे जोनल सलाहकार समिति के सदस्य अरुण जोशी ने संतोष कुमार को बधाई देते हुए कहा उनका यह सम्मान पूरे रेलवे परिवार के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

### विधायक सविता महतो ने मल्टी पर्पस सेंटर का किया शिलान्यास



**नीमडीह (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां के नीमडीह में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बाड़ेदा पंचायत में बुधवार को मल्टी पर्पस सेंटर निर्माण कार्य का ईचागढ़ विधायक श्रीमती सविता महतो ने शिलापट्ट अनावरण कर विधिवत शिलान्यास किया।इस अवसर पर विधायक ने कहा लगभग 59 लाख रुपये की लागत से इस सेंटर का निर्माण कराया जा रहा। जिससे क्षेत्र के लोगों को सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए एक सुव्यवस्थित मंच उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने संबंधित संवेदक को कार्य समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने का निर्देश दिया।विधायक ने कहा हेमंत सरकार की योजनाएं अंतिम पंक्ति तक बैठे लोगो तक पहुंचे यही उनकी प्राथमिकता है।उन्होंने कहा मल्टी पर्पस सेंटर स्थानीय ग्रामीणों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन साबित होगा।मौके पर पंचायत मुखिया बरुन सिंह, झामुमो के केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, प्रखंड अध्यक्ष सचिन गोप,विश्वनाथ दास, अनिल मांझी, मंगल मांझी, नीलकमल महतो समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण पुरुष और महिलाएं उपस्थित रहे।

### झामुमो कार्यकर्ताओं ने दुर्गा सोरेन को दी श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पूर्वी सिंहभूम जिला समिति की ओर से साकची स्थित जिला संपर्क कार्यालय में झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता और गुरुजी के पुत्र स्व दुर्गा सोरेन की 55वीं जयंती सादगीपूर्वक मनायी गयी। बुधवार को सैकड़ो झामुमो नेता व कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर वक्ताओं ने दुर्गा सोरेन को झारखंड अलग राज्य आंदोलन का वीर योद्धा बताते हुए कहा उनका योगदान झारखंड की जनता कभी नहीं भूल सकती। उनके दिखाए मार्ग पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर पूर्व सांसद सुमन महतो, शेख बदरुद्दीन, प्रमोद लाल, लालटू महतो, शंकरी देवी, प्रीतम हेंब्रम, फतेहचंद टुडू, विनोद डे, भीमसेन मुर्मू, अरुण मुर्मू समेत सैकड़ो नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पूर्व मंत्री मिथिलेश ने किया शहीद अब्दुल हमीद की प्रतिमा का अनावरण

# शहीदों और महापुरुषों के साथ भेदभाव कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे : मिथिलेश ठाकुर





### महापुरुषों और शहीदों का अपमान करना भाजपा की फितरत : झामुमो



झामुमो जिलाध्यक्ष शंभु राम ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि महापुरुषों और शहीदों का अपमान करना भाजपा की आदत और फितरत में शामिल है। देश के वीर सपूत और परमवीर चक्र विजेता शहीद अब्दुल हमीद की प्रतिमा का गढ़वा जिले के मझिआंव मोड़ पर पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के द्वारा स्थापित किए जाने पर इसका विरोध भाजपा की संकीर्ण मानसिकता का ताजा उदाहरण है। जिलाध्यक्ष शंभु राम ने सवाल किया है कि इतने वर्षों में किसी भाजपा नेता ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा क्यों नहीं स्थापित करवाये।

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** वीर शहीद अब्दुल हमीद की शहादत दिवस के मौके पर बुधवार को शहर के मझिआंव मोड़ पर प्रतिमा का अनावरण किया गया। झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री, झामुमो के केंद्रीय महासचिव मिथिलेश ठाकुर ने परमवीर चक्र विजेता वीर शहीद अब्दुल हमीद की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान लोगों ने पूर्व मंत्री को माला पहनाकर एवं बुके देकर काफी गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

मौके पर पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि परमवीर चक्र विजेता वीर शहीद अब्दुल हमीद भारतीय सेना की 4 ग्रेनेडियर में एक सिपाही थे। जिन्होंने 1965 के भारत-पाक युद्ध के दौरान खेमकरण सैक्टर के आसल उत्ताड़ में लड़े गये युद्ध में अद्भुत वीरता का प्रदर्शन करते हुए वीरगति प्राप्त की। जिसके लिए उन्हें मरणोपरांत भारत का सर्वोच्च सेना पुरस्कार परमवीर चक्र मिला। शहीद होने से पहले परमवीर अब्दुल हमीद ने मात्र अपनी 'गन माउंटेड जीप' से उस समय अजेय समझे जाने वाले पाकिस्तान के 'पैटन टैंकों' को नष्ट कर दिया था। उनकी वीरता आज भी अमर है। ऐसे ही वीर शहीदों की वजह से भारत आज भी आजाद है। श्री ठाकुर ने कहा कि इद्रिसी समाज की मांग पर उन्होंने विधायक निधि से इस प्रतिमा को स्वीकृत किया था। परंतु चुनाव प्रक्रिया शुरू हो जाने के कारण अनावरण नहीं हो सका था। उन्होंने कहा कि यह कार्य विधायक को करना चाहिए था। परंतु उन्हें इन सब से कोई लेना-देना नहीं है। गढ़वा में जब भी कोई नेक कार्य होता है तब वे जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन को गुमराह कर रोकवाने एवं अच्छे माहौल को खराब करने का काम करते हैं। प्रशासन को भी स्थिति की जांच करनी चाहिए। इस प्रकार के कार्य करने वाले लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। मौके पर मुख्य रूप से नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, झामुमो जिलाध्यक्ष शंभु राम, जवाहर पासवान, तनवीर आलम, नसीम खलीफा, सरफराज, मदनी खान, नितेश सिंह, फरीद खान, राजेश गुप्ता, चंदन जायसवाल, अनिता दत्त, डॉ इस्तेयाक, ओबैदुल्लाह हक अंसारी, संतोष केसरी, नारद तिवारी, धनंजय, शौकत, ज्योति प्रकाश केशरी, गुप्तेश्वर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### सांसद और विधायक अटल जी की प्रतिमा लगवाने में सक्षम नहीं हैं तो मैं प्रतिमा स्थापित करवाऊंगा: मिथिलेश ठाकुर

गढ़वा। शहर के मझिआंव मोड़ पर परमवीर चक्र विजेता शहीद अब्दुल हमीद की प्रतिमा के अनावरण के मौके पर झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि भाजपा सांसद और विधायक तीन बार चुने गये जो अटल जी की प्रतिमा लगवाने में आज तक सक्षम नहीं हुए। यदि शहर के लोग या भाजपा के लोग मझिआंव मोड़ पर अटल जी की प्रतिमा स्थापित करने के लिए मुझे कहें, तो मैं प्रतिमा स्थापित करवाने के लिए सहस्त्र तैयार हूं। भाजपा के लोग शहीद की प्रतिमा लगाने का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहार वाजपेई की प्रतिमा लगवाने को तैयार हूं। जो लोग अटल जी की प्रतिमा लगवाना चाहते हैं वे लोग मुझसे आग्रह करें, वे जहां कहेंगे मैं वहां अपनी पेंशन की राशि लगाकर अटल जी की प्रतिमा स्थापित करवायेंगे और अनावरण भी उन्हीं लोगों से कराउंगा। उन्होंने कहा कि मैं शहीदों एवं महापुरूषों के साथ कोई भेदभाव नहीं करता हूं। लोग जब चाहें मुझसे मिलें, मैं सहर्ष बाजपेई जी की प्रतिमा लगवाऊंगा।

### भाजपा नगर मंडल प्रतिमा का विरोध नहीं स्थान का विरोध किया है : उमेश कश्यप



भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा है कि उन्होंने शहीद हामिद के प्रतिमा का विरोध नहीं किया बल्कि स्थान का विरोध किया है। पूर्व मंत्री के द्वारा जिला प्रशासन पर सत्ता का दबाव की राजनीतिक कर जबरदस्ती प्रतिमा का उद्घाटन करने का कार्य किये हैं। गढ़वा उपायुक्त के द्वारा कार्य को रोका गया, लेकिन मुख्यमंत्री सचिवालय से आदेश पारित करा कर अनावरण किया गया। देश में अनेकों वीर शहीद हुए देश की आजादी में अनेकों बलिदान हुए, लेकिन विशेष समुदाय के वोट बैंक के लिए आपसी सौहार्द बिगाड़ने में लगे हैं पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर। नगर मंडल अध्यक्ष ने कहा कि पूर्व मंत्री भगत सिंह, शिवाजी महाराज का प्रतिमा लगाये तब लगेगा की इनके अंदर भेद भाव नहीं है। गढ़वा की जनता सभी चीज को देख रही है। समय आने पर उसका भी जवाब देगी। मंत्री क्षेत्र में अराजकता नहीं फैलाते तो आज वह चुनाव नहीं हारते।

## पूर्व मंत्री सांस्कृतिक विरासत को मिटाने की लगातार कर रहे हैं कोशिश : रिंकू तिवारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सह विधायक प्रतिनिधि रिंकू तिवारी ने पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर पर गढ़वा की सांस्कृतिक विरासत और जनसांख्यिकी को बदलने का आरोप लगाया है। तिवारी ने कहा कि पूर्व मंत्री लगातार गढ़वा के सांस्कृतिक मूल्यों पर हमला कर रहे हैं, जिससे बहुसंख्यक हिंदू समाज की भावनाएं आहत हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि तीन घटनाओं का उल्लेख करते हुए पूर्व मंत्री पर निशाना साधा, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि मिथिलेश ठाकुर ने मां गढ़देवी के मंदिर के प्रवेश द्वार पर अपने माता-पिता का नाम लिखकर देवी का अपमान करने की कोशिश की।

**रंका मोड़ पर घंटाघर:** तिवारी ने घंटाघर को 'गुलामी का प्रतीक' बताते हुए कहा कि इसे बनाकर गढ़वा के लोगों को नीचा दिखाने का प्रयास किया गया है।

**माझिआंव मोड़ पर प्रतिमा:** उन्होंने कहा कि नगर पंचायत द्वारा 'अटल चौक' के रूप में अधिसूचित माझियांव मोड़ पर सत्ता का दुरुपयोग करते हुए जनभावनाओं के विपरीत अब्दुल हमीद की प्रतिमा स्थापित की गयी है। तिवारी ने इस कदम को बहुसंख्यक हिंदू समाज की भावनाओं को कुचलने जैसा बताया।

**'भटके हुए युवाओं' से अपील** तिवारी ने अपने समाज के कुछ 'भटके हुए' युवाओं से भी अपील की। उन्होंने इसकी तुलना ईस्ट इंडिया कंपनी से की, जिसे राजा-महाराजाओं ने थोड़े से प्रलोभन में सहयोग देकर देश को 200 साल की गुलामी में धकेल दिया था। इसी तर्ज पर, उन्होंने युवाओं से कहा कि वे थोड़े से लालच में आकर अपनी सांस्कृतिक विरासत पर हो रहे हमले के खिलाफ खड़े हों और गढ़वा की पहचान को बचाने में मदद करें।

## खेलकूद प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर के छात्रों ने जीते पदक



आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** नोआमुंडी में आयोजित 36वें प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर टाउनशिप के भैया बहन ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

किशोर वर्ग की प्रतिभाशाली छात्रा प्रियांशी चौबे ने तीन प्रतियोगिताओं में समान रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी अद्वितीय खेलकौशल का परिचय दिया। उन्होंने शॉट पुट थ्रो में द्वितीय स्थान,डिस्कस थ्रो में द्वितीय स्थान, जैवलिन थ्रो में द्वितीय स्थान हासिल किया। भैया शुभम सिंह ने हाई जंप प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी उत्कृष्ट खेल क्षमता का परिचय दिया। विद्यालय विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह सिंगर, सचिव साकेत बिहारी, कोषाध्यक्ष गौतम सोनी, प्रधानाचार्य शिव बालक प्रसाद सिंह, आचार्य रूपलता, विभा अजय कुमार, राम इकबाल शर्मा, धीरज ने इस जीत पर भैया बहनों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य के कामना की।

### पूर्व मंत्री ने गोदरमाना में किया रवि अल्ट्रासाउंड का उद्घाटन



रंका (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने रंका प्रखंड अंतर्गत चुटिया पंचायत के गोदरमाना में मंगलवार को फीता काटकर रवि अल्ट्रासाउंड का उद्घाटन किया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि इस अल्ट्रासाउंड के शुभारंभ होने से लोगों को काफी सहुलियत होगी। अब अल्ट्रासाउंड कराने के लिए गढ़वा - डाल्टनगंज या छत्तीसगढ़ नहीं जाना पड़ेगा जिससे लोगों को समय और पैसा दोनों की बचत होगी। इस मौके पर झामुमो गढ़वा जिला उपाध्यक्ष रौशन पाठक, पूर्व बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, युवा जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह उर्फ संजय छोटू, दिलीप सिंह, प्रखंड अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी, देवेंद्र तिवारी, जिपस राहुल तिवारी, चुटिया पंचायत मुखिया प्रतिनिधि शंभू गुप्ता, युवा नेता शंभू यादव सहित काफी संख्या में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### लवाही मंदिर परिसर की विवादित जमीन का सीओ ने की जांच

डंडई (आजाद सिपाही)। डंडई प्रखंड के लवाहीखुर्द गांव स्थित बाबा मंगरदह महादेव मंदिर परिसर की जमीन पर अवैध कब्जा मामले की खबर दैनिक समाचार पत्रों में छपते ही प्रखंड के प्रशासनिक पदाधिकारी हरकत में आ गये। बुधवार को अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक के द्वारा कर्मचारियों के साथ स्थल पहुंच मामले पर जांच पड़ताल करना शुरू कर दिया गया। जांच के दौरान अंचलाधिकारी ने पाया कि मंदिर के पास एक नीम का पेड़ था, जिसे लगभग चार-पांच महीने पहले काट दिया गया है। अतिक्रमण के आरोपी व्यक्ति बसरुद्दीन अंसारी से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि वह नीम का पेड़ उनके पिताजी ने लगाया था और वह उनकी रैयती भूमि (निजी जमीन) पर था। बदरुद्दीन ने बताया कि वह अपनी जमीन की घेराबंदी करना चाहते हैं ताकि भविष्य में कोई विवाद न हो। अंचलाधिकारी ने बसरुद्दीन को फिलहाल विवादित जमीन पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य करने से रोक लगा दी है और उनसे जमीन के वैध कागजात दिखाने को कहा है। वर्तमान में मंदिर परिसर की स्थिति सामान्य है, और अंचलाधिकारी ने स्थानीय पुलिस को पूरे मामले पर नजर रखने का निर्देश दिया है।

### पंचायत उन्नति सूचकांक मूल्यांकन सभा आयोजित

रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड अंतर्गत कंचनपुर एवं रंकाकला पंचायत भवन में मंगलवार को पंचायत उन्नति सूचकांक (पीएआई) पाई का चौदह प्रकार के विकास तथ्यों पर आधारित मूल्यांकन सभा का आयोजन किया गया। पंचायती राज प्रखंड समन्वयक कृति गुप्ता ने कहा कि पाई का उद्देश्य पंचायतों की प्रगति को दर्शाना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है, नीति निर्माताओं को प्रगति का आकलन करने में तथा नीतियां संशोधन करने में मदद मिल सके। इस मौके पर कंचनपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर कुमार, पंचायत सचिव शोभा मिश्रा, रंकाकला मुखिया रणजीत सोनी, सचिव किरण, रोजगार सेवक शशि सहित काफी संख्या में दोनों पंचायत के ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

### तमगेकला में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित

रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड अंतर्गत तमगेकला पंचायत भवन में बुधवार को वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को डिजिटल बैंकिंग, बीमा योजनाएं तथा वित्तीय धोखाधड़ी से सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। डिजिटल फ्रॉड से बचने के उपायों पर विशेष सत्र लिया गया और बताया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या धोखाधड़ी की सूचना 1930 नंबर पर कॉल करके दी जा सकती है। इस मौके पर तमगेकला पंचायत के मुखिया रिंकी देवी, जेआरजीबी रंका शाखा प्रबंधक छांगुर राम, जेआरजीबी एफएलसी राजीव कुमार दुबे, सीएफएल इंचार्ज सतीश कुमार दुबे, वार्ड सदस्यों सहित काफी संख्या में महिला पुरुष ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

### बिजली चोरी के खिलाफ चला चेकिंग अभियान

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। विद्युत विभाग के कनीय अभियंता महादेव महतो के नेतृत्व में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली चोरी के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाकर 10 लोगों के खिलाफ 1 लाख 48 हजार रुपये का फाइन लगाते हुए उनके विरुद्ध भवनाथपुर थाना में बिजली चोरी से संबंधित मामला दर्ज कराया गया है। विद्युत विभाग के जेई महादेव महतो ने बताया कि मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के कैलान और भवनाथपुर पंचायत मे चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 10 लोगों को अवैध तरीके से बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। छपामारी टीम में अशोक कुमार, पंकज कुमार, उमेश प्रजापति, बीरेंद्र पासवान सहित अन्य शामिल थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र महीनों से बंद नौनिहालों का भविष्य अधर में

डंडई प्रखंड के रारो पंचायत के तुमिया आदिवासी टोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पिछले कई महीनों से बंद पड़ा है

ग्रामीणों का आरोप है कि आंगनबाड़ी सेविका केंद्र पर शायद ही कभी आती हैं



आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई।** डंडई प्रखंड के रारो पंचायत के तुमिया आदिवासी टोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पिछले कई महीनों से बंद पड़ा है। केंद्र के बंद रहने से छह वर्ष से कम उम्र के बच्चे न तो बुनियादी शिक्षा पा रहे हैं और न ही पोषण आहार का लाभ उठा पा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि आंगनबाड़ी सेविका चिंता कुमारी सिंह केंद्र पर शायद ही कभी आती हैं। अधिकांश समय केंद्र का ताला बंद ही मिलता है। ग्रामीण अरुण सिंह, अनिल सिंह, रुपेश सिंह, भुखन सिंह, गोविंद सिंह, दुर्गावती देवी समेत अन्य लोगों ने बताया कि यह केंद्र बीते 3 से 4 महीने से पूरी तरह बंद है। केवल 15 अगस्त को झंडा फहराने के लिए बच्चों को बुलाया गया था, उसके बाद से केंद्र नहीं खुला। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पोषाहार कभी-कभार ही बंटता है और वह भी सभी बच्चों तक नहीं पहुंचता। आरोप है कि सेविका स्वयं पोषाहार का दुरुपयोग कर रही हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि विभागीय अधिकारियों की सही तरीके से निगरानी और मॉनिटरिंग नहीं होने के कारण ऐसी स्थिति बनी हुई है। नतीजा यह है कि बच्चों को सरकार की ओर से मिलने वाली किसी भी सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में पहले भी बाल विकास परियोजना कार्यालय में शिकायत की गयी थी। उस समय प्रवेक्षिका ने मौके पर पहुंचकर सुधार का निर्देश दिया था, लेकिन स्थिति आज भी जस की तस बनी हुई है। पूछे जाने पर सेविका चिंता कुमारी सिंह ने कहा कि इन दिनों पोषाहार वितरण के लिए फेस केवाईसी की प्रक्रिया चलायी जा रही है। उसी में व्यस्त रहने के कारण केंद्र पर नियमित रूप से उपस्थित नहीं हो पा रही हूं।

## डीसी ने धुरकी प्रखंड के विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

विद्यालयों की व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**धुरकी (गढ़वा)।** उपायुक्त (डीसी) दिनेश कुमार यादव ने बुधवार को धुरकी प्रखंड के तीन विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शैक्षणिक गुणवत्ता, संसाधनों के उपयोग, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, मध्याह्न भोजन एवं स्वच्छता व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की।

निरीक्षण की शुरूआत खाला विद्यालय पीएम श्री विद्यालय से की गयी। यहां डीसी ने प्रभारी प्राचार्य से शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी ली। तत्पश्चात वे कक्षा में पहुंचे और विद्यार्थियों से सीधे सवाल-जवाब कर शिक्षण स्तर की जांच की। उन्होंने पाया कि पढ़ाई की गति अपेक्षित स्तर पर नहीं है। इस पर उन्होंने शिक्षकों को सचेत किया और स्पष्ट कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। यदि किसी प्रकार की शिथिलता पायी गयी तो सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी।

डीसी ने विद्यालय परिसर की स्वच्छता और मध्याह्न भोजन का भी जायजा लिया। भोजन की गुणवत्ता संतोषजनक पायी गयी, लेकिन उन्होंने निर्देश दिया कि प्रतिदिन भोजन की गुणवत्ता की निगरानी की जाये और छात्र-छात्राओं को समय पर उपलब्ध कराया जाये। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार द्वारा जो भी सुविधाएं छात्रों के लिए उपलब्ध करायी जाती हैं, उनका लाभ सीधे बच्चों तक पहुंचना चाहिए। निरीक्षण के दौरान गढ़वा डीएसई और धुरकी बीडीओ विमल कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

विद्यालयों के निरीक्षण के बाद डीसी धुरकी प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने ग्रामीण जनता की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को समाधान हेतु निर्देश दिया। डीसी ने सभी को निर्देश दिया कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार, स्वच्छ वातावरण तथा योजनाओं के क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि बच्चों का भविष्य हमारी जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

### राजकीय मध्य विद्यालय में सम्मान समारोह



भंडरिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय मध्य विद्यालय परिसर में शिक्षक दिवस सह सम्मान समारोह बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। उद्घाटन सेवानिवृत्त प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी चंदेश्वर प्रसाद सिंह, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार तथा सेवा-निवृत्त शिक्षक कुंवर सिंह, ब्रह्मदेव सिंह और वीरेंद्र तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि चंदेश्वर प्रसाद सिंह ने शिक्षकों को समाज और राष्ट्र निर्माण की रीढ़ बताते हुए कहा कि शिक्षा ही विकास का मूलमंत्र है।

### राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय में अभिभावक गोष्ठी



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय झगड़ाखांड़ के सभाकक्ष में बुधवार को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में छात्रों की शत-प्रतिशत उपस्थिति बढ़ाने के लिए जोर दिया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक वरुण कुमार सिंह कहा ने कि अभिभावक अपने बच्चों को किसी भी परिस्थिति में विद्यालय भेजने का प्रयास करें और साथ ही समय समय पर अपने बच्चों की जानकारी दूरभाष से या स्वयं विद्यालय में आकर लेते रहें। संगोष्ठी में प्रभारी प्रधानाध्यापक वरुण कुमार सिंह, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रमाशंकर पाठक, वरिष्ठ शिक्षक मिथिलेश कुमार दुबे आदि उपस्थित थे।

## मिट्टी को भी भगवान का रूप दे देने वाले कलाकार आदर के पात्र : एसडीएम

'कॉफी विद एसडीएम' में माटी से जुड़े मूर्तिकारों के साथ हुआ संवाद

मूर्तिकारों को मंच देने के लिए 'मृदा शिल्प मेला' की बनी रूपरेखा



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आज बुधवार को सदर एसडीएम संजय कुमार ने अपने नियमित साप्ताहिक कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में क्षेत्र के मिट्टी की मूर्तियां बनाने वाले मूर्तिकारों के साथ संवाद किया। इस अवसर पर अनेक मूर्तिकार उपस्थित हुए। उन्होंने अपनी समस्याओं एवं सुझावों को साझा किया। मूर्तिकारों ने मिट्टी की सहज उपलब्धता, बाजार तक पहुंच तथा उनके कार्य को प्रोत्साहन देने हेतु मेलों के आयोजन जैसी मांगें रखीं।

एसडीएम संजय कुमार ने मूर्तिकारों को आश्वस्त किया कि उनके कौशल विकास एवं प्रशिक्षण के लिए प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शीघ्र ही गढ़वा में विशेष रूप से मिट्टी के कलाकारों के लिए एक भव्य 'मृदा शिल्प मेला' आयोजित किया जायेगा, जिससे उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और बाजार से सीधे जुड़ने का अवसर मिलेगा।

**कला, संस्कृति, धर्म और परंपराओं के वाहक हैं शिल्पकार** एसडीएम ने कहा कि सभी शिल्पकार न केवल कला के संरक्षक हैं, बल्कि हमारी संस्कृति, धर्म और परंपरा के वाहक भी हैं। प्रशासन उनके विकास और हर सुख दुख में उनके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि कलाकारों पर ईश्वर की विशेष कृपा होती है इसलिए उनकी विद्या के कारण वे सभी आदर के पात्र हैं।

**कोयल नदी की मिट्टी मूर्ति निर्माण अनुकूल :** ज्यादातर मूर्तिकारों ने कहा कि गढ़वा में कोयल नदी के तटीय इलाकों की मिट्टी मूर्ति निर्माण के लिए बहुत ही अनुकूल है। यहां पुआल की भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता है, इतना ही नहीं यहां के लोगों में सीखने की प्रवृत्ति भी है।

**इको-फ्रेंडली होती हैं मिट्टी की मूर्तियां :** मूल रूप से बंगाल के रहने वाले किंतु गढ़वा को ही अपनी कर्म स्थली मानने वाले राष्ट्रपति के हाथों पुरस्कृत मूर्तिकार श्री संजय सूत्रधार ने बताया कि मिट्टी और पुआल से बनी मूर्तियां पूरी तरह से जलाशयों में विसर्जन करने योग्य होती हैं, उनसे किसी भी प्रकार का जल प्रदूषण नहीं होता है।

**छोटी मूर्तियों के लिए स्थानीय स्तर पर बाजार की कमी :** कांडी प्रखंड के रहने वाले देवेंद्र प्रजापति और सदर प्रखंड के उदय प्रजापति ने कहा कि त्योहारों के दौरान बड़ी मूर्तियों को बनाने वाले लोगों को बाजार मिल जाता है, किंतु छोटी मूर्तियों, खिलौनों आदि के लिए गढ़वा में बाजार अनुकूल नहीं है। यदि प्रशासनिक स्तर से ब्रांडिंग और बाजार उपलब्धता में मदद मिल जाये तो यहां के स्थानीय मूर्तिकार सालों पर मिट्टी की कला से अपनी बेहतर जीविका चला सकते हैं।

### स्वास्थ्य कर्मियों की समीक्षा बैठक

भंडरिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को स्वास्थ्य कर्मियों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार ने की। इस दौरान प्रखंड स्तर पर संचालित सभी स्वास्थ्य योजनाओं और कार्यक्रमों की बारीकी से समीक्षा की गयी। बैठक में खासतौर पर मलेरिया नियंत्रण, क्षय रोग (टीबी) उन्मूलन, टीकाकरण, सिकल सेल जांच, परिवार नियोजन तथा संस्थागत प्रसव से जुड़ी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। डॉ. संजय कुमार ने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिया कि टीकाकरण और संस्थागत प्रसव जैसे संवेदनशील विषयों पर किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाये।

## गड्ढे में डूबने से बच्चे की मौत, ग्रामीणों में रोष

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर एक करकट में पानी से भरे एक गड्ढे में डुबने से एक पांच वर्षीय बच्चे की मौत हो गयी। घटना मंगलवार की है। बच्चे की पहचान फैज अली, पिता वजीर अंसारी के रूप में की गयी है। बताया गया कि फैज अली अपने छोटे भाई और छोटी बहन के साथ पढ़ने आंगनबाड़ी केंद्र जा रहा था। रास्ते में मुर्गा फार्म के पास एक गड्ढा था और बरसात में उसमें पानी भर गया था। आंगनबाड़ी जाते समय फैज का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूबने लगा। बच्चों के द्वारा शोर मचाये जाने के बाद आसपास के लोग वहां पहुंचे और बच्चे को बाहर निकाला। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया लेकिन जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि उस रास्ते से दर्जनों बच्चे स्कूल आते- जाते हैं और मुर्गा फार्म के मालिक अजय साहू को पहले भी गड्ढे को भरने को बोला गया था, लेकिन उन्होने नजरअंदाज कर दिया। 15 दिन पहले भी एक बच्ची डूब गयी थी। तब एक महिला ने किसी प्रकार उसे निकाला था। अजय साहू ने बताया कि वह अपनी जमीन पर बोरिंग करवा रहे थे, जो फेल हो गया था, बाद में वे वहां एक कुआं का निर्माण करा रहे थे। बरसात के कारण काम बंद था। बताया कि उन्होने अपने खेत में जाली का घेराव भी किये थे, जिसे तोड़ कर लोग आना जाना कर रहे थे।

### एसपी सादिक अनवर रिजवी ने की मासिक क्राइम कंट्रोल की समीक्षा

## अपराध नियंत्रण के लिए रात्रि गश्ती में तेजी लाने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बुधवार को पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी की अगुवाई मे मासिक क्राइम कंट्रोल की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान जिले में अपराध की घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए एसपी ने सभी थाना प्रभारियों और वरीय पुलिस पदाधिकारियों को कड़ा निर्देश दिया। इस दौरान गत माह में मिली पुलिस को सफलता पर समीक्षा की गयी। नक्सल गतिविधियों, लॉ एंड ऑर्डर को लेकर कई दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान ईद मिलादुन्नबी त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से बीतने पर पुलिस अधिकारियों को बधाई देते हुए उनका हौसला अफजाई किया। आगामी दशहरा त्योहार को लेकर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया। विगत माह जिले में घटित महिला उत्पीड़न, हत्या, आपराधिक मामले चोरी, गृहभेदन, वाहन चोरी आदि मामलों की थानावार समीक्षा की गयी। पोस्को एक्ट और आइटी एक्ट के मामले में विशेष रूप से कार्रवाई करने का निर्देश दिया। लंबित वारंट निष्पादन में और तेजी लाने तथा फरार अपराधियों की गिरफ्तारी संवेदनशीलता से कार्रवाई करने को कहा। महिला उत्पीड़न, एससी, एसटी के कांडो में शीघ्र कार्रवाई पूर्ण कर समय पर न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित करने आदेश दिये। यातायात अधिनियम के अंतर्गत यातायात प्रभारी को विशेष अभियान चलाने को कहा। एसपी ने कहा कि अपराध को नियंत्रित करने को लेकर रात्रि गश्ती में तेजी लायी। क्राइम कंट्रोल में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

अपराध गोष्ठी में पुराने लंबित कांडो, लंबित जमानतीय, गैरजमानतीय वारंट, कुर्की जब्ती, जांच प्रतिवेदन, चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट इत्यादि का समीक्षा के साथ ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। सड़क दुर्घटना में कमी लाने हेतु सभी एहतियाती कदम उठाने का निर्देश दिया गया। मौके पर लोहरदगा एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, किस्को एसडीपीओ वेदांत शंकर, , डीएसपी मुख्यालय समीर कुमार तिर्की,डीएसपी सुधीर प्रसाद, सदर थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर, कुडू थानेदार मनोज कुमार, सेन्हा थानेदार वारिश हुसैन, भंडरा थानेदार रवि रंजन समेत सभी थानों के थानेदार, कई पुलिस अवर निरीक्षक एवं सहायक अवर निरीक्षक शामिल थे।

## दामिनी और सचेत एप से मिलेगी मौसम की पूर्व सूचना

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी प्रमोद दास ने आमजनों से अपील किया है कि खराब मौसम व वज्रपात से जुड़ी जानकारी से अद्यतन रहने के लिए सरकार द्वारा सचेत एवं दामिनी एप शुरू किया गया है जिसे कोई भी अपने मोबाईल में एप के रूप में इनस्टॉल कर सकते हैं। इन मोबाइल एप के माध्यम से आपके क्षेत्र के 20 से 40 किलोमीटर के दायरे में होने वाले वज्रपात की जानकारी मिल सकती है। सचेत और दामिनी एप समय से पहले ही बिजली, वज्रपात, वगैरह की संभावना की सटीक जानकारी देता है। इस एप में काफी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गयी है। साथ ही वज्रपात की स्थिति में बचाव कैसे करें, इस बारे में बताया गया है। एप में सुरक्षा के उपाय के अलावा प्राथमिक चिकित्सा संबंधी जानकारी भी दी गयी है। दोनों एप; सचेत एवं दामिनी के माध्यम से वज्रपात का पूवार्नुमान लग जाता है और ऐसे में लोगों के पास पर्याप्त समय होता है कि वे सुरक्षित जगह पर चले जाएं। समय रहते जानकारी मिलने पर सतर्क होकर जानमाल की क्षति से बचा जा सकता है। ऐसे में आवश्यक है कि ज्यादा से ज्यादा लोग सचेत एवं दामिनी एप को डाउनलोड कर उपयोग करें। यह एप भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) की ओर से जारी येलो, ऑरेंज और रेड अलर्ट को मोबाइल नोटिफिकेशन और मोबाइल एसएमएस के माध्यम से पहुंचाता है। वहीं, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से विकसित दामिनी एप 20 से 40 किलोमीटर के दायरे में बिजली गिरने की संभावना होने पर उपयोगकर्ताओं को 15–45 मिनट पहले जानकारी दे देता है।

## तेतरतर दुर्गा पूजा समिति का कार्यालय खुला



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** थाना रोड बालिका स्कूल के निकट तेतरतर दुर्गा पूजा समिति कार्यालय का शुभारंभ पंडाल के समीप आवास में समिति के आजीवन संरक्षक राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता और दिलीप कांस्यकार द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया। समिति के वरिष्ठ अभिभावक, मार्गदर्शक,पथ प्रदर्शक चंद्रशेखर मिश्र और अवकाश प्राप्त शिक्षक सह संरक्षक बजरंग प्रसाद के आकस्मिक निधन पर इस वर्ष समिति पूजा सादगी पूर्वक मनायेगी। मौके पर कृष्णा सिन्हा (शिक्षक), वरिष्ठ पत्रकार सत्यकाम, संजय खत्री,राजन मेहता, शशि वर्मा, प्रदीप खत्री, गुड्डू सिंह, सुनील मेहता, धनंजय वर्मा, मुकेश महतो, मुकेश गुप्ता,भीम महतो,मिथिलेश वर्मा बाबू,आनंद ठाकुर,अविनाश गुनी, अरुण महतो, शंभू ठाकुर, कुलदीप ठाकुर, विक्रम वर्मा, शुभम वर्मा, चंदन ठाकुर, हर्षित खत्री, रणधीर सिन्हा, अद्वैत बर्म्मन ,सत्या, सूरज, निखिल, सुक्कू, अभिषेक, पीयूष आदि उपस्थित थे।

## रेल स्लीपर तोड़वाने वाले संवेदक पर गड़बड़ी का आरोप, कार्रवाई की मांग

> वन विभाग की जमीन पर रेल स्लीपर तोड़वाने वाले संवेदक पर होगी कार्रवाई : रेंजर अजय

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरकाकाना-डालटनगंज सीआइसी सेक्शन के बरवाडीह रेलवे स्टेशन के नजदीक रेलवे ट्रैक से निकाले गए पुराने स्लीपर तोड़ने का कार्य युद्धस्तर पर चल जा रहा है। इस कार्य में भारी अनियमितताएं सामने आयी हैं। स्थानीय दर्जनों ग्रामीणो के अनुसार, ये कार्य एक बाहरी राज्य की कंपनी द्वारा लिया गया टेंडर है, जिसे बड़े पैमाने पर रेलवे और वन भूमि पर बिना अनुमति के स्लीपर तोड़ने का काम कराया जा रहा है। जबकि इन स्लीपरों को रेलवे क्षेत्र से हटाकर कहीं दूसरे स्थान पर तोड़ना था। जिसमें किसी रैयत की खाली पड़ी जमीन का रैयत से एग्रीमेंट कराकर तोड़ना था। लेकिन ठेकेदार द्वारा बगैर किसी के परमिशन के किसी की भी जमीन पर स्लीपर गिरा दिया जा रहा है और स्लीपर के अंदर का सरिया और लोहे को निकालने का कार्य भी जारी है। बावजूद इसके संबंधित विभागों की चुप्पी इस मामले को और गंभीर बना रही है। स्थानीय रैयत समाज सेवी उदय प्रसाद ने इस कार्य के खिलाफ बरवाडीह थाना मे आवेदन देकर मामला दर्ज की है। उन्हों ने कंपनी और संवेदक पर कानूनी कार्यवाई की मांग की है। आवेदन मे कहा गया है कि इस कार्य में सैकड़ों मजदूर लगाये गये हैं, लेकिन उनमें से कोई भी बरवाडीह प्रखंड या लातेहार जिले का नहीं है। बाहरी राज्य से मजदूर लाकर रोजगार के अधिकार का भी उल्लंघन किया जा रहा है। इस मामले में छिपादोहार पश्चमी क्षेत्र के रेंजर अजय टोप्पो ने कहा कि यदि वन भूमि पर अनधिकृत रूप से यह कार्य जारी है तो कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले की पूरी जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जायेंगे क्योंकि, इससे भविष्य में सुरक्षा संबंधी खतरों के साथ-साथ पर्यावरण पर भी बुरा प्रभाव पड़ेगा। वही इस संबंध में बरवाडीह रेलवे के पीडब्लूआइ इंचार्ज अरुण कुमार ने बताया कि रेल की जमीन से स्लीपर को ले जाना है, यहां तोड़ना नहीं है। अगर ठिकेदार द्वारा ऐसा किया गया है तो जांच कर वरीय अधिकारियों को मामले से अवगत कराया जायेगा।

## फरार पूर्व नक्सली कलेश्वर खेरवार गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों द्वारा चलाये जा रहे सख्त अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की गयी है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किस्को आईपीएस अधिकारी वेदांत शंकर के नेतृत्व में 32वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल एवं अन्य थानों की संयुक्त टीम ने पेशरार थाना क्षेत्र के ग्राम ब्रहमण्डीहा से फरार नक्सली कलेश्वर खेरवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कलेश्वर खेरवार पूर्व में भाकपा माओवादियों के साथ सक्रिय रहा और वर्ष 2017 में आत्मसमर्पण कर चुका था। लेकिन हाल ही में उसके घर लौटने की सूचना पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी को प्राप्त होने पर सशस्त्र बलों ने सघन छापामारी अभियान चलाकर उसे दबोच लिया गया। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पेशरार थाना कांड संख्या 04/25 दिनांक 27.06.2025 के तहत धारा 190/191/126/127/109/61 भान्यासं, 17 सीएलए एक्ट एवं 27 आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज है। गिरफ्तारी के समय कलेश्वर के कब्जे से जब्त सामग्री में एक ब्लू रंग का स्मार्टफोन, काला पिटू बैग जिसमें चार सिम कार्ड, नेवी ब्लू डायरी और जेजेएमपी संगठन का पर्ची शामिल है। इसके अलावा, पूर्व में 26 जून को हुई मुठभेड़ के दौरान एसएलआर मैगजीन, जिंदा गोलियां, इंसास खोखा, मोबाइल फोन, वाकी-टॉकी, पावर बैंक और नगदी 3100 भी बरामद की गयी थी। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस बड़ी कार्रवाई को राज्य में नक्सली गतिविधियों पर लगाम कसने के प्रयास में मील का पत्थर माना जा रहा है। छापामारी अभियान में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किस्को वेदांत शंकर, पुलिस निरीक्षक 32वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल मनीष कुमार, थाना प्रभारी कुडू मनोज कुमार, बगडू, पेशरार, जोबांग सहित तकनीकी शाखा और सशस्त्र बल के कई अन्य कर्मी शामिल रहे।

## फाइलेरिया रोगियों के बीच एमएमडीपी किट का वितरण



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा के फाइलेरिया क्लीनिक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के निर्देशानुसार फाइलेरिया रोगियों के बीच एमएमडीपी किट, चप्पल और अन्य सामग्री का वितरण किया गया। वही एमटीएस इंचार्ज गंदूर उरांव, सतीश यादव और साहिना परवीन के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि सभी फाइलेरिया रोगियों के बीच एमएमडीपी किट वितरण किया जा रहा है और वैसे फाइलेरिया रोगी जिसका पैर फूला हुआ है, साधारण चप्पल पहनने लायक नहीं है उनके लिए मलेरिया विभाग द्वारा स्पेशल चप्पल नि:शुल्क दिया जा रहा है। साथ ही सभी लोगों को फाइलेरिया क्लीनिक के बारे भी जानकारी दी गयी। जिसमें प्रत्येक मंगलवार को फाइलेरिया रोगी को इस बीमारी से बचाव का परामर्श दिया जाता है। जिसे फाइलेरिया से बचा जा सके। साथ ही फाइलेरिया चिकित्सक द्वारा बताया गया कि मच्छर के काटने से तथा गंदा पानी का इस्तेमाल करने पर फाइलेरिया होता है। मौके पर गंदूर उरांव, सतीश यादव, साहिना परवीन के अलावे फाइलेरिया रोग से ग्रसित अन्य लोग उपस्थित थे।

## थाना दिवस पर तीन मामलो का निष्पादन



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह थाना परिसर में बुधवार को थाना दिवस का आयोजन सीओ लवकेश सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी अनूप कुमार एएसआइ पंचरत्न यादव, बीरेंद्र कुमार, उपेन्द्र सिंह, एसएन ओझा आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर सीओ ने लोगों को समझाते हुए कहा कि छोटी–मोटी समस्या को आपस में ही मिल बैठकर सुलझाना ही सबसे बड़ा बड़प्पन है। छोटी मोटी समस्या को लेकर आपस में लड़ना, झगड़ना, मारपीट करना कानून को हाथ में लेना यह मूर्खता है। सरकार इसी पहल को लेकर थाना दिवस का आयोजन किया है, ताकि छोटी–मोटी समस्याओं का निष्पादन मिल बैठकर आपस में कहीं कर ले। वही थाना दिवस के मौके पर 9 आवेदन पड़े तत्काल कुटमु,पोखरी,लेडगाई के तीन मामलो का ऑनस्पोर्ट निष्पादन किया गया।

## महिला से सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में पांच गिरफ्तार

**गारू (आजाद सिपाही)।** गारू थाना क्षेत्र में विधवा महिला से सामूहिक बलात्कार के पांच आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार गारू में 36 वर्षीय विधवा महिला के साथ बलात्कार की घटना हुई थी, इसकी भुक्तभोगी ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस संबंध में भुक्तभोगी ने दर्ज प्राथमिकी में बताया कि घर जाने के दौरान आरोपियों ने रात में रास्ते में अकेले पाकर सभी खेत में बारी बारी से मुंह काला किया, इस संबंध में गारू थाना में कांड संख्या 35/2025 दर्ज किया गया था। गारू थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना पुलिस करते हुए पांचों आरोपी को गिरफ्तार करने में सफल रही। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के पुरनी हेसाग के जोसेफ उरांव, दिनेश उरांव दोनों ग्राम पुरनी हेसाग, छिपादोहर थाना के बरखेता लात के अनु उरांव वर्तमान पता ग्राम पुरनी हेसाग जिला लातेहार, रंजीत उरांव ग्राम दलदलीया–सुकरी दोहर थाना गारु एवं अप्राथमिक अभियुक्त रोहित उरांव ग्राम दलदलीया थाना गारु को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त सभी को धारा 70(1) बीएनएस के प्राथमिक अभियुक्त को लातेहार जेल भेज दिया।

## तालाब में डूबने से युवक की मौत

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जोबांग थाना क्षेत्र के मांची गांव में तालाब में डूबने से 19 वर्षीय युवक करमदेव सिंह खेरवार पिता कुंजलाल सिंह खेरवार की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार, करमदेव दोपहर भोजन करने के बाद तालाब की ओर गया था। इसी दौरान पैर फिसलने से वह गहरे पानी में जा गिरा। युवक की डूबने की आवाज सुनकर दो लोग मदद के लिए दौड़े। उसे ग्रामीणों की मदद से तालाब से बाहर निकालकर अस्पताल पहुचाया। जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## सड़क हादसे में छात्र घायल

**कुडू/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के जोजरो गांव निवासी सूरजु उरांव का पुत्र अमन उरांव 10 वर्ष कक्षा 6 का छात्र, बुधवार को स्कूटी दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। कुडू सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहरदगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार वह दोस्तों संग मैच देखने जा रहा था, तभी उमरी पुल के पास पीछे से आयी स्कूटी की टक्कर से वह बुरी तरह जख्मी हो गया।

## नियम के विरुद्ध यातायात परिचालन बर्दाश्त नहीं : डीटीओ




**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा लातेहार उपायुक्त के निर्देश पर लातेहार परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में चंदवा थाना क्षेत्र एक सघन अभियान चलाया गया। जिसमें कई वाहनों का कागज के साथ-साथ कई तरह के परिचालक की जांच की गयी। जिसमें देखा गया कि कई लोग नियम के विरुद्ध कार्य कर रहे हैं जिसमें बस चालक ट्रक ओवरलोडिंग करते नजर आये उनपर नियम संगत कार्रवाई करते हुए 20 वाहनों की जांच की गयी और चालान काटा गया। जांच के दौरान कुल राशि 53.5 हजार रुपये की वसूली की गयी। इस दौरान लातेहार परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि नियम के विरुद्ध वाहन नहीं चलाया गया तो नियम संगत करवाई की जायेगी।

## आबकारी विभाग के पुलिस निरीक्षक और चालक पर घर में जबरदस्ती घुसने का आरोप, मामला दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार सदर प्रखंड के ग्राम का एक मामला प्रकाश में आया है कि मनन चोटाग के रहने वाले राकेश सिंह उम्र 38 वर्ष पिता चंद्रमा सिंह के द्वारा लातेहार न्यायालय में एक मामला दर्ज कराया है। जिसमें कहा है कि गत 20 जुलाई 2025 को रात्रि 11:30 में मेरे घर में 8,10 की संख्या में हथियार के साथ कुछ लोग घर के दरवाजे खटखटा (उस वक्त घर में मेरे पिता चंद्रमा सिंह और माता गीता देवी मौजूद थी) हथियारबंद लोगों ने बिना कोई नोटिस दिये रात्रि के 11:30 घर में घुसकर जबरदस्ती घुस गये और सभी कमरे का दरवाजा खुलवाकर जबरदस्ती देखने और कई सामान का इधर-उधर किया गया। कुछ भी पूछे जाने पर हथियार के साथ आये लोगों गाली गलौज करते रहे सामान को तीतर बीतर कर रहे थे। एक बैग में घर के कमरे में कुछ सामान को डालकर माता-पिता को धमकी देते हुए चले गये। उसके बाद माता-पिता काफी डर गये उन्होंने लगभग 30 से 45 मिनट तक उपद्रव घर में मचाया। माता-पिता के द्वारा लगातार पूछे जाने पर कि आप लोग कौन हैं तो उसमें एक व्यक्ति अपना नाम अनूप कुमार बतलाया और दूसरा व्यक्ति सोनू कुमार साहू नाम बतलाया और कहा कि हम लोग आबकारी विभाग से आये हुए हैं। एक उसके साथ भी आए हुए और जो व्यक्ति थे। यह दोनों वह लोग को आबकारी विभाग का पुलिस कर्मी बता रहे थे। इधर 21 जुलाई 2025 को सुबह मेरे पिता के द्वारा दूरभाष पर सारी सूचना बतायी गयी और तबीयत खराब होने की भी सूचना बतायी गयी। शिकायतकर्ता राकेश सिंह ने बतलाया कि रांची में अपने बच्चों के साथ रहता हूं पिता की सूचना के बाद में लातेहार आया तो बतलाया कि ऐसी घटना आबकारी विभाग के द्वारा किया गया है घर में रखे सामान और जमीनी दस्तावेज के साथ-साथ आभूषण और नगद रुपये भी गायब थे। सारी घटना के बाद में लातेहार थाना में आवेदन दिया तो वहां थाना प्रभारी के द्वारा मामला दर्ज नहीं किया गया। उसके बाद मेरे द्वारा पुलिस अधीक्षक लातेहार को भी एक आवेदन दिया परंतु अभी तक कोई कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के द्वारा नहीं किया गया तब मुझे बढ़े होकर माननीय न्यायालय लातेहार में मामला दर्ज करना पड़ा। इधर न्यायालय मामला दर्ज करते हुए दफा 115 (2), 126(2), 333, 310(2) 198, 199, 356 के साथ मामला दर्ज कर दिया है। वही आबकारी विभाग के पुलिस निरीक्षक सोनू कुमार साहू, चालक अनूप कुमार को भी समन भेजा है। इस संबंध में आबकारी विभाग के निरीक्षक सोनू कुमार साहू से दूरभाष पर इस संबंध में पूछे जाने पर उनके द्वारा बताया गया कि लगातार सूचना अवैध कार्य को लेकर मिल रही थी मेरे द्वारा छापेमारी की गयी है।

## शहीद हवलदार अब्दुल हमीद नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू के टाटी हामिद नगर स्थित संत विनोबा भावे स्टेडियम में बिंदास क्लब टाटी के तत्वावधान में बुधवार को पांच दिवसीय चौथा शहीद हवलदार वीर अब्दुल हमीद नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ सीओ संतोष उरांव ने फीता काटकर एवं फुटबॉल को किक मार कर किया। टूर्नामेंट के पहले दिन दो रोमांचक मुकाबले खेले गये। जिसमे पहला मैच न्यू स्टार क्लब लोहंजरा और एसएसबी टेंडर रांची के बीच खेला गया जिसमें मैदानी मुकाबले में लोहंजरा की टीम ने रांची को 1–0 से हराया। वहीं दूसरे मुकाबले में आर्यन क्लब लोहरदगा और चिता एलेवन खलारी के बीच कड़ा संघर्ष हुआ, जिसमें पेनाल्टी शूट आउट में चिता इलेवन ने 1–0 से जीत दर्ज की। मौके पर कुडू मुखिया शुष्मा देवी, मुखिया राजमुनी देवी, अध्यक्ष फारूक अहमद, सबरेज आलम, हाजी साबिर अहमद,कंवर लाल खान, सचिव आफताब आलम, साजिद खान उर्फ धंनु, आरिफ खान, मोहम्मद हमजा, आसिफ खान, मुमताज अहमद सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

## सेन्हा में बाल विवाह के रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड कार्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार में उपायुक्त के निर्देशानुसार सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा व जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी मार्गदर्शन में में मिशन वात्सल्य के तत्वावधान में बाल विवाह रोकथाम हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। आयोजित कार्यशाला में प्रशासनिक अधिकारी, पंचायत जन प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, धर्मगुरु और स्थानीय नागरिक शामिल थे। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने सम्बोधित करते हुए कहा कि बाल विवाह हमारे समाज की एक गंभीर समस्या है। जो न केवल बच्चों के अधिकारों का हनन करता है। बल्कि उनके भविष्य को भी अंधकारमय बना देता है। साथ ही उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश के लगभग हर जिले में बाल विवाह के मामले सामने आते रहते हैं। जिसे रोकने के लिए सभी स्तरों पर ठोस कदम उठाना आवश्यक है। कम उम्र में विवाह होने से बालिकाओं पर गहरा प्रभाव पड़ता है। जिसे शारीरिक, भावनात्मक, स्वास्थ्य संबंधी एवं मानसिक परेशानियां बढ़ती है। वही जिला संरक्षण पदाधिकारी अनुरंजन कुमार द्वारा बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही बताया कि कानूनन तौर पर बाल विवाह को अपराध की श्रेणी में रखा गया है। जिसका उल्लंघन पर दंड का प्रावधान है। उन्होंने यह भी कहा कि कानून की जानकारी होना और उसका पालन करना हम सभी को आवश्यक है। कार्यक्रम में वर्गों को शामिल किया गया। मौके पर तहसीन तरन्नुम, स्नेहलता तिग्गा, अमित तिवारी, जितेंद्र कुमार के अलावे पंचायत जनप्रतिनिधि, प्रखंडकर्मी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का समापन



**कुडू/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** नेशनल आयुष मिशन के तहत प्रखण्ड मुख्यालय परिसर कुडू में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का समापन हुआ। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से परामर्श प्राप्त किया। चिकित्सक डॉ अब्दुल्लाह शैफ आलम, डॉ रंजीत कुमार ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक दवाएं नि:शुल्क उपलब्ध करायी। शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर टेस्ट, बीपी, त्वचा रोग, जोड़ों का दर्द, पेट संबंधी रोग समेत अन्य बीमारियों की जांच की गयी। डॉ अब्दुल्लाह शैफ आलम ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों से ग्रामीणों को किफायती व आसान चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होती है। मौके पर योग प्रशिक्षक रंजन गोप, स्टोर कीपर विकास कुमार सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## जपला आरपीएफ ने 28 लोगों को किया गिरफ्तार

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** सोननगर-गढ़वा रोड रेल खंड के जपला रेलवे स्टेशन पर रेल मजिस्ट्रेट के निर्देश पर आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीना के नेतृत्व में महिला एवं दिव्यांग कोच और स्टेशन परिसर में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान महिला-दिव्यांग कोच एवं स्टेशन परिसर में अनाधिकृत रूप से घूमते 28 लोगों को गिरफ्तार किया गया। आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीणा ने बताया कि यात्री सुरक्षा को लेकर आरपीएफ पुलिस सजग है। अनाधिकृत रूप से यात्रा करने वाले और स्टेशन परिसर में अनाधिकृत रूप से घूमने एवं प्लेटफार्म परिसर में रील बनाने के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में डेहरी-बरवाडीह शटल पैसेंजर एवं विभिन्न ट्रेनों की महिला-दिव्यांग कोच से 24 और स्टेशन परिसर-जनरल कोच में अनाधिकृत रूप से समान बेचते चार वेंडर को गिरफ्तार कर डाल्टनगंज न्यायिक दंडाधिकारी को अग्रसारित किया गया है। उन्होंने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## देवघर में जिला खेलो झारखंड का आयोजन



**देवघर (आजाद सिपाही)।** केएन स्टेडियम में बुधवार को जिला खेलो झारखंड के तहत जिला स्तरीय खेल कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर शिक्षा पदाधिकारी विनोद कुमार ने कहा कि देवघर जिले में विभिन्न ब्लॉकों से विद्यालय और ब्लॉक लेवल के कंपटीशन जीतकर प्रतिभागी आए हैं। जिला स्तरीय खेल कार्यक्रम में 9 या 10 खेलों का आयोजन किया गया है, जिसमें विभिन्न ब्लॉक से चैंपियन आये हैं। सभी प्रतिभागी जिला स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद प्रमंडल स्तर पर प्रतिष्पर्धा होगी। वहीं, शिक्षा पदाधिकारी विनोद कुमार ने कहा कि वे खेल भावना को दिखाते हुए अपने जिले का प्रतिनिधित्व प्रमंडल स्तर और राज्य स्तर पर करेंगे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## नप सभागार में गृह ऋण मेला का आयोजन



**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद सभागार में बुधवार को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी घटक-3 के तहत लाभुकों को बैंको से गृह ऋण उपलब्ध कराने के लिए मधुपुर नगर प्रसाशक सुरेंद्र किस्कू की अध्यक्षता में गृह ऋण मेला का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न बैंको के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में लाभुक शामिल हुए। ऋण मेले में लभूकों ने लोन परिक्रिया को जाना एवं बैंको के प्रतिनिधियों से संवाद भी की गई। इस असर पर पंजाब नेशनल बैंक एवं केनरा बैंक के अधिकारियों द्वारा दो लभूकों को मौके पर ही गृह ऋण के लिए सैंक्शन लेटर प्रदान किया गया। इसमें पीएनबी की ओर से निखत परवीन एवं कैनरा बैंक की तरफ से रिंकी देवी को लेटर दिया गया। इस दौरान प्रशासक सुरेंद्र किस्कू ने सभी बैंक के अधिकारियों को गृह ऋण स्वीकृति के लिए लक्ष्य निर्धारित करते हुए एक माह के अंदर ऋण स्वीकृति करने का निर्देश दिया। इस मौके पर पीएम आवास के नोडल पदाधिकारी राजेंद्र कुमार, नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, कार्यालय कर्मी भूपेन्द्र भगत, मिथुन रवानी, संजय कुमार, सदानंद रावत, मो नवाज शाहिद और मनीष राउत मौजूद रहे।

## पीआर पर्सन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**देवघर (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में बुधवार को विभिन्न विभागों से नामित पीआर पर्सन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल भारती और हिंदी दैनिक अखबार के वरिष्ठ पत्रकार कमल किशोर ने पीआर पर्सन को आवश्यक जानकारी दी। इसका उद्देश्य पीआर पर्सन को प्रेस रिलीज बनाने के तरीके को सिखाना था, ताकि वे विभागीय कार्यों की जानकारी आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचा सकें। वहीं, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने बताया कि मीडिया समाज का दर्पण है और विभागीय प्रेस रिलीज बिंब है, जो सरकार की योजनाओं, नीतियों और कार्यक्रमों से जनता को अवगत कराने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। वहीं, प्रशिक्षक कमल किशोर ने पीआर पर्सन को रिलीज की महत्ता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बताया कि प्रेस विज्ञप्ति सरल भाषा में होनी चाहिए, ताकि आमजन आसानी से समझ पाए। कहा कि अच्छी विज्ञप्ति के लिए भाषा, वाक्य विन्यास और छोटे वाक्यों का प्रयोग महत्वपूर्ण है।

## शहीद नीरज चौधरी का पार्थिव शरीर आज पहुंचेगा देवघर के कजरा गांव



**देवघर (आजाद सिपाही)।** सियाचिन में देश की रक्षा के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए जवान नीरज चौधरी के कजरा गांव स्थित घर में मातम छाया हुआ है। मां, पिता, दादा और चाचा सहित गांव के लोगों का रो रोकर बुरा हाल है। बतातें चलें कि नीरज चौधरी 2022 में अग्निवीर के तहत सेना में भर्ती हुए थे और देश की सुरक्षा के लिए सियाचिन में मौजूद थे। नीरज के चाचा संतोष चौधरी ने बताया कि नीरज बचपन से ही देश की सेवा के लिए जाना चाहते थे। उससे काफी लगाव रहा है। बचपन से ही उनको पाला और बड़ा किया। आज इस समय काफी दुख हो रहा है, लेकिन गर्व की बात है कि देश की रक्षा के लिए वह शहीद हुए हैं।

## देवघर के युवाओं ने शहीद नीरज चौधरी को दी श्रद्धांजलि

**देवघर (आजाद सिपाही)।** जिले के मधुपुर अनुमंडल के रहने वाले कजरा गांव निवासी अग्निवीर नीरज चौधरी के शहीद होने की खबर सुनकर देवघर के युवाओं ने उन्हें श्रद्धांजलि देने का फैसला किया। सोमवार को जैसे ही युवाओं को पता चला कि नीरज चौधरी शहीद हो गए हैं, वे तुरंत एकत्र हो गए और कैंडल मार्च निकालकर उन्हें श्रद्धांजलि दिया। युवाओं का कैंडल मार्च बाबा साहब भीमराव अंबेडकर चौक से शुरू हुआ, जो विभिन्न रास्तों से होकर गुजरा। युवाओं ने शहीद नीरज चौधरी के बलिदान को कभी न भुलाने का संकल्प लिया और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## इंजन में तकनीकी खराबी, दो घंटे खड़ी रही ट्रेन

**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** आसनसोल रेल मंडल अंतर्गत मधुपुर-गिरिडीह रेलखंड के सुग्गा पहाड़ी फाटक के पास 14049 गोड्डा-दिल्ली एक्प्रेस ट्रेन तकनीकी खराबी के चलते दो घंटे तक खड़ी रही। बताया जा रहा कि मधुपुर से खुलने के बाद ट्रेन जब सुग्गा पहाड़ी हाल्ट पहुंची तो इंजन में तकनीकी खराबी आ गयी। जिस कारण उसे सुग्गा पहाड़ी फाटक के पास रोक दिया गया। कंट्रोल रूम सहित अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई। इससे रेलवे विभाग में अफरा-तफरी मची रही। दो घंटे तक ट्रेन खड़ी रहने से यात्रियों को परेशानी हुई।

### लूट की मंशा से एकत्र असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस ने की छापामारी

# चार अपराधी गिरफ्तार, हथियार लैपटॉप और वॉकीटॉकी बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना अंतर्गत हाई स्कूल के पीछे असामाजिक तत्वों के एकत्र होने और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की पलामू पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। रंजन उरांव उर्फ मुन्ना (19),मंजीत कुमार (22), विकेश कुमार उर्फ विकाश (19) और छोटू कुमार उर्फ सागर राज (22) के रूप में हुई है। सभी पलामू जिले के छतरपुर छाना क्षेत्र के भिखही, अरर और छतरपुर गांव के रहने वाले हैं। उनके पास से हथियार और कारतूस के अलावा वॉली टॉकी भी बरामद किया गया है।



पकड़े गये अपराधियों की जानकारी देते पुलिस के आला अधिकारी।

उक्त कार्रवाई पलामू एसपी की ओर से दिये गये निर्देश के आलोक में छतरपुर एसडीपीओ के निर्देशन में गठित टीम ने छतरपुर थाना प्रभारी के नेतृत्व में की गयी। गया। वहीं, पकड़े गये आरोपितों की निशानदेही पर वर्ष 2024 में छतरपुर थाना अंतर्गत सरायडीह मोड़ स्थित सीएसपी बैंक से लूटे लैपटॉप एवं इसी वर्ष अगस्त में छतरपुर थाना अंतर्गत सड़मा सीएसपी बैंक से लूटे मोबाइल फोन बी बरामद किया गया। इसके इलावा इसी वर्ष अगस्त में छतरपुर थाना अंतर्गत सडमा सीएसपी बैंक में लूट में इस्तेमाल की गयी वाहन को भी बरामद कर लिया गया है। जबकि पूर्व में सड़मा सीएसपी बैंक में लूटपाट के दौरान एक देशी कट्टा को बरामद किया गया था। पुलिस की मानें तो पकड़े गये छोटू कुमार उर्फ सागर राज का पूर्व में आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ डालटनगंज के शहर थाना, छत्तरपुर और खूंटी के खलारी थाना में विभिन्न धाराओं के तहत आपराधिक मामले दर्ज हैं। उनके पास से एक देशी कट्टा, एक रिवालवर, दो जिंदा कारतूस और लैपटॉप सहित पांच मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है। वहीं, छापामारी दल में छतरपुर थाना के पुअनि सह थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, पुअनि सुशिल उरांव, सअनि राजीव कुमार, सअनि परमानंद पाल, सअनि रेवा शंकर राणा आदि शामिल थे।

## भाजपा नेताओं ने की अर्जुन मुंडा से मुलाकात



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** पूर्व प्रमुख सह भाजपा नेता संतोष चौबे एवं सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय ने रांची प्रवास के दौरान राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की। दोनों नेताओं ने अर्जुन मुंडा को क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। इसके अलावा संगठनात्मक मुद्दों पर भी चर्चा हुई। इस दौरान अर्जुन मुंडा ने दोनों नेताओं से उनका कुशल क्षेम जाना और पलामू के वर्तमान राजनीतिक हालात की जानकारी ली। मौके पर भाजपा नेता विकास चौबे मिंटू भी मौजूद थे।

## डीसी से मिलकर धुरिया नदी पर पुल निर्माण की गुहार

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत घासीदाग पंचायत के राजखांड के ग्रामीणों ने बुधवार को डीसी के जनता दरबार में मिलकर सैकड़ों हस्ताक्षर युक्त एक आवेदन सौंपा। जिसमें गांव तक सड़क निर्माण एवं धुरिया नदी पर पुल निर्माण कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें डीसी ने सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया है। बतातें चलें कि ग्रामीणों ने आवेदन में उल्लेख किया है कि बारिश के दिनों में नदी में पानी भर जाने से गांव से लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है। वहीं, स्कूली बच्चे भी नदी पार न कर पाने की वजह से स्कूल नहीं जा पाते है। इसके लिए गांव के लोगों ने जनप्रतिनिधियों से भी कई बार गुहार लगायी है।

## जनता दरबार लगाकर डीसी ने सुनी लोगों की समस्याएं, कई का मौके पर ही निष्पादन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी समीरा एस की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में जनता दरबार आयोजित हुआ। जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये लोगों ने अपनी समस्याओं से डीसी को अवगत कराया। उनकी बातों को सुनने के बाद डीसी ने मौके पर ही संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवेदनों की प्रति अग्रसारित करते हुए त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई 15 दिनों के भीतर सुनिश्चित करने को कहा। जनता दरबार में सतबरवा के पोलपोल से आयी मनमती देवी ने बताया कि उनके पति की मृत्यु 22 जुलाई 2023 को हो चुकी है। उनके पति के बीमा का पैसा एसबीआई के कृषि विकास शाखा, सतबरवा में कटता था, लेकिन पति के निधन होने के बाद कई बार बीमा के पैसे की निकासी के लिये बैंक को आवेदन दिया। बावजूद इसके अभी तक बीमा का पैसा नहीं दिया गया है। उन्होंने डीसी से पैसा दिलाने का अनुरोध किया। इस पर डीसी ने उक्त




आवेदन को व्हाट्सएप के माध्यम से एलडीएम को फारवर्ड करते हुए उचित कार्रवाई करने की बात कही। इस तरह पांकी से आयी फातमा खातून ने कहा कि विगत सात सालों से अपने भूमि के सीमांकन कराने के लिए दौड़ लगा रही है। कई बार सीमांकन के लि एआवेदन किया, लेकिन उनके विपक्षी द्वारा अमीन को सीमांकन करने से रोक दिया जाता है। जिस कारण सात सालों से जमीन का सीमांकन नहीं हो पाया है। इसी क्रम में उंटारी रोड से आये रुद्र प्रताप सिंह ने मुरमकलां पंचायत में मनरेगा योजनाओं में भारी अनिमितताओं बरते जाने एवं अवैध राशि की निकासी किये जाने को लेकर शिकायत की। इसी तरह हैदरनगर के इंदु देवी ने बताया कि उनका कच्चा मकान बारिश के कारण गिर गया है। पिछले ंच सालों में कई बार आवास के लिए आवेदन किया। पर आज तक आवास का लाभ नहीं किया गया है। उन्होंने डीसी से आवास का लाभ प्रदान किये जाने का अनुरोध किया। बतातें चलें कि डीसी समीरा एस के जनता दरबार में इस दिन बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे थे। फरियादियों ने राजस्व संबंधी, जमीन विवाद, सार्वजनिक रास्ता रोकने, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, पेंशन, शिक्षा, ट्रांसफर एवं अन्य समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। डीसी ने प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया।

## बिजली के नये खंभों में पुराने जर्जर तारों का हो रहा इस्तेमाल, खतरे की आशंका से लोगों में आक्रोश

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** शहर के एनएच 139 किनारे बिजली विभाग की ओर से नये पोल में पुराने जर्जर तारों को जोड़ा जा रहा है, जिससे चिंतिस स्थानिय लोगों में आक्रोश है। शहर के कई दुकानदारों और प्रबुद्ध नागरिकों ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि पुराने तारों को नये ऊंचे पोल में लगाने से खतरे की संभावना और बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले भी बिजली प्रवाह के दौरान तार सड़क पर गिर जाती थी। जिससे लोगों की जान पर बन आती थी। अब वही जर्जर तार जब ऊंचे पोलों से जुड़े रहेंगे तो उनके गिरने की स्थिति में यह सीधे आसपास



के मकानों की छतों से टकरा सकते हैं, जिससे जान-माल की नुकसान की आशंका और भी बढ़ जाएगी। लोगों ने चेताते हुए कहा कि यदि इन तारों के गिरने से कोई दुर्घटना होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी बिजली विभाग की होगी। क्योंकि विभाग के कर्मियों द्वारा आश्वस्त किया गया था कि इन तारों से कोई खतरा नहीं होगा। उधर, इस मामले में बिजली उपभोक्ता संघ के कई सदस्यों ने भी चिंता व्यक्त की है। बताया कि विभागीय अधिकारियों से इस मुद्दे पर बात हुई है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही इस क्षेत्र के लिए नया एस्टीमेट पास कराया जाएगा। एस्टीमेट की स्वीकृति के बाद मेंन रोड के किनारे नए तारों को लगाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। स्थानीय नागरिकों ने विभाग से मांग की है कि जब तक नए तार नहीं लगाए जाते, तब तक पुराने और खतरनाक तारों को हटाकर वैकल्पिक व्यवस्था की जाए, ताकि कोई दुर्घटना न हो।

## मैट्रिक में प्रथम स्थान प्राप्त लाने वाले 143 बच्चे सम्मानित

**देवघर (आजाद सिपाही)।** महेशमारा स्थित पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय में प्रबंधन की ओर से बुधवार को करियर काउंसलिंग सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथ के रूप में डॉ सुनील खवाड़े उपस्थित रहे। इस दौरान छात्राओं ने तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। जबकि वरिष्ठ शिक्षिका रागिनी झा ने पौधा देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में डॉ सुनील खवाड़े ने स्कूल प्रबंधन की




मांग स्कूल भवन ऊंचा करने एवं खेल मैदान बनवाने की दिशा में जल्द पहल का आश्वासन दिया। बताया कि छात्राओं के खेल के लिए राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी प्रशिक्षण देंगी, ताकि यहां से भी बच्चे-बच्चियों को जिला, राष्ट्रीय स्तर पर खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर मिलेगा। वहीं, डॉ सुनील खवाड़े ने स्कूल को उच्च विद्यालय का दर्जा दिलाने वाले गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे की भी तारीफ की। कहा कि छात्राओं की शिक्षा को ध्यान में रखते हुए उनके प्रयास से तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने महज 15 दिनों के अंदर उच्च विद्यालय का दर्जा दिलाने का काम किया। वहीं अतिथि अन्य विद्यालयों से पहुंचे शिक्षक डॉ विजय शंकर, कैलाश झा और अवधेश सिंह को भी पौधा देकर स्कूल के प्रधानाध्यापक विजय शंकर ठाकुर ने सम्मानित किया।

## जांच में मिली खामी, संत फ्रांसिस स्कूल की चार बसों पर लगा 44 हजार रुपये का जुर्माना

**देवघर (आजाद सिपाही)।** जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में बुधवार को विद्यालयों में संचालित बसों की जांच की गयी। इस दौरान संत फ्रांसीस स्कूल में संचालित चार बसों की जांच के दौरान उसमें बिना परमिट, फिटनेस, बिना इंश्योरेंस, प्रदूषण, ड्राइविंग लाइसेंस, टैक्स, जालीदार खिड़की, साइड लाइट प्रॉब्लम, बस में फर्स्ट ऐड किट, प्रेशर हॉर्न आदि ममालों में त्रुटि पाया गया। इस पर चारों वाहनों पर कुल 44 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया एवं राशि जमा करायी गयी। इसके अलावा परिवहन पदाधिकारी शैलेश कुमार ने जिले के सभी विद्यालय संचालकों एवं




वाहनों के स्वामियों को निर्देस दिया कि वाहन संबंधी जो भी कागजात अपूर्ण हैं, उन कागजातों को समय पर पूर्ण करा लें। मोटर वाहन अधिनियम, सड़क सुरक्षा एवं सीबीएसई गाइडलाईन का अनुपालन करते हुए वाहन का परिचालन करेंगे। बताया कि आने वाले समय में लगातार जांच अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान मोटर वाहन अधिनियम का अनुपालन में कमी पाए जाने वाले दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर प्रशिक्षु मोटर यान निरीक्षक अमित कुमार झा, प्रथम रजवाड़, सुभाष तिग्गा एवं सड़क सुरक्षा प्रबंधक शिव कुमार राय उपस्थित थे।

## सरकार की विकास योजनाओं को समय पर पूरा करें : प्रखंड प्रमुख

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय में बुधवार को बीडीसी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी और संचालन बीडीओ सुनील कुमार वर्मा ने किया। इसमें सीओ पंकज कुमार भी मौजूद रहें। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र में चल रहे विकास योजनाओं की जानकारी लेते हुए चर्चा की गयी। सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता ने जनहित से जुड़े कई मुद्दों पर सदन का ध्यान आकृष्ट कराया। वहीं, उतरी जिला परिषद सदस्य राजू मेहता ने किसानों को यूरिया खाद मिलने में हो रही परेशानी से अवगत




कराया। जबकि पसस अजित सिंह ने देवरी हार्वे उच्च विद्यालय को अपग्रेड कर प्लस टू का दर्जा दिलाने एवं शहर के ओवरब्रिज पर हमेशा चार पहिया वाहन द्वारा पार्किंग कर सड़क को अवरुद्ध करने का मामला उठाया। जिस पर थाना को संज्ञान लेने का निर्देश दिया गया। प्रखंड प्रमुख ने कहा कि मनरेगा, अबुआ आवास, जनवितरण, पशुपालन, शिक्षा एवं चिकित्सा सहित सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं से आम लोगों को लाभावित करना हम सबका उद्देश्य है। वहीं, बीडीओ ने बीडीसी सदस्यों द्वारा उठाये गए मामलों को संबंधित विभाग की ओर से कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस मौके पर उप प्रमुख इंदु देवी, सांसद प्रतिनिधि रंजीत पासवान, मुखिया सरिता कुमारी, पंसस बद्री नारायण सिंह, प्रदीप कुमार पासवान, राजहंस यादव, पूर्व मुखिया सुदेश्वर राम, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की शिक्षिका वंदना पांडेय, शारदा भारती, मनरेगा बीपीओ चंद्रशेखर दुबे और प्रखंड कोऑर्डिनेटर राजू रंजन आदि उपस्थित थे।

## अभिनेत्री डेजी शाह और अंजलि अरोड़ा के साथ पलामू की बहनें खेलेंगी डांडिया

### वित्त मंत्री करेंगें कार्यक्रम का उद्घाटन, अरुणा शंकर होगी मुख्य अतिथि

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू चेंबर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की महिला शाखा की ओर से दुर्गा पूजा के अवसर पर 'डांडिया नाइट 2025' की तैयारियों को लेकर चेंबर की महिला शाखा की अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन किया। जिसमें अध्यक्षा प्रियंका सिंघानिया ने बताया कि इस वर्ष भी दुर्गा पूजा पर 27 एवं 28 सितंबर को डांडिया नाइट का आयोजन होने जा रहा है ।जिसमें 27 सितंबर को हमारी बहनें मशहूर यू-यूटबर अंजलि अरोड़ा और 28 को बॉलीवुड अभिनेत्री डेजी शाह के साथ डांडिया खेलेंगी। वहीं, सचिव शिखा अग्रवाल ने बताया कि हमारी बहनों को इस बार मुंबई और कोलकाता की मशहूर डीजे प्लेयर श्रेया की धुन पर डांडिया खेलनें को तैयार हैं। जबकि चेंबर की एग्जीक्यूटिव सदस्य टीना आनंद एवं संध्या जायसवाल ने तैयारी की विस्तृत जानकारी दी।




बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन सूबे के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर करेंगे जिसकी स्वीकृति उन्होंने दे दी है। सदस्यों ने बताया कि पलामू सांसद वीडी राम अभी दिल्ली में हैं। उनके लौटते ही उन्हें भी उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम गांधी उद्यान प्रांगण में होगा, जिसे अभूतपूर्व तरीका से सजाया जा रहा है। कार्यक्रम में कोलकाता की मशहूर एंकर अंशिका और शहर की मशहूर एंकर शालिनी श्रीवास्तव मंच का संचालन करेंगीं। वहीं, अध्यक्ष प्रियंका सिंघानिया ने बताया इस कार्यक्रम को पलामू चेंबर के सभी सदस्यों का सहयोग मिल रहा है। शहर के कई स्पॉन्सर अपना सहयोग दे रहे हैं। साथी ही मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर भी इसमें पूरा सहयोग कर रही हैं। वह कार्यक्रम की मुख्य अतिथि होंगी। कहा कि प्रवेश पत्र सीमित है। प्रवेश पत्र मिलने का स्थान बाजार नवदीप वस्त्रालय, आनंद मोटर्स नवाटोली, गांधी उद्यान टिकट काउंटर, होटल निरवाना एवं होटल शिवाय ब्लू परिसर में स्थित रेशम बाई संध्या में उपलब्ध रहने तक मिलेगा। इस मौरे पर उपाध्यक्ष कोमल शराफ, रंजीता केडिया, ट्रेजर पूजा भिवानिया, प्रोजेक्ट हेड शिवानी आनंद, इवेंट हेड आरती आनंद, एग्जीक्यूटिव संध्या जायसवाल, क्रिएटिव हेड प्रीति राज, एग्जीक्यूटिव अंजू वर्मा, गुंजन अग्रवाल और अलका सिंघानिया आदि उपस्थित थी।

## राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में छात्रों ने 18 स्वर्ण, 13 रजत और 7 कांस्य पदक जीते



**बसिया (आजाद सिपाही)।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालययों के चतुर्थ राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता-2025 में भाग लेने हेतु एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के 53 खिलाड़ी छात्रों का दल दो संरक्षक शिक्षकों के साथ 7 सितंबर को भोगनाडीह, साहेबगंज के लिए रवाना हुए थे। यह खेलकूद प्रतियोगिता भोगनाडीह, साहेबगंज में 8 से 10 सितंबर तक आयोजित था। इस खेलकूद प्रतियोगिता में एथलेटिक्स की विभिन्न विधाओं यथा 100मी, 200मी, 400मी, 1500मी, लंबी कूद, उंची कूद, गोला फेंक, चक्का फेंक, भाला फेंक के अतिरिक्त वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, कैरम, शतरंज तथा योग जैसे व्यक्तिगत, समूह तथा इनडोर खेलों को शामिल किया गया है। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया के छात्रों ने विगत तीन दिनों में 18 स्वर्ण, 13 रजत और 7कांस्य पदक प्राप्त किया है। राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी छात्र नवंबर में राउरकेला, ओड़िसा में होने वाले एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के चतुर्थ राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता 2025 में भाग लेंगे।

## सेवा पखवाड़ा के लिए भाजपा का कार्यशाला संपन्न



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला भाजपा के जिलाध्यक्ष बिनय कुमार लाल की अध्यक्षता मे बुधवार दिन के 2 बजे एक महत्वपूर्ण कार्यशाला सम्पन हुई। कार्यशाला मे आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गयी जिसमें मुख्य रूप से रक्तदान शिविर, मोदी जी की जीवनी पर आधारित प्रदर्शनी, स्वास्थ्य शिविर, सांसद खेल खुद प्रतियोगिता ,स्वच्छता अभियान ,पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती, वृक्षारोपण और गांधी-शास्त्री जयंती आदि शामिल हैं। इन सभी कार्यक्रमों के लिए संयोजक और सह-संयोजक की नियुक्ति की गयी है जो अपने देख रेख मे सभी कार्यक्रम को सफलता पूर्वक सम्पन कराएंगे। इसके अलावा एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम गुरुवार को सभी मंडलों मे होना है। मंडल स्तर पर उग्र प्रदर्शन आदिवासी नेता सूर्या हांसदा के फर्जी एनकाउंटर के विरोध मे करना है। कार्यशाला मे जिला कोषाध्यक्ष निर्मल गोयल, जिला महामंत्री यशवंत सिंह, दामोदर कसेरा, विजय सिंह, भाजयुमो जिलाध्यक्ष संदीप प्रसाद, भैरो सिंह खेरवार, जगेश्वर सिंह, गौरी किंडो, खुशमन नायक, हरिहर साहू, लक्ष्मी याद , जगत ठाकुर, बड़ाएक नवीन सिंह, प्रकाश सिंह, संतोष देवघरिया, नरेश सिंह, कौशलेंद्र जमुवार, करमपाल सिंह, दिनेश चौधरी, अशोक प्रसाद, शंकर शाही ,पुष्पा देवी, गुड्डी नंदा, लक्ष्मीकांत बड़ाइक, अमर पांडे, मनीष बाड़ा, किशुन बड़ाईक सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्तिथ थे।

## गुमला चैंबर ने त्योहारों पर शहर में सफाई और रौशनी व्यवस्था की मांग की



**गुमला (आजाद सिपाही)।** 10 सितंबर दिन बुधवार को गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल गुमला चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह की अध्यक्षता में गुमला नगर परिषद के नये प्रशासक सह कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार से मुलाकात किया। सर्वप्रथम उन्हें पुष्प गुच्छ देकर गुमला में उनका स्वागत किया गया। इसके बाद उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल ने उपस्थित पदाधिकारियों का परिचय कराया। फिर गुमला नगर परिषद और गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स के समन्वय से गुमला नगर के समस्याओं पर काम करने के बारे में बताया गया। चैंबर अध्यक्ष राजेश सिंह ने नगर परिषद से संबंधित अनेक समस्याओं पर चर्चा करते हुए कुछ मांगे भी रखी, जैसे कि आने वाले महीने में त्योहारों का मौसम है इसलिए नगर की साफ सफाई और रोशनी की व्यवस्था समय पर दुरुस्त कर दिया जाये नगर में पार्किंग के लिए स्थान चिन्हित कर इसे सुचारु बनाने की कोशिश की जाये जलापूर्ति की व्यवस्था ठीक की जाए इत्यादि। नये प्रशासक की तरफ से हर समस्याओं का निदान का आश्वासन दिया गया और एक दूसरे के सहयोग से सभी समस्याओं का समाधान करने पर सहमति बनी। मौके पर चैंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, सचिव बबलू वर्मा, पीआरओ प्रणय साहू, कार्यकारिणी के बृज फोगला आदि उपस्थित थे।

## रमेश कुमार ह्यूमन राइटस एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष बने



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला जिला के लोकप्रिय सामाजिक कार्यकर्ता रमेश कुमार को इंटरनेशनल ह्यूमन राइटस एसोसिएशन गुमला जिला के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। उक्त बातें कि जानकारी इंटरनेशनल हियूमन राईटस एसोसिएशन झारखंड स्टेट के जेनरल सेक्रेट्री तपन कुमार घोष ने दिया। उन्होंने गुमला जिला के विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं से मिलने के क्रम में कहा कि संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों की रक्षा हेतु इंटरनेशनल ह्यूमन राइटस एसोसिएशन बिना किसी भेदभाव के निस्वार्थ भाव से काम करती है। गुमला जिला में जिला अध्यक्ष रमेश कुमार के नेतृत्व में इसके लिए हियूमन राइट्स एसोसिएशन को मजबूत ढंग से विस्तार किया जायेगा। इनके जिला अध्यक्ष बनने पर बिरेंद्र एकका, राम जी कुमार मुंडा, राजा कुमार, जितेंद्र पांडे, डॉ सुदामणी, बिरसा लोहार, एस एस राजेश, प्रभाकर मिश्रा, गणेश लोहार, डॉ पीके विश्वास, मदीराय नाग, संजय नाग मुंडा, उमेश सिंह, सुलभ सिंह, राजेश सिंह, डॉ अनुप कुमार, अंथोनि मार्शलन हंश, एडवोकेट कविता देवी आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए रमेश कुमार को बधाई दिये।

## वज्रपात की चपेट में आने से दो की मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला थाना क्षेत्र के चुहरू गांव में बुधवार की अपराह्न 4 बजे अचानक बारिश के साथ हुए वज्रपात की चपेट मे आकर चुहरू गांव निवासी 55 वषीय सूना उरांव और 7 वषीय संगम उरांव की मौत हो गयी। जबकि मृतक सुना उरांव की नतनी 5 वषीय अक्षीता कुमारी घायल हो गयी। मिली जानकारी के अनसार मृतक सुना उरांव अपनी नतनी अक्षिता को लेने कीता स्थित शाति निकेतन स्कूल गए थे। साथ मे गाव का एक छात्र संगम उराव को साथ लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान बरांग जाने वाले पुल के पास अचानक वज्रपात हो गया। जिसकी चपेट मे आकर सूना उरांव व संगम उरांव की मौत हो गयी। जबकि अक्षीता कमारी घायल हो गयी। स्थानीय राहगीर ने तत्काल घर वालों की घटना की सूचना दी जिसके बाद तीनों को गांव ले जायेगा। वहीं सुना और संगम को ग्रामीणों ने गोबर के गड्ढे में डाल दिया एंबुलेंस आने के बाद तीनों को सदर अस्पताल लाया गया। जहा जांच के बाद डॉक्टर ने सुना उराव और संगम उरांव को मृत घोषित कर दिया।

### सिसई और भरनो में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

# कार्यकर्ताओं की पसंद का ही होगा पार्टी का जिलाध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के संगठन सृजन अभियान के तहत बुधवार को गुमला जिले के सिसई और भरनो प्रखंड में बैठक आयोजित किये गये। बैठक में प्रखंड और पंचायत स्तर के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने संगठन की मजबूती और नेतृत्व चयन की प्रक्रिया पर अपनी राय रखी। यह अभियान कांग्रेस की उस ऐतिहासिक पहल का हिस्सा है। जिसमें जिलाध्यक्ष का चयन अब आम कार्यकर्ताओं की राय से होगा। न कि नेताओं की सिफारिश से। कार्यक्रम में एआईसीसी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक एवं राजस्थान के पूर्व मंत्री सह पूर्व सांसद डॉ रघु शर्मा, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, झारखंड आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान, प्रदेश महासचिव अजयनाथ शाहदेव और जिला कांग्रेस अध्यक्ष चैतू उरांव मुख्य रूप से मौजूद रहे।

मौके पर डॉ रघु शर्मा ने भाजपा और आरएसएस पर सीधा हमला बोला। कहा कि भाजपा चुनाव जीतने के लिए जनता की सेवा नहीं करती, बल्कि वोट चोरी करती है। चुनाव आयोग पर दबाव डालकर, प्रशासन का दुरुपयोग करके और पैसे की ताकत से जनता के मत को छीना जा रहा है। यह लोकतंत्र की हत्या है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को उत्साहित करते हुए कहा कि कांग्रेस वोट की चोरी को बर्दाश्त नहीं करेगी। यदि भाजपा जनता का हक छीनने की कोशिश करेगी, तो कांग्रेस का हर सिपाही गांव-गांव में संघर्ष करेगा। यह सिर्फ संगठन का चुनाव नहीं है, बल्कि लोकतंत्र और संविधान बचाने की लड़ाई है।

# अपर समाहर्ता ने पीडीएस दुकान और आंगनबाड़ी केंद्र का किया औचक निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** अपर समाहर्ता शशिंद्र कुमार बड़ाइक ने शुक्रवार को चैनपुर मुख्यालय स्थित राजकीय कृत बालक मध्य विद्यालय, जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकान एवं आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों और संचालकों को कई जरूरी दिशा-निर्देश दिए। सबसे पहले अपर समाहर्ता राजकीय कृत बालक मध्य विद्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने छात्र-छात्राओं से संवाद किया और विद्यालय प्रबंधन से पढ़ाई की व्यवस्था को लेकर जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय संचालन में और सुधार लाने का निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने समीप स्थित जन वितरण प्रणाली दुकान का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने सभी जरूरी दस्तावेजों की जांच की, गोदाम में संग्रहित खाद्यान्न का निरीक्षण किया तथा संचालक से विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने यह भी पूछा कि इस माह कितने लाभुकों को राशन वितरण किया जा चुका है, कितनों को बाकी है और कितनों का ई-केवाईसी पूर्ण हो चुका है।निरीक्षण क्रम में अपर समाहर्ता शशिंद्र कुमार बड़ाइक आंगनबाड़ी केंद्र भी पहुंचे। वहां उन्होंने पोषण सामग्री वितरण, बच्चों की उपस्थिति, रिकॉर्ड रजिस्टर सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली और केंद्र संचालिकाओं को पारदर्शिता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) यादव बैठा भी उपस्थित रहे और निरीक्षण कार्यों में सहयोग किया। औचक निरीक्षण के दौरान अधिकारियों की सक्रियता से विद्यालय, पीडीएस दुकान और आंगनबाड़ी केंद्रों में हलचल देखी गई। अपर समाहर्ता ने स्पष्ट कहा कि योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पात्र लाभुकों तक पहुंचे, इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

# पेंशन के लिए वृद्धा को बहंगी में ढोकर ले गये परिजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** रायडीह प्रखंड के सुरसांग थाना क्षेत्र अंतर्गत रमजा बेंदुआ कोना गांव में मुख्य पथ से गांव तक पहुंच पथ नहीं होने के कारण ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को गांव की 70 वर्षीय रूचि देवी को वृद्धा पेंशन की राशि प्राप्त करने हेतु अंगूठा लगाने के लिए उनके पुत्र राजेंद्र सिंह एवं बहू सुमित्रा देवी बहंगी में ढोकर हिरदह धाम मुख्य पथ तक ले गये। बाद उन्हें ऑटो रिक्शा से मांझा टोली बैंक तक लाया गया। फिर वापस बहंगी में घर ले गये। बुधवार की सुबह 9 बजे समाजसेवी अशोक सिंह ने बताया बेंदवा कोना गांव विकास के नाम से कोसो दूर है इस गांव में आज तक बिजली पानी सड़क और ना ही मूलभूत सुविधा पहुंच पायी। आज भी ग्रामीण दाढ़ी एवं चुंआ का पानी पीने को मजबूर हैं। बिजली नहीं पहुंचने के कारण ग्रामीणों को अंधेरे में रहना पड़ता है। बीमार मरीज गर्भवती महिला को 2 किलोमीटर मुख्य पथ तक बहंगी में ढोकर लाना और ले जाना पड़ता है। गांव की स्थिति से प्रखंड विकास पदाधिकारी रायडीह, गुमला उपायुक्त स्थानीय विधायक और सांसद विभागीय पदाधिकारी को अवगत कराया गया है। लेकिन किसी के कान में जूं तक नहीं रेंगी। एक ओर सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के दावे करती है लेकिन धरातल पर स्थिति कुछ और ही है।

## अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत

**पालकोट (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को पालकोट थाना क्षेत्र में हुई अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गयी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मंगलवार को मर्दा नदी में एक शव होने की सूचना पालकोट थाना को हुई पालकोट थाना प्रभारी तरुण कुमार, एसआइ प्रमोद कुमार घटना स्थल पहुंच कर शव को आस पास के लोगो के सहयोग से नदी से बाहर निकाला गया। शव में एक भी कपड़ा नही था जिस कारण शव की पहचान नही हो पा रही थी। इधर दूसरी घटना पालकोट थाना क्षेत्र के पेटसेरा के डुमर टोली गाव की है। जहां सिवानी तिर्की उम्र 55 वर्ष मंगलवार को लगभग 4 बजे खाना खाने के बाद झूठे बर्तन को साफ करने के लिए बगल के तालाब गयी थी और तलाब में डूब गयी जिससे उसकी मौत हो गया। जानकारी मिलने पर मृतक के पुत्र अनिल तिर्की गांव वालों की सहयोग से शव को बाहर निकाला और पालकोट थाना को सूचना दिया।

# कोंडरा पंचायत के कई गांवों आज तक नहीं पहुंची बिजली

**कुसिया झरन, लोहराडेरा, मुंडाटोली, तेतर टोली, डोंगयारी और लोंगेयपानी गांव आज भी बिजली जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** रायडीह प्रखंड का कोंडरा पंचायत सुदूरवर्ती और दुर्गम क्षेत्र माना जाता है। यहां के कुसिया झरन, लोहराडेरा, मुंडाटोली, तेतर टोली, डोंगयारी और लोंगेयपानी गांव आज भी बिजली जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित हैं। प्रखंड मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर बसा यह गांव चारों ओर से जंगल और पहाड़ों से घिरा हैं। यहां मुख्य रूप से आदिवासी खड़िया, बिंझिया, नगेशिया, मुंडा और अन्य समुदाय के लोग निवास करते हैं। बिजली नहीं रहने के कारण ग्रामीणों का जीवन आज भी ढिबरी और मोमबत्ती पर टिका हुआ है। गृहणियां शाम ढलने से पहले ही घर का खाना बना लेती हैं और अंधेरा घिरते ही सब सोने को मजबूर हो जाते हैं। बच्चों की पढ़ाई सबसे ज्यादा प्रभावित होती है क्योंकि अंधेरे में वे रात को पढ़ाई नहीं कर पाते। ग्रामीणों के मुताबिक, अंधेरे में बाहर निकलना बेहद खतरनाक होता है। हर समय जहरीले सांप-बिच्छु और जंगली जानवरों का डर बना रहता है। जंगल से सटे होने के कारण ग्रामीणों की सुरक्षा भी बड़ी चुनौती बनी हुई है। ग्रामीणों ने कई बार पंचायत, प्रखंड और जिला स्तर पर बिजली बहाल करने की मांग की, लेकिन अब तक किसी ने ध्यान नहीं दिया। सरकार जहां गांव-गांव तक बिजली पहुंचाने का दावा करती है, वहीं हकीकत यह है कि ये गांव अब भी विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली न होने से न तो बच्चों की पढ़ाई ठीक से हो पाती है और न ही जीवन स्तर में कोई सुधार हो रहा है। मंगलवार की अपराह्न 3:00 बजे काफी संख्या में ग्रामीण दोबारा उपायुक्त को आवेदन देने पहुंचे। कुसिया झरन स्कूल में पंखा तो है लेकिन बिजली नहीं है।

## प्रपत्र VII
## समाहर्त्ता या समुचित सरकार
## उपायुक्त का कार्यालय, चतरा (भू-अर्जन शाखा)

**अधिघोषणा**

**(अधिनियम-30/2013 की धारा-19(1) के अधीन)**

**ज्ञापांकः- 2146/भू0अ0** **दिनांकः- 08.09.2025**

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता, चतरा को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा **परियोजना- Widening & Strengthening to 2 lane of Duwari to Role Road (MDR-99) निर्माण** हेतु ग्राम- **चौथा**, थाना नं0-50 थाना-**पत्थलगड्डा**, अंचल-**पत्थलगड्डा**, जिला-**चतरा** में कुल रकबा **1.0438 एकड़** यानि **0.42242 हेक्टेयर** भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू-खंड है, जो मानक माप से **1.0438 एकड़** यानि **0.42242 हेक्टेयर** है और जो ग्राम-**चौथा**, थाना नं0-50 थाना-**पत्थलगड्डा**, अंचल-**पत्थलगड्डा**, जिला-**चतरा** में है, जिसका विवरण निम्नलिखित हैः-

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 01 | 429 | बकास्त | टांड III | 0.0784 | सरयु सिह पिता- कुलदीप सिंह | दिनेश्वर दांगी | पक्का सड़क | पक्का सड़क | नीज |
| 02 | 01 | 429 | बकास्त | टांड III | 0.0290 | दिनेश्वर दांगी वगै0 पिता- लुकन महतो | दिनेश्वर दांगी | पक्का सड़क | विनय सिंह | पी0सी0सी0 रास्ता |
| 03 | 01 | 429 | बकास्त | टांड III | 0.0750 | विनय कुमार सिंह पिता- जय करण सिंह | अदित्या राणा | पक्का सड़क | विनय सिंह | सरयु यादव |
| 04 | 01 | 429 | बकास्त | टांड III | 0.0476 | शिव कुमार सिंह पिता- जय करण सिंह | प्रेमचंद दांगी | पक्का सड़क | रसवा देवी | विनय कुमार सिंह |
| 05 | 01 | 429 | बकास्त | टांड III | 0.0340 | शिव कुमार सिंह पिता- जय करण सिंह | शिव कुमार सिंह | पक्का सड़क | - | - |
| 06 | 01 | 429 | बकास्त | टांड III | 0.0270 | सरयु यादव वगै0 पिता- हीरा यादव | शिव कुमार सिंह वगै0 | पक्का सड़क | दिनेश्वर दांगी | पी0सी0सी0 रास्ता |
| 07 | 21 | 452 | बकास्त | - | 0.0250 | रामनारायण सिंह पिता- केदार सिंह | - | कच्चा रास्ता | रामदेव प्रजापति | पक्का सड़क |
| 08 | 21 | 452 | बकास्त | - | 0.0550 | शिवपुजन सिंह पिता - नागदेव सिंह | रसवा देवी | रामे वर यादव | रसवा देवी | पक्का सड़क |
| 09 | 21 | 452 | बकास्त | - | 0.0180 | देवेन्द्र सिंह पिता- केदार सिंह | पक्का सड़क | रमन सिंह | पक्का सड़क | कृष्ण दांगी |
| 10 | 21 | 452 | बकास्त | - | 0.0200 | कृष्ण दांगी पिता- रामलाल महतो | पक्का सड़क | रामनारायण सिंह | नीज | नीज |
| 11 | 21 | 452 | बकास्त | - | 0.0135 | रसवा देवी पति- फागु महतो | नीज | रामे वर यादव | अमृत महतो | शिव पुजन सिंह |
| 12 | 01 | 453 | बकास्त | धान खेत II | 0.0760 | सरयु सिंह पिता- कुलदीप सिंह | रसवा देवी | पक्का सड़क | रामेश्वर यादव | पक्का सड़क |
| 13 | 01 | 453 | बकास्त | धान खेत II | 0.0110 | रामे वर यादव पिता- विराज यादव | रसवा देवी | पक्का सड़क | रामेश्वर यादव | पक्का सड़क |
| 14 | 01 | 453 | बकास्त | धान खेत II | 0.0012 | कृष्णा दांगी पिता- समलाल महतो | रामनारायण सिंह | नीज | नीज | नीज |
| 15 | . | 454 | - | - | 0.0240 | अमृत यादव पिता- ............ | नीज | पक्का सड़क | रसवा देवी | रामेश्वर यादव |
| 16 | 21 | 455 | बकास्त | टांड II | 0.0170 | रसवा देवी पति- फागु महतो | अमृत महतो | पक्का सड़क | देवेन्द्र सिंह | अमृत महतो |
| 17 | 21 | 455 | बकास्त | टांड II | 0.0125 | देवेन्द्र सिंह पिता- केदार सिंह | नीज | पक्का सड़क | उदेश्वर यादव | रसवा देवी |
| 18 | 46 | 457 | बकास्त | टांड II | 0.0125 | देवेन्द्र सिंह पिता- केदार सिंह | नीज | पक्का सड़क | उदेश्वर यादव | रसवा देवी |
| 19 | . | 458 | - | - | 0.0088 | उदे वर यादव पिता' लीलो महतो | नीज मकान | पक्का सड़क | कुंदन दांगी | उदेश्वर यादव |
| 20 | 13 | 463 | रैयती | टांड II | 0.0035 | अमृत महतो पिता- बंधन महतो | नीज मकान | पक्का सड़क | कुंदन दांगी | उदेश्वर यादव |
| 21 | 15 | 465 | रैयती | टांड II | 0.0805 | कुंदन दांगी पिता- अमृत महतो | नीज मकान | पक्का सड़क | कुंदन दांगी | उदेश्वर यादव |
| 22 | 15 | 465 | रैयती | टांड II | 0.0005 | संदीप कुमार दांगी पिता- बिनदेश्वर दांगी | नीज मकान | पक्का सड़क | कुंदन दांगी | उदेश्वर यादव |
| 23 | 15 | 465 | रैयती | टांड II | 0.0005 | किशोर दांगी पिता- धनेश्वर महतो | नीज मकान | पक्का सड़क | कुंदन दांगी | उदेश्वर यादव |
| 24 | 15 | 466 | रैयती | धान खेत II | 0.0009 | कुंदन दांगी पिता- अमृत महतो | नीज मकान | पक्का सड़क | संदीप कुमार | किशोर दांगी |
| 25 | 15 | 466 | रैयती | धान खेत II | 0.0070 | संदीप कुमार दांगी पिता- बिन्देश्वर दांगी | नीज मकान | पक्का सड़क | बिजली यादव | किशोर दांगी |
| 26 | . | 467 | - | - | 0.0078 | बिजली यादव पिता- गणेश यादव | नीज मकान | पक्का सड़क | संदीप कुमार | किशोर दांगी |
| 27 | . | 467 | - | - | 0.0050 | बैजु यादव पिता- आतो यादव | नीज मकान | पक्का सड़क | रामेश्वर यादव | बिजली यादव |
| 28 | . | 739 | - | - | 0.0050 | बढ़न दांगी पिता- छ्टु महतो | पक्का सड़क | प्रबिल दांगी | सुरेश दांगी | कच्चा रास्ता |
| 29 | . | 739 | - | - | 0.0052 | सुरेश दांगी पिता- भोला महतो | पक्का सड़क | प्रबिल दांगी | सुरेश दांगी | कच्चा रास्ता |
| 30 | . | 739 | - | - | 0.0100 | रामसेवक दांगी पिता- कहटु महतो | पक्का सड़क | नीज मकान | देवेन्द्र सिंह | दीपनरण दांगी |
| 31 | . | 731 | - | - | 0.0100 | रामसेवक दांगी पिता- कहटु महतो | पक्का सड़क | नीज मकान | देवेन्द्र सिंह | दीपनरण दांगी |
| 32 | . | 468 | - | - | 0.0068 | रामेश्वर यादव पिता- विराज यादव | नीज मकान | पक्का सड़क | नरेश यादव | बैजु यादव |
| 33 | . | 468 | - | - | 0.0049 | नरेश यादव पिता- हीरा यादव | नीज मकान | पक्का सड़क | लालो यादव | रामेश्वर यादव |
| 34 | 01 | 469 | बकास्त | धान खेत II | 0.0060 | लालो यादव पिता- बिराज यादव | नीज मकान | पक्का सड़क | विनय सिंह | नरेश यादव |
| 35 | 03 | 823 | रैयती | धान खेत II | 0.0046 | पुरन महतो वगै0 पिता- रूपलाल महतो | पक्का सड़क | नीज मकान | मंदिर | लखन दांगी |
| 36 | 03 | 823 | रैयती | - | 0.0024 | लखन दांगी वगै0 पिता- पुनीत महतो | पक्का सड़क | नीज | पुरन दांगी | शिवपुजन दांगी |
| 37 | 03 | 823 | रैयती | - | 0.0198 | शिवपुजन दांगी पिता- छकौड़ी महतो | पक्का सड़क | नीज मकान | लखन दांगी | स्कूल बाउन्ड्री |
| 38 | 21 | 594 | बकास्त | धान खेत III | 0.0360 | देवेन्द्र सिंह पिता- केदार सिंह | पक्का सड़क | नीज मकान | शिवपुजन दांगी | रामसेवक दांगी |
| 39 | 21 | 594 | रैयती | धान खेत III | 0.0188 | शिवपुजन सिंह पिता- नागदेव सिंह | पक्का सड़क | नीज मकान | सरयु सिंह | देवेन्द्र सिंह |
| 40 | 01 | 470 | बकास्त | धान खेत II | 0.0128 | विनय सिंह पिता- जयकरण सिंह | पक्का सड़क | नीज मकान | शिव कुमार सिंह | लालो यादव |
| 41 | 01 | 470 | रैयती | धान खेत II | 0.0219 | शिवकुमार सिंह पिता- जश्करण सिंह | नीज | पक्का सड़क | सरयु सिंह | विनय सिंह |
| 42 | 01 | 592 | बकास्त | धान खेत III | 0.0056 | सुखदेव दांगी पिता- शिवनत महतो | पक्का सड़क | सरयु दांगी | कौले वर दांगी | सरयु सिंह |
| 43 | 01 | 592 | बकास्त | धान खेत III | 0.0020 | कौले वर दांगी पिता- शिवलाल महतो | पक्का सड़क | सरयु दांगी | संतन दांगी | सुखदेव दांगी |
| 44 | 01 | 592 | बकास्त | धान खेत III | 0.0012 | संतन दांगी पिता- नन्दकिशोर दांगी | पक्का सड़क | सरयु सिंह | सरयु सिंह | कौले वर दांगी |
| 45 | 01 | 592 | बकास्त | धान खेत III | 0.0030 | सरयु सिंह पिता- कुलदीप सिंह | पक्का सड़क | नीज | विनय सिंह | संतन दांगी |
| 46 | 01 | 592 | बकास्त | धान खेत III | 0.0082 | विनय सिंह पिता- जयकरण सिंह | पक्का सड़क | नीज | शिव कुमार सिंह | सरयु सिंह |
| 47 | 01 | 592 | बकास्त | धान खेत III | 0.0115 | शिवकुमार सिंह पिता- जस्करण सिंह | पक्का सड़क | नीज | सरयु सिंह | बिनय सिंह |
| 48 | 01 | 592 | बकास्त | धान खेत III | 0.0038 | सरयु सिंह पिता- कुलदीप सिंह | पक्का सड़क | नीज | जागे वर दांगी | शिव कुमार सिंह |
| 49 | 33 | 472 | रैयती | धान खेत III | 0.0017 | कृश्णा दांगी पिता- भीख महतो | सरयु सिंह | पक्का सड़क | राजु दांगी | ईश्वर दांगी |
| 50 | 01 | 475 | बकास्त | धान खेत II | 0.0041 | राजु दांगी पिता- बुधन महतो | नीज | पक्का सड़क | जगदेव दांगी | कृश्णा दांगी |
| 51 | 01 | 475 | बकास्त | धान खेत II | 0.0040 | जगदेव दांगी पिता- खीरोधर महतो | नीज | पक्का सड़क | पक्का सड़क | राजु दांगी |
| 52 | 33 | 472 | रैयती | धान खेत III | 0.0095 | ईश्वर दांगी पिता- जयराम महतो | सरयु सिंह | पक्का सड़क | कृश्णा दांगी | शिव कुमार सिंह |
| 53 | 01 | 475 | बकास्त | धान खेत II | 0.0154 | बिनय सिंह पिता जयकरण सिंह | नीज | पक्का सड़क | शिव कुमार सिंह | जगदेव दांगी |
| 54 | 01 | 475 | बकास्त | धान खेत II | 0.0166 | शिव कुमार सिंह पिता- जय करण सिंह | नीज | पक्का सड़क | पी0सी0सी0 रास्ता | बिनय सिंह |
| 55 | 33 | 590 | रैयती | धान खेत II | 0.0036 | जागेश्वर दांगी पिता- छकौड़ी महतो | पक्का सड़क | नीज मकान | भुनेश्वर महतो | सरयु सिंह |
| 56 | 33 | 590 | रैयती | धान खेत II | 0.0096 | भुनेश्वर दांगी पिता- जोधी महतो | पक्का सड़क | जागेश्वर दांगी | पेमा महतो | जागेश्वर दांगी |
| 57 | 01 | 562 | बकास्त | धान खेत II | 0.0170 | दिने वर दांगी वगै0 पिता- लुकन महतो वो असिसह कुमार दांगी पिता- शिवलाल महतो | पक्का सड़क | नीज मकान | सिमाना बेलहर | विनय सिंह |
| 58 | 01 | 562 | बकास्त | धान खेत II | 0.0100 | विनय सिंह पिता- जशकरण सिंह | पक्का सड़क | नीज | शिव कुमार सिंह | कच्चा रास्ता |
| 59 | 01 | 562 | बकास्त | धान खेत II | 0.0100 | शिव कुमार सिंह पिता- जय करण सिंह | पक्का सड़क | नीज | अमृत महतो | विनय सिंह |
| 60 | 21 | 560 | बकास्त | धान खेत II | 0.0420 | शिव पुजन सिंह पिता- जगदेव सिंह | प्रमोद सोनी | पक्का सड़क | सिमाना बेलहर | पी0सी0सी0 रास्ता |
| 61 | 01 | 480 | बकास्त | टांड I | 0.0048 | शिव पुजन सिंह पिता- जगदेव सिंह | प्रमोद सोनी | पक्का सड़क | सिमाना बेलहर | पी0सी0सी0 रास्ता |
| 62 | 01 | 480 | बकास्त | टांड I | 0.0048 | शिव पुजन सिंह पिता- जगदेव सिंह | पक्का सड़क | नीज | अमृत महतो | विनय सिंह |
| | | | बकास्त | कुल | 1.0438 | | | | | |

**संरचना का विवरणी**

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | संरचना | संरचना का स्वरूप | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 63 | 21 | 452 | बकास्त | मकान | - | शिव पुजन सिंह पिता- नागदेव सिंह | रसवा देवी | रामे वर यादव | श्रसवा देवी | पक्का सड़क |
| 64 | 13 | 463 | रैयती | मकान | - | अमृत महतो पिता- बंधन महतो | नीज मकान | पक्का सड़क | कुंदन दांगी | डदेश्वर यादव |
| 65 | 15 | 466 | रैयती | बाउण्ड्री | - | कुंदन दांगी पिता- अमृत महतो | नीज मकान | पक्का सड़क | संदीप कुमार | किशोर दांगी |
| 66 | 15 | 466 | रैयती | बाउण्ड्री | - | संदीप कुमार दांगी पिता- बिन्देश्वर दांगी | नीज मकान | पक्का सड़क | बिजली यादव | किशोर दांगी |

**वृक्ष की विवरणी**

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | वृक्ष | वृक्ष का स्वरूप | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 67 | 01 | 429 | बकास्त | सिमर | - | शिव कुमार सिंह पिता- जय करण सिह | प्रेमचंद दांगी | पक्का सड़क | रसवा दांगी | बिनय कुमार सिंह |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0-30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है:-

ग्राम XXX. थाना XXX थाना सं0 XXX अंचल XXX जिला XXX क्षेत्रफल XXX एकड़ XXX यानि XXX हे0

जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, चतरा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये हैं :- X

निर्धारित अवधि 60 (साठ) दिनों तक प्राप्त दावा आपत्ति का निष्पादन किया जा चुका है।

उपायुक्त, चतरा।

PR.NO.361514 Land Reforms(25-26):D

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 11 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


**संदेश : धनबाद भाजपा कार्यालय में जिला कार्यशाला का आयोजन**

# समाज में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बने 'सेवा पखवाड़ा' अभियान : प्रदीप वर्मा

- कहा- यह कार्यक्रम धनबाद सहित पूरे झारखंड में समावेशी और सतत विकास की दिशा में साबित होगा मिल का पत्थर
- विभिन्न मुद्दों को लेकर 11 को धनबाद-बाघमारा में भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन

## भाजपा सेवा को ही संगठन का आधार मानती है : राज सिन्हा



भाजपा के जिला कार्यशाला में शामिल राज्यसभा सांसद, विधायक एवं अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद ।** जिला भाजपा कार्यालय में बुधवार को 'जिला कार्यशाला' का आयोजन हुआ। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 सितंबर को मनाये जाने वाले जन्म दिवस से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं गुदड़ी के लाल श्रद्धेय लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्मदिन दो अक्टूबर तक आहूत सेवा पखवाड़ा को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा धनबाद महानगर अध्यक्ष श्रवण राय राय ने की। उक्त जिला कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित राज्यसभा सांसद सह झारखंड प्रदेश के महामंत्री प्रदीप वर्मा ने कहा कि, प्रधानमंत्री का जन्मदिन रक्तदान, वृक्षारोपण, वृहद स्वच्छता अभियान, चिकित्सा परीक्षण शिविर, सांसद खेल महोत्सव सहित अन्य सेवा कार्यों के माध्यम से मनाया जायेगा। कहा कि 'सेवा पखवाड़ा' अभियान समाज में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बने, यही भाजपा की सामूहिक संकल्पना है। यह गतिविधियां न केवल शहरी ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देंगे, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को भी गति प्रदान करेगी। यह कार्यक्रम धनबाद सहित पूरे झारखंड में समावेशी और सतत विकास की दिशा में मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित सभी मंडल अध्यक्ष, सेवा पखवाड़ा के निमित्त संयोजक, सहसंयोजक, जिला के पदाधिकारी एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि सभी मंडलों एवं बूथ क्षेत्र में कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से किया जाए। उन्होंने सेवा पखवाड़ा को उत्सव के रूप में मनाने का आह्वान किया। वहीं, धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि भाजपा केवल राजनीति तक सीमित नहीं, बल्कि सेवा को ही संगठन का आधार मानती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा सेवा ही संगठन का संदेश दिया है। कहा कि 17 सितंबर को ब्रह्मांड के शिल्पकार सृष्टि के कर्ता भगवान विश्वकर्मा की हम पूजा एवं आराधना करते हैं। उसी दिन आधुनिक भारत के निर्माता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का भी जन्मदिन हम सेवा-सुशासन के रूप में मनाएंगे। कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वह अपने-अपने क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से कार्यक्रम आयोजित करें और ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस अभियान में जोड़ें। वहीं, महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि हमें इस सेवा पखवाड़ा के माध्यम से सभी आम लोगों को स्वदेशी वस्तुओं के इस्तेमाल के लिए भी जागरूक करना है। इसके अलावा कहा कि विगत दिनों हेमंत सरकार के पुलिस द्वारा आदिवासी समाज के मसीहा सूर्या हांसदा की फर्जी एनकाउंटर के नाम पर हत्या, रिम्स-2 बनाने के नाम पर गरीब आदिवासी किसानों की जबरन जमीन छीनने के विरोध एवं आदिवासी समाज को समर्थन देने को लेकर पूरे कायलांचल में 11 सितंबर को धनबाद एवं बाघमारा में भाजपा धनबाद महानगर की ओर से कार्यकर्ता आक्रोश प्रदर्शन करेंगें। कार्यशाला का संचालन जिला महामन्त्री मानस प्रसून और धन्यवाद ज्ञापन महेश पासवान ने किया।

## अवैध कोयला लदे दो ट्रक जब्त, चालक गिरफ्तार

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** खनन विभाग की ओर से बुधवार को विभिन्न स्थानों पर सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान जरीडीह थाना अंतर्गत जैनामोड़ चौक के समीप पथ पर अवैध रूप से कोयला खनिज का उत्खनन कर प्रेषण करते हुए दो ट्रक पकड़े गए। जिला खनन पदाधिकारी (डीएमओ) रवि कुमार सिंह ने बताया कि दोनों ट्रकों को विधिवत जब्त कर जरीडीह थाना को सौंपते हुए थाना में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है। लगे हाथ दोनों ट्रक चालकों को भी गिरफ्तार कर थाना को सौंप दिया गया है। अभियान में खान निरीक्षक सीताराम टुडू, खान निरीक्षक अजय कुमार महतो एवं पुलिस बल मौजूद थे।

## शारदा सिंह ने लगवाया नया ट्रांसफॉर्मर



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के राजा नगर, गोविंदपुर में पिछले 10 दिनों से ट्रांसफॉर्मर जल जाने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही थी। न सिर्फ घरेलू कार्य बाधित हो रहे थे, बल्कि बच्चों की पढ़ाई और रोजमर्रा की ज़िंदगी भी प्रभावित हो रही थी। ग्रामीणों ने इस समस्या की जानकारी जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह को दी। उन्होंने मामले की गंभीरता को समझते हुए तुरंत विभाग को आवश्यक निर्देश दिये। जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए नया ट्रांसफॉर्मर लगाया गया और उसका उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने शारदा सिंह की सक्रियता और जनसेवा भाव की प्रशंसा करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र की समस्याओं का समाधान हमेशा इसी तरह तेजी से होता रहेगा।

## हैवी ब्लास्टिंग से घरों में दरार पर डीजीएमएस ने लिया संज्ञान, जांच करने पहुंचे अधिकारी



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** निरसा के गोपीनाथपुर स्थित इसीएल मुगमा एरिया की विगत दिनों जीसीपीएल ओसीपी प्रबंधन द्वारा किये गये हैवी ब्लास्टिंग के कारण आसपास के घरों में दरारें पड़ गई थी। इससे आक्रोषित ग्रामीणो ने जीसीपीएल प्रबंधन कार्यालय पहुंचकर काफी बबाल किया था। उक्त मामले पर संज्ञान लेते हुए बुधवार को डीजीएमएस की टीम ने निरसा के इसीएल मुगमा एरिया अंतर्गत जीसीपीएल ओसीपी पहुंचकर निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को फटकार भी लगायी। हालांकि इस दौरान अधिकारी मीडिया से बचते हुए नजर आये।

## सांख्यिकीय विश्लेषण पर दो दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम का समापन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** 'सिस्टेट और सिग्माप्लोट सॉफ्टवेयर का उपयोग करके सांख्यिकीय विश्लेषण' विषय पर दो दिवसीय व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। उक्त कार्यक्रम विशेष रूप से सीएसआइआर-सिंफर के आंतरिक प्रतिभागियों के लिए आयोजित हुआ था, जिसका उद्देश्य व्यापक तकनीकी सत्रों और व्यावहारिक प्रस्तुतियों के माध्यम से उनके सांख्यिकीय विश्लेषण कौशल को बढ़ाना था। कार्यक्रम का उद्घाटन पहले दिन सीएसआइआर-सिंफर के निदेशक प्रो अरविंद कुमार मिश्रा ने किया। इस दौरान उन्होंने प्रतिभागियों का स्वागत किया और आधिकारिक रूप से प्रशिक्षण सत्रों की शुरूआत की। उनके मार्गदर्शन और प्रोत्साहन के तहत प्रशिक्षण सुचारू रूप से आगे बढ़ा, जिसमें प्रतिभागियों को उन्नत डेटा विश्लेषण उपकरण और विधियों से सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। वहीं, कार्यक्रम का संचालन मुख्य वैज्ञानिक और समन्वयक (एचआरडी, कौशल और जिज्ञासा) अमरनाथ, मुख्य वैज्ञानिक दिलीप कुम्भाकर के अलावा जेके सिंह और गुगुलोथ सुरेश, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी और कौशल नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में कुल 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें प्रधान वैज्ञानिक, तकनीकी अधिकारी, तकनीकी सहायक, शोध छात्र, परियोजना कर्मचारी और प्रशिक्षु शामिल थे। इन दो दिनों में प्रतिभागियों ने सिस्टेट और सिग्माप्लोट सॉफ्टवेयर का उपयोग करके डेटा हैंडलिंग, परिणामों की व्याख्या और अपने पेशेवर कार्यों में लागू करने योग्य सार्थक निष्कर्ष निकालने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण पूरा करने और सक्रिय भागीदारी के लिए प्रमाण पत्र वितरित करके किया गया।

# धनबाद के निरसा में चाल धंसी, दो मरे

## एक घायल, कई लोगों के दबे होने की आशंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद में अवैध कोयला खदान के धंसने से दो लोगों की मौत हो गयी और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। हादसे के बाद बचाव दल ने राहत कार्य तेज कर दिया है, लेकिन स्थानीय लोग प्रशासन की लापरवाही पर सवाल उठा रहे हैं। वे अवैध खदानों पर नियंत्रण न रखने और सुरक्षा इंतजामों की कमी को हादसे की मुख्य वजह बता रहे हैं। घटनास्थल पर प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी के बीच बचाव कार्य जारी है। यह हादसा निरसा थाना क्षेत्र के चापापुर ओसीपी में हुआ है। अवैध कोयला उत्खनन के दौरान खदान अचानक धंस गयी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को परिजनों ने तुरंत शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल, धनबाद पहुंचाया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि अभी भी कम से कम पांच लोग मलबे के नीचे दबे हुए हैं। घटना के तुरंत बाद गुस्साए ग्रामीण और परिजन मौके पर इकट्ठा हो गये और खुद ही राहत-बचाव कार्य में जुट गये। बताया जा रहा है कि यह हादसा सुबह के वक्त हुआ, जब दर्जनों लोग अवैध तरीके से कोयला निकालने के लिए खदान में उतरे थे। अचानक मिट्टी खिसकने से कई लोग खदान के अंदर फंस गये। हादसे में घायल व्यक्ति को जब एसएनएमएमसीएच लाया गया, तो परिजन और ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गयी। अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। डॉक्टरों ने बताया कि घायल की हालत नाजुक है और उसका इलाज जारी है।

# अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे: डीसी

- जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ डीसी ने की समीक्षा बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह ।** समाहरणालय सभागार में बुधवार को जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समन्वय सह समीक्षा बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता डीसी रामनिवास यादव ने की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के अंतर्गत किये जा जा रहे कार्यों से संबंधित पूर्व में किये गये बैठक में दिये दिशा-निर्देशो की समीक्षा की और योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए लंबित कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया।

डीसी ने कहा कि जिला में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, पेयजल और सामाजिक सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं से कोई भी नागरिक वंचित न रहे, आवश्यक आधारभूत संरचना का निर्माण सही समय पर हो यह जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारियों से कहा कि वे जनहित को सर्वोपरि रखते हुए टीम भावना के साथ कार्य करें और अपने-अपने स्तर पर निरंतर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। कहा कि सरकारी योजनाओं का उद्देश्य तभी पूरा होगा जब अंतिम व्यक्ति तक उसका लाभ पहुंचे। इस मौके पर पश्चिमी वन प्रमंडल पदाधिकारी, डीडीसी, अपर समाहर्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, निदेशक डीआरडीए, जिला आपूर्ति पदाधिकारी आदि थे।

# खुल कर बात करने और समस्याओं को साझा करने से रोकी जा सकती है आत्महत्या की प्रवृतिः सिविल सर्जन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर बुधवार को सिविल सर्जन कार्यालय से जागरूकता रैली निकाली गई। सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उक्त रैली कैंप टू स्थित सिविल सर्जन कार्यालय से समाहरणालय परिसर होते हुए चास चेक पोस्ट तक जाकर फिर वापस सिविल सर्जन कार्यालय में आकर समाप्त हुई। इस मौके पर सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ एनपी सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रवि शंकर, डीपीसी आशीष डीन, कंचन जिला लेखा प्रबंधक, मो असलम तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम प्रमुख रूप से उपस्थित थे। अपने संबोधन में सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने कहा कि युवाओं में रोड एक्सीडेंट के बाद आत्महत्या की प्रवृति मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण है। यह भ्रम है कि आत्महत्याओं को रोका नहीं जा सकता है। जबकि वास्तविकता इसके विपरीत है। खुलकर बातें करने और समस्याओं को साझा करने से आत्महत्या की भावना को रोका जा सकता है। वहीं, सदर अस्पताल के मनोचिकित्सक डॉ प्रशांत कुमार मिश्रा ने कहा कि समय रहते आत्महत्या के लक्षण की पहचान कर इसे रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि आत्महत्या की चेतावनी संकेत जैसे वह सभी पर बोझ है, जीने का मन नहीं है या जीने का कोई कारण नहीं है, परिवार एवं दोस्त से कटाव, अपनी मनपसंद चीजों को दूसरे को दे देना, अवसाद, चिंता एवं अधिक चिड़चिड़ापन जैसे लक्षण दिखे तो वहां पर परिवार के सभी सदस्यों को अलर्ट होने की जरूरत है। सबसे पहले लक्षण को पहचाने, बच्चे की बातो को ध्यानपूर्वक सुने और अपनापन जैसा व्यवहार करें। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में बोकारो जिला में 23 लोगों को आत्महत्या रोकथाम पर परामर्शी सेवा दी जा रही है, जिसमें छह लोगों को आशातीत सुधार हुआ है, जबकि एक लोग का रेफरल किया गया है। इसीलिए इस विषय पर खुल कर बात करें और परामर्शी सेवा के लिये सदर अस्पताल के 8 नंबर ओपीडी में सम्पर्क करें या टेलीमानस नंबर 14416 पर काल करें।

# कुरमाली के स्थान पर कुड़मालि को जनगणना में शामिल करने की मांग

- चंद्र प्रकाश, विद्युत वरण, ज्योतिर्मय, ममता और डॉ लंबोदर ने उठायी मांग
- झारखंड, बंगाल और ओड़िशा के सासदों एवं पूर्व विधायक ने भारत के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, पश्चिम बंगाल के पुरुलिया के सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो, ओड़िशा की राज्यसभा सांसद ममता महंथा एवं गोमिया के पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने नई दिल्ली में भारत के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण से मिलकर भाषाओं की सूची में कुरमाली के स्थान पर संशोधित करते हुए कुड़मालि करने की मांग की और उनको इसे संबंधित ज्ञापन भी सौंपा। जनगणना आयुक्त को इस बात से अवगत कराया गया कि कुड़मालि कुड़मि समुदाय की मातृ भाषा है और झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओड़िशा में कुड़मालि भाषा बोलने वालों की संख्या बहुतायत में है। यह भाषा असम में भी बोली जाती है। जनगणना में इस भाषा का कॉलम रखने से इस भाषा का सही डाटा मिलेगा और इसका संरक्षण भी होगा। इससे संवर्धन एवं विकास भी होगा। साथ ही उनको यह भी अवगत कराया गया कि कुड़मालि भाषा का अपना व्याकरण है, जो काफी समृद्ध है। इससे सबंधित दस्तावेज भी उपलब्ध है। इस पर जनगणना आयुक्त ने सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। सांसदों और पूर्व विधायक ने यह भी कहा कि जरूरत पड़ने पर वे इससे संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए उपलब्ध रहेंगे।

## मारपीट की घटना में तीन गिरफ्तार

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** विगत आठ सितंबर की रात सिटी थाना अंतर्गत कोऑपरेटिव कॉलोनी में कथित तौर पर रंगदारी की मांग को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस में तीन लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। बतातें चलें कि प्राइवेट गार्ड की नौकरी करने वाले देवानंद कुमार की लिखित शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया। उनके नाम रत्नेश सिंह, कुणाल रंजन एवं राजन कुमार शर्मा है। एसपी हरविंदर सिंह ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए कहा है कि पुलिस घटना की जांच कर आगे की कार्रवाई करेगी।

## फर्जी सीबीआइ अधिकारी बनकर महिला से की ठगी, चिरकुंडा का युवक गिरफ्तार



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने चिरकुंडा थाना क्षेत्र के रहने वाले सर्वर हुसैन नामक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ एक महिला से ठगी करने का आरोप है। पुलिस की मानें तो सर्वर हुसैन और उसके साथियों ने खुद को सीबीआइ अधिकारी बताकर बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के बारसात थाना क्षेत्र के एक महिला के घर में प्रवेश किया था। जब महिला घर में अकेली थी, तब उन्होंने तलाशी लेने का नाटक किया और उसके कीमती आभूषण लेकर भाग निकले। महिला की शिकायत के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से एक स्थानीय युवक को गिरफ्तार किया। उससे पूछताछ के बाद, पुलिस को सर्वर हुसैन का पता चला। जिसके बाद पश्चिम बंगाल पुलिस चिरकुंडा थाना पहुंची और सर्वर हुसैन को उसके साथी की पहचान पर कुमारधुबी स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया। कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद, पुलिस उसे अपने साथ पश्चिम बंगाल ले गई है।


**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, चतरा।**
**"वर्ष 2024–25 मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लाभुकों के लिए आम सूचना"**

वर्ष 2024–25 चतरा जिला अन्तर्गत मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत 02/05/10 दुधारू गाय के वैसे चयनित लाभुक जिनके द्वारा प्रथम चरण के लिए दुधारू गाय क्रय कर लिया है तथा द्वितीय चरण की दुधारू गाय लेने का इच्छुक है, को सूचित किया जाता है कि प्रथम चरण में क्रय किये गये दुधारू गाय के साथ लाभुक का GPS फोटोग्राफ एवं संबंधित बैंक खाता में जमा किये गये लाभुक अंशदान की राशि (योजनावार) से संबंधित कागजात विज्ञापन की तिथि से 15 दिनों के अन्दर कार्यालय में जमा करें।


लाभुक अंशदान की राशि जमा किये जाने के पश्चात् अनुदान की राशि संबंधित बैंक खाता में यथाशीघ्र DBT किया जायेगा। संबंधित लाभुक का विवरणी निम्नवत् है:–

| क्र0 | लाभुक का नाम | पिता/पति का नाम | ग्राम | प्रखण्ड | क्रं0 | लाभुक का नाम | पिता/पति का नाम | ग्राम | प्रखण्ड |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दो दुधारू गाय की योजना के लाभुक | | | | | 28 | श्रीमती सरिता देवी | श्री नारायण यादव | हुरनाली | ईटखोरी |
| 1 | श्रीमती प्रभा देवी | श्री प्रवीन साहू | कुटीरंगेनिया | सिमरिया | 29 | श्रीमती बसन्ती देवी | श्री रामसुन्दर गोप | पीरी | सिमरिया |
| 2 | श्रीमती ममता देवी | श्री विनोद दांगी | सिंघानी | पत्थलगडड्ा | 30 | श्रीमती निकी कुमारी | श्री उमेश कु0 रंजन | पगार | सिमरिया |
| 3 | श्रीमती बसन्ती कुमारी | श्री बनेश्वर दांगी | सिंघानी | पत्थलगडड्ा | 31 | श्रीमती जैबुन निशा | मो0 ताहीर | घंघरी | हंटरगंज |
| 4 | श्रीमती मालती देवी | श्री प्रभु गोप | लोवागड़ा | चतरा | 32 | श्रीमती सरस्वती देवी | श्री चितरंजन महतो | काढमदीरी | टण्डवा |
| 5 | श्रीमती सुषमा कुमारी | श्री लालदेव साव | कुटीरंगेनिया | सिमरिया | 33 | श्रीमती निराशा देवी | श्री सुदेश्वरी पाण्डे | देवरिया | चतरा |
| 6 | श्रीमती अनीता देवी | श्री राम रतन राम | लिटट्ा | ईटखोरी | 34 | श्रीमती सुमन कुमारी | श्री दीपक कु0 साव | सौपारम | टण्डवा |
| 7 | श्रीमती अख्तरी प्रवीन | श्री शोएब आलम | काशीकेवाल | हंटरगंज | 35 | श्रीमती मधुबाला देवी | श्री मनोज कु0 सिंह | पुरैनी | मयुरहण्ड |
| 8 | श्रीमती मुन देवी | श्री देवेश कु0 यादव | काशीकेवाल | हंटरगंज | 36 | श्रेम्मती जशोदा देवी | श्री रामप्रसाद यादव | कुरसेल | हंटगरंज |
| 9 | श्रीमती बजनी देवी | श्री रामचरण यादव | गुली | ईटखोरी | 37 | श्रीमती रोहनी देवी | श्री दुल्ली यादव | मंझगावा | गिद्धौर |
| 10 | श्रीमती रीना कुमारी | श्री चन्द्रदेव कु0 भोगता | गोवाखुर्द | सिमरिया | 38 | श्रीमती सीता देवी | स्व0 सुरेश यादव | लक्ष्णपुर | चतरा |
| 11 | श्रीमती सुधा देवी | श्री मधुसुदन मिश्रा | मिश्रडीह | कान्हाचटट्ी | 39 | श्रीमती जयन्ती देवी | श्री सहेन्द्र ठाकुर | बौधाडीह | कुन्दा |
| 12 | श्रीमती कान्ती देवी | श्री श्रवन कु0 यादव | काशीकेवाल | हंटरगंज | 40 | श्रीमती बसन्ती देवी | श्री गोपाल साव | लिपदा | चतरा |
| 13 | श्रीमती गीता देवी | श्री रामप्रसाद यादव | काशीकेवाल | हंटरगंज | 41 | श्रीमती पुनम कुमारी | श्री लखन भुईया | सिंघानी | पत्थलगडड्ा |
| 14 | श्रीमती साधना देवी | श्री अविनाश कु0 सिंह | बड़गावैं | ईटखोरी | 42 | श्रीमती किराणती देवी | स्व0 केलशर भुईया | बधार | प्रतापपुर |
| 15 | श्रीमती रेणु देवी | श्री उपेन्द कु0 यादव | सतघरवा | हंटरगंज | 43 | श्रीमती मुनिया कुमारी | स्व0सरजू भुईया | बारा | हंटरगंज |
| 16 | श्रीमती उना देवी | श्री रामजतन साव | सबानों | सिमरिया | 44 | श्रीमती रूधा कुमारी | श्री रामनन्दन दास | बारा | हंटरगंज |
| 17 | श्रीमती कमली देवी | श्री कृष्णा यादव | सिकीद | चतरा | 45 | श्रीमती संगीता कुमारी | श्री अमन दास | बारा | हंटरगंज |
| 18 | श्रीमती पुनम देवी | श्री अजय ठाकुर | जबड़ा | सिमरिया | 46 | श्रीमती उर्मिला देवी | श्री मदन दास | औरू | हंटरगंज |
| 19 | श्रीमती सविता देवी | श्री पोखन दांगी | सिंघानी | पत्थलगडड्ा | 47 | श्रीमती निर्मला कुमारी | श्री पंकज कुमार | जबड़ा | हंटरगंज |
| 20 | श्रीमती रिंकु कुमारी | श्री राजेश कुमार | लराही | मयुरहण्ड | 48 | श्रीमती अनीता देवी | श्री शम्भू पासवान | राजपुर | कान्हाचटट्ी |
| 21 | श्रीमती चंचला देवी | स्व0 रोहन राणा | सबानों | सिमरिया | पाँच दुधारू गाय की योजना के लाभुक | | | | |
| 22 | श्रीमती सीता देवी | श्री भीमलाल साव | सबानों | सिमरिया | 49 | श्रीमती ममता कुमारी | श्री पिंकु यादव | होसिल | हंटरगंज |
| 23 | श्रीमती रीना कुमारी | श्री मुकेश कु0 यादव | घंघरी | हंटरगंज | 50 | श्री अशोक कु0 दास | श्री त्रिलोकी रविदास | नावाडीह | ईटखोरी |
| 24 | श्रीमती कुलशुम खातुन | श्री गुलजार अंसारी | कमता | टण्डवा | 51 | श्री संजय पासवान | श्री विन्देश्वरी पासवान | काशीकेवाल | हंटरगंज |
| 25 | श्रीमती कपूर देवी | श्री अभय सिंह | बड़गावैं | ईटखोरी | 52 | श्रीमती सरीता देवी | स्व0 संतोष भुईया | कुन्दा | कुन्दा |
| 26 | श्रीमती चन्दना कुमारी | श्री उदय कुमार | टिकर | चतरा | 53 | श्री उदय राम | श्री बैजनाथ राम | बानासाड़ी | सिमरिया |
| 27 | श्रीमती लीलावती देवी | श्री कपिलदेव कु0 यादव | हुरनाली | ईटखोरी | दस दुधारू गाय की योजना के लाभुक | | | | |
| | | | | | 54 | श्रीमती चंचला देवी | स्व0 फुनत भुईया | बरियारचक | हंटरगंज |

निर्धारित तिथि तक लाभुक अंशदान की राशि की संबंधित बैंक खाता में जमा नहीं करने पर आप लोग की पात्रता समाप्त कर दी जायेगी, जिसके लिए आप स्वंय जिम्मेवार होगें।

**जिला गव्य विकास पदाधिकारी**
**चतरा।**

PR 361479 Animal Husbandry(25-26)D










# नेपाल में कर्फ्यू, सेना सड़क पर, स्थिति शांत

## उड़ानें फिर से शुरू, काठमांडू का हिल्टन होटल जल कर खाक, 27 उपद्रवी गिरफ्तार

- कार्यवाहक सरकार बनाने की कोशिश शुरू

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध और भ्रष्टाचार के खिलाफ जारी आंदोलन तीसरे दिन बुधवार को शांत होता दिख रहा है। हिंसक प्रदर्शन रोकने के लिए सेना ने मंगलवार रात 10 बजे से पूरे देश का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया है। इसके बाद भी कई इलाकों में हिंसा जारी रही, लेकिन दिन ढलने के साथ ही स्थिति शांत हो गयी।

काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ानें फिर से शुरू कर दी गयीं, हालांकि एअर इंडिया की उड़ानें अभी तक शुरू नहीं हुई हैं। प्रदर्शनकारियों ने राजधानी की सबसे ऊंची इमारत, यानी हिल्टन होटल को जला दिया। इसके अलावा सीपीएन अध्यक्ष पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' की बेटी गंगा दहल के जले हुए घर से एक शव बरामद किया गया। सेना ने 27 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है।

नेपाली सेना ने एलान किया है कि देशभर में कर्फ्यू लागू कर दिया गया है।

फिलहाल गुरुवार सुबह तक यह कर्फ्यू लागू किया गया है। सार्वजनिक सुरक्षा के लिए नेपाली सेना ने कर्फ्यू लगाने का फैसला किया है। सेना ने कहा है कि कुछ असामाजिक तत्व आंदोलन के नाम पर निजी और सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं और शारीरिक उत्पीड़न की भी शिकायतें मिली हैं। सेना ने कहा है कि कर्फ्यू को आगे बढ़ाने का फैसला हालात की समीक्षा के बाद लिया जायेगा।



### सुशीला कार्की के नेतृत्व में कार्यवाहक सरकार बनाने की कोशिश

दो दिन के हिंसक प्रदर्शन के बाद अब देश में कार्यवाहक सरकार बनाने की कोशिशें शुरू कर दी गयी हैं। केपी शर्मा ओली प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद बुधवार को हुई एक वर्चुअल बैठक में आंदोलनकारियों की तरफ से देश की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश रह चुकीं सुशीला कार्की को कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनाने का प्रस्ताव आया है। सुशीला कार्की का नाम जेन-जेड आंदोलन के सदस्यों की एक वर्चुअल बैठक में तय किया गया। बैठक में पांच हजार से ज्यादा लोग शामिल हुए। इनमें सबसे ज्यादा लोगों ने नेपाल की पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की का समर्थन किया। काठमांडू महानगरपालिका के मेयर बालेन शाह जेन-जेड पीढ़ी के बीच सबसे लोकप्रिय माने जाते हैं। लेकिन एक जेन-जेड प्रतिनिधि ने कहा कि अब वह (बालेन) हमारी बातों का जवाब नहीं दे रहे हैं। प्रतिनिधि ने कहा, जब उन्होंने फोन नहीं उठाया, तब अन्य नामों पर चर्चा शुरू हुई। सुशीला कार्की के नाम को सबसे ज्यादा समर्थन मिला। बैठक में कार्की के अलावा कार्यवाहक प्रधानमंत्री पद के लिए कुलमैन घिसिंग, सागर ढकाल और हर्क सांपांग जैसे नामों का जिक्र भी हुआ।

### उधर फ्रांस भी सुलगा, सरकार विरोधी प्रदर्शन

नेपाल के बाद अब फ्रांस में भी सरकार के विरोध में प्रदर्शन शुरू हो गये हैं। बजट में कटौती के खिलाफ और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के इस्तीफे की मांग को लेकर एक लाख से ज्यादा लोग बुधवार को सड़क पर उतर गये। गृह मंत्री ब्रूनो रेतेयो ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने रेन शहर में एक बस को आग लगा दी। दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में एक बिजली लाइन को नुकसान पहुंचने के बाद ट्रेन सेवाएं रोक दी गयीं। गृह मंत्री ने प्रदर्शनकारियों पर विद्रोह का माहौल बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। फ्रांस बंद का आह्वान वामपंथी पार्टियों ने किया है। इस प्रदर्शन को 'ब्लॉक एवरीथिंग' नाम दिया गया। सरकार ने 80 हजार पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया है। अब तक दो सौ से ज्यादा उपद्रवी गिरफ्तार किये जा चुके हैं। ये प्रदर्शन ऐसे समय हो रहे हैं, जब फ्रांस के नये प्रधानमंत्री सेबास्टियन लेकोर्नू अपना कार्यभार संभालने जा रहे हैं। एक दिन पहले फ्रांस्वा बायरू ने अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को अपना इस्तीफा सौंप दिया था।

# केंद्रीय कैबिनेट: बक्सर-भागलपुर हाइस्पीड कॉरिडोर को मंजूरी

**मोकामा-मुंगेर खंड के निर्माण को मंजूरी, 4447 करोड़ होंगे खर्च**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने बिहार में बक्सर-भागलपुर हाइ-स्पीड कॉरिडोर के 4-लेन ग्रीनफील्ड एक्सेस-नियंत्रित मोकामा-मुंगेर खंड के निर्माण को हाइब्रिड एन्युइटी मोड (एसएएम) पर मंजूरी दी है। कुल परियोजना लंबाई 82.4 किलोमीटर है और इसका परिव्यय 4,447.38 करोड़ रुपये है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह बक्सर से भागलपुर तक कॉरिडोर का एक खंड है। इसका निवेश 4,447 करोड़ रुपये होगा। यह दक्षिणी बिहार की एक महत्वपूर्ण परियोजना है। इसमें अगर हम बक्सर से पटना जाते हैं, तो पहले से ही एक अच्छा नेटवर्क है और आगे पटना से फतुहा और फतुहा से आगे बेगूसराय तक, यह परियोजना लगभग पूरी हो चुकी है, कुछ छह लेन और कुछ चार लेन की हैं। आज जिस खंड को मंजूरी दी गयी है वह मोकामा से मुंगेर तक 82 किलोमीटर और आगे मुंगेर से भागलपुर तक है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह तीनों राज्यों को जोड़ने वाली एक बहुत ही महत्वपूर्ण परियोजना भी है। अगर हम इस परियोजना को मानचित्र पर देखें, तो यह बिहार से शुरू होकर रामपुरहाट में झारखंड और पश्चिम बंगाल को जोड़ती है। अभी चलने वाली अधिकतम ट्रेन भागलपुर से मालदा टाउन और रामपुरहाट होते हुए हावड़ा जाती हैं। इस दोहरीकरण के बाद, कई ट्रेनें भागलपुर से दुमका और वहां से सीधे रामपुरहाट जा सकेंगी। कई पैसेंजर ट्रेनें, मेल एक्सप्रेस ट्रेनें इससे होकर जा सकेंगी और यह देवघर के तीर्थ स्थान को भी जोड़ती है। एक तरह से, दक्षिण बिहार को कोलकाता की ओर जिस कनेक्टिविटी की आवश्यकता है, वह इस परियोजना द्वारा प्रदान की जाती है।

**पीएम-गति शक्ति मास्टर प्लान :** सरकार के अनुसार, इन परियोजनाओं की परिकल्पना पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत की गयी है, जिसमें मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक दक्षता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। बयान में कहा गया है कि ये परियोजनाएं लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध संपर्क प्रदान करेंगी।

**441 गांवों की कनेक्टिविटी बढ़ेगी :** परियोजना का एक खंड देवघर (बाबा बैद्यनाथ धाम) और तारापीठ (शक्ति पीठ) आदि जैसे प्रमुख स्थलों के लिए रेल कनेक्टिविटी भी प्रदान करता है। सरकार ने कहा कि मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं से लगभग 441 गांवों, 28.72 लाख लोगों और बांका, गोड्डा और दुमका के 'आकांक्षी जिलों' तक कनेक्टिविटी बढ़ेगी। इसमें कहा गया है कि क्षमता वृद्धि कार्यों के परिणामस्वरूप 15 एमटीपीए (मिलियन टन प्रति वर्ष) की अतिरिक्त माल ढुलाई होगी।



### रेलवे कार्गो का मॉडर शेयर बढ़कर 29% हुआ

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आजादी के बाद रेलवे कार्गो लगातार घट रहा था। 27% के निचले स्तर पर पहुंचने के बाद अब यह बढ़ने लगा है। अब मॉडल शेयर लगभग 29% तक पहुंच गया है। प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल में स्वीकृत बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की कुल संख्या लगभग 11 लाख करोड़ रुपये की है, और एक बहुत ही महत्वपूर्ण बदलाव हो रहा है। आप क्षेत्र में देख सकते हैं कि कैसे काम तेजी से आगे बढ़ रहा है, कैसे इसके माध्यम से रोजगार पैदा हो रहा है और कैसे ये परियोजनाएं लोगों के जीवन में एक महत्वपूर्ण बदलाव ला रही हैं।

### बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाली रेलवे परियोजना

उन्होंने आगे बताया कि कैबिनेट ने बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में भागलपुर-दुमका-रामपुरहाट एकल रेलवे लाइन खंड (177 किलोमीटर) के दोहरीकरण को मंजूरी दी। इसकी कुल लागत 3,169 करोड़ रुपये है।

# कल शपथ लेंगे नये उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन

- सत्ताधारी एनडीए में भारी जीत से उत्साह का माहौल
- इंडिया ब्लॉक के 14 सदस्यों ने की क्रॉस वोटिंग

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** महाराष्ट्र के वर्तमान और झारखंड के पूर्व राज्यपाल डॉ सीपी राधाकृष्णन देश के 15वें उप राष्ट्रपति के रूप में 12 सितंबर को शपथ ले सकते हैं। मंगलवार को हुई चुनाव में एनडीए उम्मीदवार राधाकृष्णन ने इंडिया ब्लॉक के प्रत्याशी बी सुदर्शन रेड्डी को 152 वोटों के अंतर से हरा दिया था। चुनाव में 788 में से 767 (98.2%) सांसदों ने वोट डाला। राधाकृष्णन को 452 वोट और सुदर्शन रेड्डी को तीन सौ वोट मिले। 15 वोट अमान्य करार दिये गये।

**दो बार सांसद रह चुके हैं :** राधाकृष्णन अटल बिहारी वाजपेयी के दौर में दो बार कोयंबटूर से सांसद बने। वे एक बार केंद्रीय मंत्री बनने के बेहद करीब थे, लेकिन एक जैसे नाम के कारण पार्टी प्रबंधकों से चूक हुई और एक अन्य नेता पोन राधाकृष्णन को पद सौंप दिया गया था।

**क्रॉस वोटिंग भी हुई :** उप राष्ट्रपति चुनाव में कम से कम 14 विपक्षी सांसदों के एनडीए के पक्ष में क्रॉस वोटिंग की है। दरअसल एनडीए के पास 427 सांसद थे। वाइएसआर कांग्रेस के 11 सांसदों ने राधाकृष्णन को समर्थन दिया था। इन्हें जोड़कर 438 वोट ही बनते हैं, लेकिन राधाकृष्णन को 14 ज्यादा, यानी 452 वोट मिले हैं। भाजपा का दावा है कि विपक्षी दलों की तरफ से 15 सांसदों ने क्रॉस वोटिंग की है और कुछ विपक्षी सांसदों ने जानबूझ कर अमान्य वोट डाले। वोटिंग के बाद विपक्ष ने अपने सभी 315 सांसद एकजुट होने का दावा किया। हालांकि नतीजों में ऐसा नहीं दिखा।

## पीएम मोदी ने कतर के शेख से की बात, दोहा हमले पर चिंता जतायी

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोहा पर इजराइली हमलों को लेकर चिंता जाहिर की है। उन्होंने बुधवार को कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी से बात की और दोहा में हुए हमलों पर चिंता जाहिर की। पीएम मोदी ने इजरायल का नाम लिए बिना कहा कि भारत कतर के भाईचारे वाले राज्य की संप्रभुता के उल्लंघन की निंदा करता है। पीएम मोदी ने x पोस्ट में लिखा, 'कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी से बात की और दोहा में हुए हमलों पर गहरी चिंता व्यक्त की। भारत कतर के भाईचारे वाले राज्य की संप्रभुता के उल्लंघन की निंदा करता है। हम बातचीत और कूटनीति के माध्यम से मुद्दों के समाधान और तनाव को बढ़ने से रोकने का समर्थन करते हैं।


## अगले माह से पूरे देश में शुरू हो सकता है एसआइआर अभियान

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** चुनाव आयोग अक्टूबर से पूरे देश में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) अभियान शुरू कर सकता है। आयोग ने सभी राज्यों के सीइओ से कहा है कि वे 30 सितंबर तक जरूरी तैयारी पूरी कर लें। ज्यादातर राज्यों ने कहा है कि वे सितंबर के अंत तक इसके लिए तैयार हो जायेंगे। जल्द ही इसकी औपचारिक घोषणा हो सकती है। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले ही देशव्यापी एसआइआर की घोषणा हो सकती है। हालांकि तारीखें तभी तय होंगी, जब सभी राज्यों के सीइओ अपनी रिपोर्ट आयोग को सौंप देंगे। चुनाव आयोग का मानना है कि एसआइआर से मतदाता सूची अद्यतन होगी। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और चुनावी प्रक्रिया पर लोगों का भरोसा भी मजबूत होगा। बुधवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों की राज्यों के चुनाव अधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसमें देश भर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कराने की तैयारियों को लेकर चर्चा की गयी। असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले इस साल के अंत तक यह अभियान शुरू हो सकता है। इसका मुख्य मकसद जन्म स्थान की जांच कर अवैध प्रवासियों को बाहर निकालना है।

















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**